वर्ष- 13 अंक - 11
लखनऊ, मंगलवार 09 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

दीपोत्सव-2025 अयोध्या में जलेंगे 26 लाख से अधिक दीप : जयवीर सिंह 03
सम्पूर्ण समाधान दिवस में 11 शिकायतों में सात का हुआ निस्तारण 10

# हमारी सरकार में पारदर्शी तरीके से हो रही हैं भर्तियां

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 1112 कनिष्ठ सहायक व 22 एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र किए वितरित

▸ ...तो महाभारत के बहुत रिश्ते बाकी का जीवन जेल में बिताने को होंगे मजबूर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 1112 कनिष्ठ सहायक व 22 एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 2016 समेत पहले की भर्ती प्रक्रियाओं पर निशाना साधते हुए कहा कि हमें कई भर्तियों को सीबीआई को देना पड़ा था।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक व्यक्ति आठ-आठ जगह नाम लिखाकर पैसा लिए जा रहा था, जब जांच हुई तब पता चला। यह एक परिवार के वही लोग हैं, जो पैसा लेकर भर्ती करते थे और यूपी की जनता को लूटते थे। अभी भी जांच चल रही है। समय पर जांच हो जाएगी तो महाभारत के बहुत रिश्ते बाकी का जीवन जेल में बिताने को मजबूर होंगे। उनके कारनामे यूपी को विकास की बुलंदियों को छूने की बजाय गर्त की ओर धकेल रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इन लोगों ने यूपी को बीमारू बना दिया। इससे पहचान का संकट हो गया। नौजवान को नौकरी नहीं, बेटी असुरक्षित, व्यापारी असहाय, किसान आत्महत्या को मजबूर होता था। परंपरागत उद्यम बंदी के कगार पर जा रहे थे। अराजकता का वातावरण था। त्योहारों से पहले दंगे शुरू हो जाते थे, लेकिन 8 वर्ष से हर जनपद, समुदाय और व्यक्ति उत्साह व उमंग के साथ त्योहारों में सहभागी बनता है। आज सामाजिक सौहार्द भी है, जो राष्ट्रीय एकता को संबल देता है। लोगों का उत्साह व उमंग यूपी के विकास का जज्बा लेकर आगे बढ़ाने में भी बड़ी भूमिका का निर्वहन कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से चयन की प्रक्रिया नए यूपी की तस्वीर को प्रस्तुत करती है। पिछले साढ़े 8 वर्ष में चिकित्सा स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग ने लंबी छलांग लगाने में सफलता प्राप्त की है। चिकित्सा शिक्षा व चिकित्सा स्वास्थ्य की नियुक्तियों का जिक्र करते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग की 1354 स्टाफ नर्स, 7182 एएनएम, 1102 विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र दिया गया।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के 278 एसोसिएट प्रोफेसर की भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई। यूपी के बड़े-बड़े चिकित्सा संस्थान के लिए 2142 स्टाफ नर्स की भर्ती की गई। यह सभी आज यूपी के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। सीएम ने कहा कि पहले यूपी में 17 मेडिकल कॉलेज थे। 40 मेडिकल कॉलेज बनने में 100 वर्ष से अधिक लगे। पिछले साढ़े 8 वर्ष में सरकारी व निजी क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की संख्या 80 से ऊपर पहुंचाने में सफल हुए हैं। एक जिला, एक मेडिकल कॉलेज यूपी की पहचान बन रही है। आज सिर्फ एडमिशन ही नहीं होते, बल्कि उसमें प्रोफेसर, क्लर्कियल स्टाफ, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, टेक्नीशियन आदि की भी भर्ती होती है। हर मेडिकल कॉलेज में बड़े पैमाने में भर्ती प्रक्रिया बढ़ाने का कार्य किया गया। कल ही पीईटी की परीक्षा हुई। इसमें 25 लाख लोग एप्लीकेंट हुए। आज कार्य की कमी नहीं है, बस इच्छाशक्ति होनी चाहिए। नकारात्मकता फैलाने वालों पर तंज कसा। वे कहीं की फोटो कहीं लगाकर नकारात्मकता भरेंगे और शासन, विभाग और आपकी छवि को खराब करेंगे। उनसे सतर्क रहना होगा। समारोह में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, विधायक डॉ. नीरज बोरा, जय देवी, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, उमेश द्विवेदी, प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री के हाथों इन्हें मिला नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने के हाथों हरदोई की प्रीति, सुलतानपुर से जनेश्वर द्विवेदी, सीतापुर से अंजू देवी, बाराबंकी से पुनीत कुमार, अयोध्या से काजल दुबे, लखनऊ से मो. रफद खान, लखनऊ से कनक शर्मा, अंबेडकरनगर से नुरुद्दीन, गोरखपुर से अनुराधा मिश्रा, सीतापुर से राहुल कुमार वर्मा, लखनऊ से कोमल रावत, लखनऊ से सौरभ सिंह, बाराबंकी से स्नेहा वर्मा, सीतापुर से शिवशंकर, अयोध्या से प्रियंका वर्मा, लखनऊ से विदित मौर्य, अंबेडकरनगर से सविता, रायबरेली से सोनू लाल तथा एक्सरे टेक्नीशियन सीतापुर से विश्वनाथ श्रीवास्तव, लखनऊ से साक्षी गुप्ता, सीतापुर से मोहनलाल वर्मा, सीतापुर से विपिन कुमार को नियुक्ति पत्र मिला।

### अब समय पर शुरू और संपन्न होती है प्रक्रिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब पारदर्शी प्रक्रिया समय पर शुरू और संपन्न होती है। 8 वर्ष में 2.19 लाख पुलिसकार्मिकों की भर्ती हुई है। हाल में ही 60,244 पुलिस कार्मिकों की भी भर्ती भी हुई। पहली बार जब हमारी सरकार ने पुलिस भर्ती प्रारंभ की थी तो ट्रेनिंग की समस्या खड़ी हुई। भर्ती 50 हजार की निकाली, लेकिन हमारे पास ट्रेनिंग सेंटर नहीं थे। जब रिव्यू किया तो पता चला कि केवल तीन हजार कार्मिकों की ही ट्रेनिंग एक साथ हो सकती है। तब मिलिट्री, पैरा मिलिट्री, अन्य राज्यों के ट्रेनिंग सेंटर लेकर किसी प्रकार प्रशिक्षण पूरा कर पाए। इस बार 60,244 पुलिस कर्मियों को यूपी के अंदर ही ट्रेनिंग मिल रही है।

### सीएम ने राहत सामग्री से भरे 48 वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**सहारनपुर।** यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ आज सहारनपुर पहुंचे। वहां अंबाला रोड स्थित सरोवर पोर्टिको में आयोजित कार्यक्रम में पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्य के बाढ़ और आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत सामग्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के तहत सीएम दोपहर 1.10 बजे विशेष विमान से सरसावा एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से 1.20 बजे वे सीधे सरोवर पोर्टिको पहुंचे। कार्यक्रम के अनुसार, सीएम योगी आदित्यनाथ 2.10 बजे सरसावा एयरपोर्ट लौटकर लखनऊ के लिए रवाना होंगे। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बाढ़, बारिश और बादल फटने जैसी आपदाओं से भारी नुकसान हुआ है। इन परिस्थितियों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आज सहारनपुर से इन राज्यों के लिए राहत सामग्री वाहनों को रवाना किया। प्रशासन और भाजपा पदाधिकारी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं और सीएम के आगमन को लेकर पूरी सतर्कता बरती जा रही है। योगी ने कहा-आपने देखा होगा, यूपी में बाढ़ सबसे बड़ी चुनौती रही है। हम लोग अभी इस आपदा से बचे हैं। निचले स्तर पर ही जल भराव हुआ है। लेकिन, व्यापक पैमाने पर बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए समय पर किए गए प्रावधानों का प्रमाण है कि हम नियंत्रण तक पहुंच गए हैं।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,08,530/ |
| 22 कैरेट | = | 99,500/ |
| 18 कैरेट | = | 81,410/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,27,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच करोड़ का सोना जब्त

**कोलकाता।** नदिया जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सोने की तस्करी का पर्दाफाश किया। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 194 बटालियन के जवानों ने सुंदर सीमा चौकी इलाके से एक भारतीय तस्कर को पकड़ा और उसके पास से 35 सोने के बिस्कुट बरामद किए। बरामद सोने की कीमत पांच करोड़ से अधिक आंकी गई है। खुफिया जानकारी के आधार पर जवानों ने संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। इस दौरान उसकी कमर में बंधे पैकेट से सोना मिला। गिरफ्तार तस्कर की पहचान धनतला थाना क्षेत्र के हरितलापाड़ा गांव निवासी के रूप में हुई है। प्राथमिक पूछताछ में आरोपित ने कई अहम जानकारियां दी हैं, जिससे एक संगठित तस्करी गिरोह के नेटवर्क का पता चला है। फिलहाल आरोपित और जब्त सोने को आगे की जांच के लिए संबंधित एजेंसियों को सौंप दिया गया है।

### बालू खनन में बंगाल में 22 ठिकानों पर ईडी का छापा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में अवैध बालू खनन व तस्करी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार सुबह झाड़ग्राम, पश्चिम मिदनापुर, उत्तर 24 परगना और कोलकाता सहित चार जिलों में एक साथ 22 जगहों पर छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार, झाड़ग्राम जिले के गोपीबल्लभपुर 1 और 2 ब्लॉक में कई बालू खनन कारोबारियों के घरों पर ईडी और केंद्रीय बलों की संयुक्त टीम पहुंची। सबसे पहले जांच एजेंसी ने कारोबारी शेख जहीरुल अली के घर पर छापा मारा। उन पर लंबे समय से सुवर्णरेखा नदी से अवैध बालू खनन और तस्करी का आरोप है। जहीरुल अली पहले गांव की सिविल पुलिस में कार्यरत था, लेकिन नौकरी छोड़कर बालू खनन का धंधा शुरू किया। उसके घर और गाड़ियों की तलाशी के दौरान कई दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं।

### सट्टेबाजी में फंसे कर्नाटक के कांग्रेस विधायक पहुंचे जेल

**बैंगलोर।** अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में ईडी की गिरफ्त में आए चित्रदुर्ग से कांग्रेस विधायक वीरेंद्र पप्पी को स्थानीय जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दरअसल, ईडी ने हजारों करोड़ रुपये के निवेश और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अहम भूमिका निभाने के आरोप में विधायक वीरेंद्र पप्पी को 23 अगस्त को सिक्किम से गिरफ्तार किया था।

## मनसा देवी पहाड़ी का हिस्सा टूटकर गिरा, रेल मार्ग ठप

समृद्धि न्यूज



**हरिद्वार।** हरिद्वार के काली मंदिर के पास सोमवार सुबह उस वक्त एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब मनसा देवी पहाड़ी का एक विशाल हिस्सा टूटकर नीचे आ गिरा। तेज रफ्तार से गिरे मिट्टी और चट्टानों के मलबे ने भीमगोड़ा रेलवे सुरंग के समीप रेलवे ट्रैक को पूरी तरह ढक लिया।

इस घटना के कारण देहरादून हरिद्वार रेल मार्ग पूरी तरह ठप हो गया और क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में मलबे का दबाव इतना ज्यादा था कि रेलवे ट्रैक पर लगे लोहे के सुरक्षा जाल को भी भारी क्षति पहुंची। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी इसी स्थान पर पहाड़ी का बड़ा हिस्सा टूटकर गिरा था। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस, आरपीएफ, सिविल पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। भारी मशीनरी की मदद से मलबा हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। ट्रैक को दुरुस्त करने और रेल यातायात बहाल करने में 8 से 10 घंटे का समय लग सकता है। प्रशासन का कहना है कि प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द ट्रैक को चालू करने का प्रयास किया जा रहा है। एसपी जीआरपी अरुणा भारती ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि सुबह करीब 6.30 बजे कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि काली मंदिर के पास रेलवे ट्रैक पर मलबा गिर गया है। फिलहाल जीआरपी, आरपीएफ, पुलिस और रेलवे का स्टाफ मौके पर मौजूद है और ट्रैक को खोलने का कार्य जारी है।

### प्रदेश के छह जिलों में हुई सीएमओ की नई तैनाती

**लखनऊ।** प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के संयुक्त निदेशक ग्रेड के छह चिकित्साधिकारियों को मुख्य चिकित्साधिकारी बनाया गया है। विशेष सचिव स्वास्थ्य आर्यका अखौरी की ओर से जारी पत्र के अनुसार डा. राधा वल्लभ को मथुरा, डा. भवनाथ पाण्डेय को हरदोई और डा. दीपा सिंह को रामपुर का सीएमओ बनाया गया है।

इसी प्रकार डा.राजेन्द्र प्रसाद को एटा, डा. ननकू राम को आजमगढ़ और डा. चन्द्र प्रकाश को कुशीनगर का सीएमओ बनाया गया है। इन चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे स्वतः कार्यमुक्त होकर अपनी नवीन तैनाती के स्थान पर कार्यभार ग्रहण कर कार्यभार प्रमाण शासन को उपलब्ध करायें।

## विभिन्न हाईकोर्ट में लंबित ऑनलाइन गेमिंग केस सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न उच्च न्यायालय में दायर ऑनलाइन गेम को रेगुलेट करने वाले कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सुनवाई के लिए अपने पास ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार की याचिका पर ये आदेश दिया।

केंद्र सरकार ने विभिन्न उच्च न्यायालय में दायर याचिकाओं को उच्चतम न्यायालय में ट्रांसफर करने की मांग की थी। इस कानून को दिल्ली उच्च न्यायालय, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय और कर्नाटक उच्च न्यायालय में याचिकाएं दायर कर चुनौती दी गई हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका ऑनलाइन कैरम की कंपनी बघीरा कैरम प्राइवेट लिमिटेड ने दायर की है। दिल्ली उच्च न्यायालय में 2 सितंबर को याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील हर्ष जायसवाल और आद्या मिश्रा ने कहा था कि ये कानून मनमाना और भ्रमपूर्ण है। तब कोर्ट ने कहा कि इस कानून को लागू करने के लिए सरकार कोई प्राधिकार को गठित कर रही होगी और इसके लिए नियम को बनाया जा रहा होगा।

### उपराष्ट्रपति चुनाव : ओडिशा की मुख्य विपक्षी पार्टी बीजेडी मतदान से रहेगी दूर

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजेडी) ने सोमवार को घोषणा की कि वह 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान से दूर रहेगी। इस निर्णय की पुष्टि बीजेडी के राज्यसभा सांसद सस्मित पात्र ने की। पात्र ने दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में कहा, बीजेडी ने कल होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव में मतदान से दूर रहने का फैसला किया है। हमारी पार्टी एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों से समान दूरी बनाए हुए है। हम ओडिशा और इसकी 4.5 करोड़ जनता के विकास और कल्याण पर केंद्रित रहेंगे।÷ उल्लेखनीय है कि नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजेडी फिलहाल ओडिशा की प्रमुख विपक्षी पार्टी है।

### पंजाब ने बाढ़ से हुए नुकसान के मुआवजे में केंद्र से मांगे 25 हजार करोड़

**चंडीगढ़।** पंजाब के जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने सोमवार को प्रदेश के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उदारता दिखाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बाढ़ से हुए नुकसान के मुआवजे के रूप में कम से कम 25 हज़ार करोड़ रुपये तत्काल जारी करने की घोषणा करें। केंद्र सरकार के पास पहले से बकाया 60 हज़ार करोड़ रुपये भी तुरंत जारी किए जाएं। प्रधानमंत्री बाढ़ आने के 25 दिन बाद पंजाब का दौरा करने वाले हैं। गोयल ने बाढ़ की स्थिति के मद्देनजर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संभावित पंजाब दौरे के लिए उनका स्वागत करते हुए कहा कि प्रारंभिक आकलनों के अनुसार लगभग 4 लाख एकड़ की फ़सलें पूरी तरह से तबाह हो गई हैं।

## यूपी में 28 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यूपी में सोमवार देर शाम को शासन ने 28 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। तबादले के क्रम में राजीव सभरवाल डीजी पीटीसी मुरादाबाद को वहीं पर पुलिस अकादमी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

सतीश गणेश की एडीजी ट्रैफिक, मोदक राजेश आईजी जीआरपी, सत्यनारायण एडीजी एसीओ, सुभाष चंद्र दुबे आईजी महिला एवं बाल सुरक्षा का प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा अनीस अहमद अंसारी को डीआईजी पीएसी लखनऊ, देव रंजन वर्मा डीआईजी स्थापना, डॉ. मिनाक्षी कत्यान को सेनानायक 34वीं वाहिनी वाराणसी, सर्वानंद सिंह यादव एसपी एसएसएफ, पंकज पांडेय एसपी पीएसी मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है। महेंद्र पाल सेनानायक पांचवी वाहिनी एसएसएफ सहारनपुर, शुभम पटेल एसपी तकनीकी सेवाएं मुख्यालय, मनोज अवस्थी को सेनानायक 12वीं पीएसी फतेहपुर, अशोक कुमार एसपी पावर कार्पोरेशन, चंद्रकांत मीणा एसपी इंटेलीजेंस कानपुर, रोहन झा एएसपी साइबर क्राइम लखनऊ बनाया गया है। इसके साथ ही निहारिका शर्मा को सेनानायक 26 वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर, संजीव बाजपेयी को सेनानायक 43वीं पीएसी एटा, अनिल कुमार प्रधानाचार्य पीटीएस गोरखपुर, ब्रजेश गौतम अपराध मुख्यालय लखनऊ, ओमप्रकाश सिंह को लाजिस्टक पुलिस मुख्यालय, ओमप्रकाश द्वितीय डीजीपी कानून व्यवस्था मुख्यालय, अजीजुल हक भी पुलिस मुख्यालय भेजे गए है। विनय कुमार सिंह को एसपी एटीएस लखनऊ, अशोक कुमार को एसपी पुलिस भर्ती बोर्ड लखनऊ, संजय राय को एसपी इंटेलीजेंस अयोध्या, आनंद कुमार द्वितीय एसपी इंटेलीजेंस बरेली, संजय कुमार द्वितीय एसपी इंटेलीजेंस गोरखपुर बनाए गए हैं।

### कुलगाम मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकवादी, जेसीओ समेत तीन सैन्यकर्मी घायल

**कुलगाम।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम ज़िले के गुड्डार इलाके में सोमवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये, जबकि एक जूनियर कमीशंड अधिकारी समेत तीन सैन्यकर्मी घायल हो गए। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके में कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद गुड्डार इलाके में पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई थी। मुठभेड़ के दौरान मारे गए आतंकवादी की पहचान नहीं हो सकी है, जबकि घायल हुए एक जेसीओ समेत तीन सैन्यकर्मियों में से एक की हालत गंभीर है। समाचार लिखे जाने तक अभियान जारी था।

## दुर्घटनाओं में 50 फीसदी कमी के लक्ष्य के लिए प्रशासन को भेजा गया प्रस्ताव

समृद्धि न्यूज

▸ यूपी शासन से 5-ई प्लान को मंजूरी मिलते ही होगा लागू

**लखनऊ ।** सड़क दुर्घटनाओं में 50 फीसदी कमी के लक्ष्य की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा साथी स्वयंसेवी-सहयोगी तंत्र का प्रस्ताव शासन को सिद्धान्ततः स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है।

ट्रांसपोर्ट कमिश्नर बीके सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं व मृत्युओं में 50 प्रतिशत कमी के राज्य-लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 5 ई यानि इंफोर्समेंट, इंजीनियरिंग, एजूकेशन, इमरजेंसी केयर इवलुशन आधारित समेकित रोड सेफ्टी कार्यक्रम का प्रस्ताव सिद्धान्ततः स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित कर दिया है। योजना का केंद्रबिंदु है उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा साथी एक दंडाधिकार-रहित, समुदाय-आधारित स्वयंसेवी-सहयोगी तंत्र जो अधिकृत प्रवर्तन अधिकारियों के निर्देशन में मैदान-स्तर पर सुरक्षा-सहयोग देगा, विशेषकर उच्च-जोखिम समयखंड 15.21 बजे रात्रि और जिला अन्य सड़कों पर। विगत विश्लेषण में ओवरस्पीडिंग प्रमुख कारण, 15.21 बजे जोखिम-समय तथा जिला अन्य सड़कों पर उच्च दुर्घटना-भार परिलक्षित है। सीमित नियमित बल के साथ हर समय हर स्थान पर सतत उपस्थिति कठिन होती है।

## हर आयु वर्ग के लोगों की गतिशीलता के सुधार में फिजियोथेरेपी महत्वपूर्ण

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर कहा कि सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों की गतिशीलता में सुधार और उनके जीवन की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने में फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

सोमवार को एक्स पर अपने संदेश में उन्होंने कहा कि इस वर्ष का विषय, स्वस्थ वृद्धावस्था- गिरने और दुर्बलता में फिजियोथेरेपी की भूमिका, वृद्धों में गिरने से बचाव और दुर्बलता के प्रबंधन में इसके महत्व पर प्रकाश डालता है, जिससे सक्रिय और सम्मानजनक वृद्धावस्था की ओर उनकी यात्रा को समर्थन मिलता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि देश में स्वस्थ वृद्धावस्था पहल के एक अभिन्न अंग के रूप में फिजियोथेरेपी को बढ़ावा देते रहें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में सरकार ने वृद्धजनों के लाभ के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और सरकारी अस्पतालों में कई योजनाएं उपलब्ध कराई हैं। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस 08 सितंबर को मनाया जाता है ताकि फिजियोथेरेपिस्टों के योगदान को मान्यता दी जा सके, फिजियोथेरेपी के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

प्रदर्शन

### नेपाली संसद में घुसे प्रदर्शनकारी, 20 की मौत, 200 से अधिक घायल

## सोशल मीडिया पर बैन व भ्रष्टाचार के खिलाफ नेपाल में हिंसा

▸ काठमांडू में प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने के आदेश

एजेंसी



**काठमांडू।** नेपाल में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 16 लोगों की मौत हो गई। नेपाल पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। 200 से ज्यादा युवा घायल भी हुए। इस प्रदर्शन की अगुआई जेईएन-जेड यानी 18 से 30 साल के युवा कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर बैन और सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ 12 हजार से ज्यादा युवा प्रदर्शनकारी सोमवार सुबह संसद भवन परिसर में घुस गए, जिसके बाद सेना ने कई राउंड फायरिंग की। नेपाल के इतिहास में संसद में घुसपैठ का यह पहला मामला है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने संसद के गेट नंबर 1 और 2 पर कब्जा कर लिया। इसके बाद संसद भवन, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम आवास के पास के इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। काठमांडू प्रशासन ने तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिए हैं। नेपाल सरकार ने 3 सितंबर को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स पर बैन लगाने का फैसला किया था। इन प्लेटफॉर्म ने नेपाल के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। इसके लिए मंत्रालय ने 28 अगस्त को आदेश जारी कर 7 दिन का समय दिया था, यह समय सीमा 2 सितंबर को खत्म हो गई।

### नेपाल के गृह मंत्री का इस्तीफा



**काठमांडू।** गृह मंत्री रमेश लेखक ने सोमवार को हिंसक प्रदर्शनों के दौरान हुई मौतों के बाद नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बैठक में उपस्थित एक मंत्री ने कहा कि लेखक ने शाम की कैबिनेट बैठक के दौरान प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। जेन-जी प्रदर्शनकारियों द्वारा सोमवार को किए गए प्रदर्शन हिंसक हो गए, जिससे अब तक कम से कम 20 लोग मारे गए हैं। लेखक ने पद छोड़ने के नैतिक आधारों का हवाला देते हुए कहा कि वह इस तरह की त्रासदी के बाद पद पर बने नहीं रहे सकते। इससे पहले दिन में, उन्होंने अपने पार्टी सहयोगियों को सूचित किया था कि वह नैतिक आधार पर अपने पद पर नहीं रहेंगे।

# शिक्षित बचपन और स्वस्थ परिवार की नींव पर यूपी बनेगा विकसित

## शिक्षा और स्वास्थ्य पर सीएम योगी का बड़ा विजन, 2047 तक यूपी में हर घर को मिलेगा मेडिकल इंश्योरेंस कवरेज

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विकसित यूपी @2047' का विजन सामने रखते हुए साफ कर दिया है कि आने वाले 22 वर्षों में उत्तर प्रदेश का भविष्य शिक्षित बचपन और स्वस्थ परिवार की थीम पर गढ़ा जाएगा। इसका लक्ष्य है कि प्रदेश को न केवल 6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाया जाए, बल्कि समाज के हर वर्ग को शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं से सशक्त किया जाए।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि विजन 2030 और 2047 के लक्ष्यों के तहत प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक रूप से सुदृढ़ करने की योजना बनाई गई है। 2030 तक 50 प्रतिशत घरों और 2047 तक सभी घरों को मेडिकल इंश्योरेंस से कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को एसडीजी टारगेट के अनुरूप लाना प्राथमिकता में है। इसके साथ ही प्रदेश में 2 नए एम्स, 3 नए फार्मा पार्क और 2 नए मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना होगी। स्वास्थ्य कार्यबल की घनत्व को बढ़ाकर 40 प्रति हजार तक ले जाने का रोडमैप तैयार किया गया है। मेडिकल टूरिज्म, बाल पोषण और हेल्थकेयर रिसर्च को रणनीतिक स्तंभ बनाकर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में काम किया जा रहा है। 'ज्ञानदीप व युवा शक्ति' के तहत 2047 तक उत्तर प्रदेश को वैश्विक कार्यबल तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए एफएलएन को मजबूत किया जाएगा और स्कूलों में डिजिटल क्लासरूम, ई-लर्निंग और एडटेक को बड़े पैमाने पर लागू किया जाएगा।

### 2017 से 2025 तक हुए व्यापक सुधार और उठाये गये ठोस कदम

बीते साढ़े आठ वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिले हैं। स्कूल चलो अभियान और शारदा कार्यक्रम के तहत 40 लाख नए बच्चों का नामांकन हुआ, वहीं आरटीई विस्तार से शिक्षा का अधिकार पाने वाले बच्चों की संख्या 22 हजार से बढ़कर 4.3 लाख तक पहुंच गई और 638 करोड़ रुपये की फीस प्रतिपूर्ति सुनिश्चित की गई। इसके साथ ही ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 19 मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराया गया, जबकि अटल आवासीय विद्यालय प्रदेश के 18 मंडलों में संचालित होकर गरीब और वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। प्रोजेक्ट अलंकार से माध्यमिक स्कूलों में पुस्तकालय, लैब, हॉल, पेयजल, शौचालय और विद्युतिकरण जैसी सुविधाओं को जोड़ा गया।

### शिक्षा व स्वास्थ्य से प्रदेश बनेगा 6 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी

प्रदेश की जीएसडीपी को 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए तैयार रोडमैप के अनुसार 2025 में 353 बिलियन डॉलर से शुरुआत कर 2030 तक इसे 1 ट्रिलियन डॉलर, 2036 तक 2 ट्रिलियन डॉलर और 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने के लिए आने वाले 22 वर्षों तक औसतन 16 प्रतिशत सीएजीआर बनाए रखनी होगी।

# नगर निगम ने खुले में पशु छोड़ने वाले पालकों पर शुरु की कार्रवाई

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ ने शहर में आवारा छोड़े गए पशुओं से उत्पन्न समस्या पर सख्त रुख अपनाते हुए पशुपालकों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। हाल ही में सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो और दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर में सामने आया कि गायों के झुंड ने एक वृद्ध व्यक्ति और एक बच्चे पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था।

घटना का संज्ञान लेते हुए नगर निगम के पशु कल्याण विभाग की टीम ने मौके का निरीक्षण कराया और टीम ने मौके से 6 गाय और 2 सांड पकड़कर कान्हा उपवन में संरक्षित करवाया गया। यह घटना शास्त्री नगर, कुण्डरी रकाबगंज, निकट खजुहा पुलिस चौकी क्षेत्र में हुई थी। निरीक्षण और जांच के दौरान विभाग ने हमलावर गायों के स्वामियों का पता लगाया। जांच में सामने आया कि संबंधित गायें राम सनेही पुत्र स्वर्गीय बाबूराम तिवारी और पप्पी यादव पुत्र अज्ञात की थीं। विभागीय जांच में सामने आया कि इन पशुपालकों ने गायों को खुले में छोड़ दिया था, जिसके कारण यह घटना घटी। खुले में छोड़े गए पशुओं द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को घायल करना पब्लिक न्यूसेंस की श्रेणी में आता है।

## खबरें एक नजर में

### गोमती नगर स्टेशन पर 47 बोतल व 300 पाउच शराब बरामद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। ट्रेन चेकिंग के दौरान टीम ने 47 बोतल हरियाणा की शराब और करीब 300 पैक फ्रूटी में भरी शराब बरामद की। ये अवैध शराब बिहार भेजी जा रही थी, जहां चुनाव में खपाने की योजना थी। जीआरपी लखनऊ की टीम ने तीन तस्करों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि हरियाणा और यूपी से शराब लाकर बिहार भेजी जा रही थी। टीम ने शराब को जब्त कर आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। जीआरपी, लखनऊ एसपी रोहित मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### सिविल डिफेंस ने नेक कार्य के लिए निभाई अहम भूमिका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मद अख्तर जो पेशे से ऑटो चालक है। ऑटो चलते वक्त आहत नामक बच्चे का एक्सीडेंट हो गया था, जिसका इलाज नेपाल में हो चल रहा था। जिसमें काफी महंगा मेडिकल रिपोर्ट होने और पीड़ित परिवार के दबाव में लखनऊ में इलाज कराने को कहा गया, इसी बात को लेकर ऑटो चालक मोहम्मद अख्तर नेपालगंज से अवध बस डिपो यूपी 40 टी 9003 से बच्चे की इलाज रिपोर्ट लेकर लखनऊ गोमतीनगर उतारा। बस से उतने के बाद बस वह से चली गई और रिपोर्ट ना मिलने से मोहम्मद अख्तर बहुत परेशान हुआ। बस स्टैंड से पता किया तो बस चारबाग बस स्टैंड जाएगी। बस का पता करते हुए चारबाग बस स्टैंड आया और बस ना मिलने के बाद बहुत ज्यादा परेशान हो होकर नागरिक सुरक्षा कैम्प आकर अपनी आप बीती सिविल डिफेंस प्रखण्ड राजाजीपुरम के डिप्टी डिविजनल वार्डेन रामगोपाल सिंह से बताया। तत्काल मोबाइल पर डिविजनल वार्डेन नफीस अहमद से संपर्क किया और कहा ये बस गोमतीनगर पहुंच रही है बस स्टैंड कमता। और मौके पर स्टैंड पहुंची बस और साथ में मेडिकल रिपोर्ट भी। यह सुनकर मोहम्मद अख्तर बहुत खुश हुआ, आभार व्यक्त कहा 75,000 रूपये रिपोर्ट में खर्च हुये हैं ना मिलने से मैं बहुत दु:खी था और बोला बच्चे का इलाज कैसे होगा।

### राजधानी के कई इलाकों में तेज बारिश, बादल छाए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के हुसैनगंज, हजरतगंज और जानकीपुरम इलाके में तेज बारिश हुई। तेज हवाएं चलीं। गोमती नगर में बूंदाबांदी हुई। चिनहट में बादल छाए हैं। अन्य इलाकों में सुबह से धूप छांव की स्थिति बनी हुई है। दिन में एक से दो बार बारिश की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रह सकता है। दिन में उमसभरी गर्मी का दौर भी बना रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि इस दौरान 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चलेगी। लखनऊ में सोमवार को अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 2.6 डिग्री अधिक रहा है। न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक रहा है। यहां अधिकतम आर्द्रता 92 फीसदी और न्यूनतम 60 फीसदी दर्ज किया गया।

#### प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सीएम योगी ने दिए आदेश

# विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में मान्यता व प्रवेश प्रक्रिया की होगी जांच

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों की मान्यता व प्रवेश प्रक्रिया की गहन जांच के आदेश दिए हैं।

मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अब प्रत्येक मण्डलायुक्त अपने-अपने मण्डल के तहत आने वाले सभी जनपदों में विशेष जांच टीम गठित करेंगे। इन टीमों में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, एक पुलिस विभाग का अधिकारी और एक शिक्षा विभाग का अधिकारी अनिवार्य रूप से शामिल होगा। यह टीम जमीनी स्तर पर जांच कर संस्थानों की मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की हकीकत सामने लाएगी।

### 15 दिन में शासन को भेजनी होगी रिपोर्ट

जांच प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। प्रत्येक जनपद स्तर पर जांच पूरी कर 15 दिनों के भीतर शासन को समेकित रिपोर्ट भेजना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह कार्यवाही सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य और शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा है। जांच की पूरी प्रक्रिया पर मंडलायुक्त प्रत्यक्ष निगरानी रखेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में संचालित विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में अव्यवस्थाओं और समस्याओं को लेकर बीती रात रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री योगी से उनके आवास पर मुलाकात की थी। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला, पूर्वी क्षेत्र संगठन मंत्री घनश्याम शाही, पश्चिमी क्षेत्र संगठन मंत्री मनोज निखरा व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सृष्टि सिंह शामिल रहे। इस दौरान उच्चा शिक्षा प्रणाली में आ रही अभ्यार्थियों की समस्याओं को रखा और उनमें सुधार की मांग की।

### अनियमितता पर होगी कठोर कार्रवाई

अगर जांच में किसी संस्थान में अवैध प्रवेश या बिना मान्यता के कोर्स संचालित पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, ऐसे संस्थानों को छात्रों से लिया गया सम्पूर्ण शुल्क ब्याज सहित वापस करना होगा। सरकार ने साफ कर दिया है कि छात्रों का भविष्य किसी भी हाल में दांव पर नहीं लगाया जाएगा।

### शैक्षणिक संस्थाओं के शपथपत्र व मान्यता-पत्र होंगे अनिवार्य

जांच के दौरान प्रत्येक शैक्षणिक संस्था से शपथ पत्र लिया जाएगा। इसमें यह स्पष्ट करना होगा कि संस्थान केवल उन्हीं कोर्सों का संचालन कर रहा है, जिन्हें नियामक निकाय, विश्वविद्यालय या बोर्ड से मान्यता प्राप्त है। इसके साथ ही, संचालित सभी कोर्स की सूची और उनके मान्यता-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि किसी भी छात्र का दाखिला बिना मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम में नहीं होना चाहिए।

## अवैध प्रवेश पर वापस करना होगा ब्याज सहित छात्र का शुल्क : योगेंद्र

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि बाराबंकी रामस्वरूप विश्वविद्यालय प्रकरण के बाद कई अनियमितताएँ सामने आईं, जिन्हें लेकर योगी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। प्रदेश के सरकारी विश्वविद्यालयों को भारत सरकार के 'समर्थ पोर्टल' से जोड़ा जा चुका है। मुख्यमंत्री योगी के आदेश पर विशेष समिति गठित की गई है, जिसमें वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और वरिष्ठ शिक्षा अधिकारी शामिल होंगे। समिति प्रत्येक निजी विश्वविद्यालय और महाविद्यालय से शपथ पत्र लेगी, जिसमें यह बताना होगा कि वे कौन-कौन से कोर्स चला रहे हैं, सभी कोर्स मान्यता प्राप्त हैं या नहीं।

# समाधान दिवस में हिस्ट्रीशीटर ने पंचायत भवन की जमीन पर फिर कब्जा किया

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी आपूर्ति ज्योति गौतम, एसडीएम पवन पटेल और एसीपी रजनीश वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम में अब तक 60 शिकायतें दर्ज की गई हैं।

निगोहां क्षेत्र के नंदौली गांव में हिस्ट्रीशीटर द्वारा पंचायत भवन की जमीन पर दोबारा कब्जा किए जाने से नाराज ग्रामीणों ने समाधान दिवस में पहुंचकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व में तहसील प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कब्जा हटवाया था, लेकिन हिस्ट्रीशीटर ने दोबारा पंचायत भवन की जमीन पर गुमटी रख दी। महिला प्रधान ने आरोप लगाया कि तहसील प्रशासन की शह पर हिस्ट्रीशीटर ने दोबारा कब्जा करने की हिम्मत की है। प्रधान समेत दर्जनों ग्रामीणों ने एडीए से शिकायत दर्ज कराई। एडीएम ने राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर भेजकर गुमटी हटवाने का आश्वासन दिया। प्रधान का आरोप है कि हिस्ट्रीशीटर द्वारा रखवाई गई गुमटी में गांजा व स्मैक बेचा जाता है। इस गुमटी पर अराजकतत्व एकत्रित होकर गांजा व स्मैक पीते हैं। अराजकता फैलाते हैं।

## नगर निगम प्रवर्तन दल में भूतपूर्व सैनिकों को जिम्मेदारी

**लखनऊ ।** नगर निगम लखनऊ में सोमवार 8 सितंबर 2025 को विशेष नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल रहीं। उनके आगमन पर उनका हार्दिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त गौरव कुमार एवं अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्त उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रवर्तन अधिकारी कर्नल सुधांशु कुमार ने नियुक्तियों से संबंधित संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा स्थानीय निकायों को सौंपे गए कर्तव्यों एवं दायित्वों के सफल निर्वहन हेतु नगर निगम में प्रवर्तन विभाग की स्थापना का निर्णय लिया गया था। इसके अंतर्गत पूर्व में प्रवर्तन दल का गठन किया गया था।

# व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास की यात्रा है विधि शिक्षा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल, टी. एस. मिश्रा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने अपने नए विधि छात्रों के स्वागत हेतु एक प्रेरणादायी ओरिएंटेशन व्याख्यान का आयोजन किया, कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराना तथा विधि की डिग्री से मिलने वाले विस्तृत करियर अवसरों के बारे में जानकारी देना था। व्याख्यान शंभू नाथ मिश्र, अधिवक्ता एवं डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के शिक्षण संकाय सदस्य द्वारा दिया गया।

श्री मिश्र ने विधि शिक्षा को केवल एक शैक्षणिक पाठ्यक्रम न मानते हुए उसे व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास की यात्रा बताया। उन्होंने जोर दिया कि टी. एस. मिश्रा विश्वविद्यालय से एल.एल.बी. करना एक विवेकपूर्ण निर्णय है, क्योंकि यह संस्थान केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण पर भी विशेष ध्यान देता है। विधि व्यवसाय में सफलता के लिए आवश्यक मूलभूत गुणों का उल्लेख करते हुए उन्होंने पढ़ने, लिखने और बोलने की क्षमता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को बहस, मूट कोर्ट और विचार-विमर्श जैसी अतिरिक्त गतिविधियों में सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उनके अनुसार, ये गतिविधियाँ अतिरिक्त नहीं बल्कि विधि शिक्षा की बुनियादी स्तंभ हैं। श्री मिश्र ने छात्रों को यह भी स्मरण कराया कि विधि हमारे दैनिक जीवन से गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा, कानून केवल कक्षाओं या न्यायालयों तक सीमित विषय नहीं है। यह वह है जिसका हम प्रतिदिन सामना करते हैं, अक्सर बिना जाने। विधि को समझना हमें न केवल बेहतर पेशेवर बनाता है बल्कि ऐसे जिम्मेदार नागरिक भी बनाता है जो न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

# गुडम्बा पुलिस ने बुजुर्ग को हॉस्पिटल पहुंचा कर पेश की मानवता की मिसाल



इंस्पेक्टर गुडम्बा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम का सराहनीय कार्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के पूर्वी ज़ोन की गुडम्बा पुलिस ने सोमवार को मानवता की मिसाल पेश करते हुए सराहनीय कार्य को अंजाम दिया जिसकी प्रशंसा हर ओर की जा रही है। इंस्पेक्टर गुडम्बा प्रभातेश श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को सूचना मिली कि सेक्टर एच जानकीपुरम मकान नम्बर 3/67 में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग मंसाराम चौरसिया अकेले घर में रहते हैं। जिनका कोई रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा, घर के गेट पर दूध का पैकेट और पेपर पड़ा हुआ है जो उठाया भी नहीं गया।

सूचना पर तत्काल स्थानीय थाने के उपनिरीक्षक जिलाजीत यादव हमराहियों संग मौके पर पहुंचे तो उक्त मकान में लगे चैनल गेट के अंदर से ताला लगा हुआ था। जिसके बाद बुजुर्ग के परिजनों के बारे में जानकारी करके उन्हें सूचना दी गई। और पुलिस पड़ोसियों के सहयोग से घर का ताला तोड़कर बुजुर्ग व्यक्ति के पास पहुंची तो देखा कि वह काफ़ी बीमार स्थिति में कमरे की फर्श पर पड़े थे जो उठ बैठ भी नहीं पा रहे थे। उपनिरीक्षक जिलाजीत यादव ने हमराहियों संग तत्काल बुजुर्ग मंसाराम चौरसिया को पूजा हॉस्पिटल में इलाज के लिए एडमिट करा दिया। पुलिस के इस सराहनीय कार्य की चर्चा हर तरफ होने लगी बुजुर्ग के पड़ोसियों ने पुलिस मित्र का यह चेहरा देख पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कमिशनरेट पुलिस लखनऊ का धन्यवाद किया।

# दो अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार, 11 मोटरसाइकिलें बरामद

**जल्दी अमीर बनने के चक्कर में बाइक चोरी कर औने-पौने दाम में बेचकर करते थे अय्याशी, उत्तरी जोन की पुलिस ने अरेस्ट कर पहुंचाया सलाखों के पीछे**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** उत्तरी ज़ोन की बीकेटी पुलिस, इटौंजा पुलिस और डीसीपी उत्तरी की सर्विलांस/क्राइम टीम ने सोमवार को अंतर्जनपदीय गैंग के दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ़्तार कर बेहतरीन कामयाबी हासिल की है।

आरोपियों की पहचान वीरू उर्फ़ जावेद (25) जान मोहम्मद (25) के रूप में हुई। एडीसीपी उत्तरी जितेन्द्र कुमार दूबे ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए जानकारी दी की। गिरफ़्तार किए गए अभियुक्त शातिर क़िस्म के चोर हैं जो मौका पाते ही खड़ी बाइकों पर हाथ साफ़ करते हुए पल भर में ही बाइक गायब कर देते थे।

इलाके में कई वारदातों को अंजाम दे चुके वाहन चोरों की तलाश में पुलिस टीम लगातार प्रयासरत थी। सोमवार को बीकेटी पुलिस इटौंजा पुलिस और डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों शातिर वाहन चोरों को बीकेटी इलाके से ही गिरफ्तार कर लिया जिनकी निशानदेही पर कुल 11 बाइकें और बाइकों के पार्ट्स बरामद हुए। बीकेटी और इटौंजा थाने में दर्ज 5 मुकदमों का सफल अनावरण भी हुआ। पुलिस टीम द्वारा अन्य जानकारी जुटाई जा रही है। एडीसीपी जितेन्द्र दूबे ने यह भी बताया कि बाइक चोरी करने के बाद आरोपी औने पौने दामों में बाइकें बेचकर अपने शौक पूरे करते थे जल्दी अमीर बनने का शॉर्टकट फॉर्मूला अपनाया हुआ था जिन्हें गिरफ़्तार कर उत्तरी ज़ोन की पुलिस ने सलाखों के पीछे भेज दिया है। गिरफ़्तार करने वाली टीम में डीसीपी उत्तरी क्राइम टीम के हेड कांस्टेबल मुहम्मद नदीम, अवधेश गिरी, संतोष कुमार, अमित कुमार गौतम, कांस्टेबल विशेष दुहुण राघवेन्द्र प्रताप सिंह, और इटौंजा थाने के उपनिरीक्षक धीरेन्द्र राय, हेड कांस्टेबल मुहम्मद जाहिद, बीकेटी पुलिस टीम के उपनिरीक्षक अशोक यादव, आनन्द कुमार, शैलेन्द्र मिश्रा, शुभम सिंह, महिला उपनिरीक्षक सृष्टि निगम, हेड कांस्टेबल आशीष सिंह, कांस्टेबल अम्ब्रीश सिंह, सचिन यादव, पारस कुमार, नितिन कुमार रहे।

# जन समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण समाधान प्राथमिकता : शर्मा

समृद्धि न्यूज

**नगर विकास मंत्री ने सुनी आमजन की बात अफसरों को दिए निर्देश**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनता से सीधा संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान के उद्देश्य से नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने सरकारी आवास पर जनसुनवाई का आयोजन किया। इस जनसुनवाई में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने भाग लिया और समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं।

जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने मुख्यतः सीवर लाइन बिछाने, बिजली बिल सुधार, सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाइट की स्थापना, अतिक्रमण हटाने जैसी समस्याओं को विस्तार से रखा। मंत्री ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। श्री शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध पारदर्शी गुणवत्तापूर्ण समाधान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है, इसमें शिथिलता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निस्तारण केवल कागजों में न हो बल्कि धरातल पर उसका परिणाम जनता को महसूस होना चाहिए। सीवर, पेयजल, सड़क, बिजली एवं नगर निकाय से जुड़ी सभी बुनियादी सुविधाएं सीधे जनता के जीवन से जुड़ी हुई हैं, लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान निर्धारित समय-सीमा में हो और प्रत्येक समस्या के निस्तारण की जानकारी फरियादी को दी जाए।

# पच्चीस हजार का इनामिया हुसैनगंज में गिरफ्तार

## थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने टीम संग हासिल की बेहतरीन कामयाबी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की थाना हुसैनगंज पुलिस टीम ने सोमवार को बेहतरीन कामयाबी हासिल करते हुए 25 हज़ार रुपए के इनामिया अभियुक्त को गिरफ़्तार कर लिया। इस मामले में जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने बताया कि बीते 17 अगस्त को वादिनी की शिकायत पर मुक़दमा पंजीकृत किया गया था।


अभियुक्त शशिकांत शर्मा निवासी मोहनलालगंज उम्र करीब 26 वर्ष द्वारा वादिनी को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाया गया और घर में घुसकर वादिनी से मारपीट गाली गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी। पुलिस मामला दर्ज कर लगातार अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी थी किन्तु वह पुलिस की नज़रों से बचकर फरार चल रहा था। अभियुक्त पर डीसीपी मध्य द्वारा 25 हज़ार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। सोमवार को हुसैनगंज पुलिस के निरन्तर प्रयास से मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त शशिकांत को जय नारायण रोड के पास से गिरफ़्तार कर लिया गया। जिसके बाद कागज़ी प्रक्रिया सम्पन्न कर हुसैनगंज पुलिस ने अभियुक्त को सलाखों के पीछे भेज दिया। इस गिरफ्तारी में थाना प्रभारी हुसैनगंज शिवमंगल सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्रीराम गौतम, और हेड कांस्टेबल आशीष शुक्ला की अहम भूमिका रही।

**तैयारी**

#### 19 अक्टूबर को अयोध्या में दिखेगा अलौकिक दृश्य

# दीपोत्सव-2025 अयोध्या में जलेंगे 26 लाख से अधिक दीप

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** अयोध्या में 19 अक्टूबर को दीपोत्सव-2025 के दौरान 26 लाख से अधिक दीये जलाकर ऐतिहासिक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी की जा रही है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा सरयू तट, राम की पैड़ी सहित अन्य घाटों पर दीयों की श्रृंखला से अलौकिक दृश्य प्रस्तुत किया जाएगा।

राम नगरी का दीपोत्सव एक बार फिर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभागीय तैयारियां तेजी से चल रही हैं। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरे दीपोत्सव को भव्यता और दिव्यता से मनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। राम की पैड़ी सहित अन्य घाटों पर इस बार 26 लाख से अधिक दीयों को प्रज्वलित कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा।

सरयू तट पर अब तक की सबसे बड़ी आरती का आयोजन भी होगा, जिसमें 1,100 से अधिक धर्माचार्य, संत-महात्मा और नगरवासी सम्मिलित होंगे। आयोजन से तीन दिन पहले से स्थल पर तैयारी शुरू होगी। गिनीज मानकों के अनुसार डिजाइन आदि से संबंधित समन्वय स्थापित किया जाएगा। इस दौरान छात्र-स्वयंसेवक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के सफल संचालन में सहयोग करेंगे। ये स्वयंसेवक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के मानकों के अनुरूप दीयों की सजावट, प्रज्वलन, गिनती और सत्यापन की जिम्मेदारी निभाएंगे।

दीयों की संख्या सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रक्रिया तकनीकी और पारदर्शी ढंग से पूरी की जाएगी ताकि रिकॉर्ड का सफल क्रियान्वयन संभव हो सके। अयोध्या दीपोत्सव-2025 के दौरान गिनीज रिकॉर्ड प्रयासों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग, अयोध्या जिला प्रशासन, अवध विश्वविद्यालय और अन्य संस्थाओं के बीच लगातार समन्वय किया जाएगा। कार्यक्रम में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक मंडल की उपस्थिति में प्रक्रिया, साक्ष्यों आदि का मिलान किया जाएगा। रिकॉर्ड की पुष्टि के बाद मुख्यमंत्री को पर्यटन मंत्री सहित अन्य मंत्रियों की उपस्थिति में प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि अयोध्या दीपोत्सव केवल राज्य ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारत की आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिकता का विश्वस्तरीय प्रतीक बन चुका है। भगवान श्रीराम की नगरी में दीपोत्सव का यह पर्व हमारे लिए गर्व का अवसर है, जहां परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। दीयों की श्रृंखला न केवल श्रीराम के आदर्शों का स्मरण कराती है, बल्कि विश्व बंधुत्व का संदेश भी देती है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि दीपोत्सव हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं को प्रदर्शित करता है। इस वर्ष अयोध्या में आयोजित दीपोत्सव को पिछले वर्षों की तुलना में और अधिक भव्य बनाने की तैयारियां की जा रही है।

# गुणवत्ता व समय से करें प्रार्थना पत्रों का निस्तारण

## विधायक सदर गोण्डा, डीएम, एसपी व सीडीओ ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**सम्पूर्ण समाधान दिवस गोंडा सदर में छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण**

समृद्धि न्यूज





**गोण्डा।** शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील गोण्डा सदर में विधायक सदर गोण्डा, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा सीडीओ ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान तहसील गोण्डा सदर में कुल 137 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 06 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण तथा चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें।

शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा, उपजिलाधिकारी सदर गोण्डा अशोक कुमार गुप्ता, तहसीलदार सदर मनीष कुमार, नायब तहसीलदार अतुल पाल, अहमद हसन, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डीआरडीओ अजय प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, एआर कोऑपरेटिव, खंड विकास अधिकारी झंझरी, रूपईडीह, इटियाथोक, पंडरीकृपाल तथा मुजेहना, सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग के अधिकारीगण सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# परामर्शदात्री समिति के सदस्य ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से बताई जनता की परेशानी



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मिलकर पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत रेल यात्रियों एवं रेलवे कर्मचारियों को हो रही समस्याओं के संबंध में अवगत कराया द्य

भाजपा नेता पंकज कुमार श्रीवास्तव ने चेयरमैन रेलवे बोर्ड सतीश कुमार से दिल्ली में मिलकर गोंडा जंक्शन से लखनऊ एवं लखनऊ से गोंडा जंक्शन तक आने-जाने वाली सवारी गाड़ी को बहाल करने, गोंडा जंक्शन पर वॉशिंग पिट लाइन बनाए जाने, गोंडा से जयपुर तथा जयपुर से गोंडा हेतु ट्रेन चलाये जाने, अयोध्या धाम से मनकापुर होकर गोंडा जंक्शन तथा गोंडा जंक्शन से अयोध्या धाम वाया मनकापुर तक डेमो ट्रेन का विस्तार किए जाने, सरयू साकेत एक्सप्रेस का विस्तार गोंडा तक किए जाने, को पूर्वोत्तर रेलवे के अंतर्गत आउटसोर्सिंग पर रेलवे में कार्य कर रहे बेरोजगार युवाओं और महिलाओं का शोषण रेलवे के अधिकारियों एवं कार्यरत ठेकेदारों द्वारा किये जाने सहित कई समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।उस समय मध्य रेलवे के सलाहकार समिति के सदस्य ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव, भारतीय मजदूर संघ के प्रांतीय नेता के.के.सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे। अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने जनहित के मुद्दों पर निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

## खबरें एक नजर में

### समाज सेवा के लिए जादूगर मिस्टर इंडिया को मिला विशेष सम्मान



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा, साहित्य, कला एवं संस्कृति के संगम संगम अकादमी पब्लिकेशन द्वारा जनपद गोण्डा के विकास खण्ड परसपुर अंतर्गत ग्राम सीरपुरवा हरदिहा सपौर निवासी इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया को माँ भारती सेवा सम्मान 2025 से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें राष्ट्र और समाजहित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। संस्था के निदेशक ओमप्रकाश लववंशी ने कहा कि जादूगर मिस्टर इंडिया के कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और ऐसे व्यक्तित्व को सम्मानित कर हमारी संस्था स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उक्त सम्मान समारोह 24 अगस्त 2025 को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में संस्था के निदेशक ओमप्रकाश लववंशी ने प्रमाणपत्र प्रदान कर जादूगर मिस्टर इंडिया के योगदान की सराहना की। ख्याति प्राप्त जादूगर मिस्टर इंडिया ने बताया कि यह सम्मान एमएसएमई पंजीकृत संगम अकादमी पब्लिकेशन, संगम वाटिका, कोटा (राजस्थान) की ओर से प्रदान किया गया।

### आयुक्त ने किया पोस्टमार्टम जाने की सड़क का निरीक्षण



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शहर के बीचों बीच स्थित पुलिस लाइन में पोस्टमार्टम हाउस की ओर जाने वाली सड़क का निरीक्षण करते आयुक्त देवीपाटन व संयुक्त विकास आयुक्त देवीपाटन।

### लेखपालों की हड़ताल से कामकाज ठप



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा तहसील में राजस्वकर्मियों ने प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए धरना-प्रदर्शन कर हड़ताल शुरू कर दी। इससे किसान व वादकारी परेशान दिखे। लेखपाल संघ अध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव ने बताया कि 4 सितंबर को कानूनगो श्याम सुंदर व लेखपाल अरुण कुमार, अमरेंद्र प्रताप शिवपुर जा रहे थे। नगरपालिका के पास जाम के दौरान मोटरसाइकिल निकालने पर कोतवाल ने डांट लगाई और राजस्वकर्मी बताने पर अपशब्द कहे। संघ ने मांग की कि थानाध्यक्ष का तत्काल स्थानांतरण हो, अन्यथा कोई भी लेखपाल थाना समाधान दिवस या अतिक्रमण हटवाने की टीम में शामिल नहीं होगा। इस मौके पर अनुज श्रीवास्तव, कौशलेंद्र कुमार , पंकज बाबू, विनोद कुमार, सत्यम व इंद्रजीत सहित कई राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

### अवैध तमंचे के साथ नाना-नाती का फोटो वायरल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र में अवैध तमंचा के साथ सोमवार नाना नाती का वायरल फोटो सोशल मीडिया की सुर्खियां बनी हुई है। फोटो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई। व्यक्ति की पहचान एवं तलाश में जुट गई। वायरल फोटो के साथ एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी वायरल है। जिसमें कथित तौर पर बेटा एक व्यक्ति को धमकी दे रहा है कि मेरे बाप ने हमेशा तमंचा ही बेचा है। दूर से ही धम से उड़ाने की धमकी दे रहा है। फिलहाल सभी बिंदुओं पर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष वरिष्ठ उप निरीक्षक हरिद्वार तिवारी ने बताया कि सुबह से ही टीम वायरल फोटो की तब्दीश में जुटी है। व्यक्ति की पहचान बाजपुरवा गांव निवासी अमरीका सिंह पुत्र अंग्रेज सिंह के रूप में हुई है। जल्द ही तमंचा सहित व्यक्ति को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# पंजाब के आतंकी हमले में शहीद जग प्रसाद यादव की पुण्यतिथि पर नम आंखों से लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने किया शहीद दिवस का आयोजन**

समृद्धि न्यूज



**गोण्डा।** पंजाब के तरनतारन में 7 सितंबर को , आतंकी हमले में शहीद सीआरपीएफ के जवान जग प्रसाद के शहीद दिवस पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल अमेठी ने शहीद के आवास पहुँचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनकी पत्नी कलावती का अभिवादन किया। पत्नी की मांग पर अगली पुण्यतिथि से पहले शहीद जग प्रसाद की प्रतिमा व उनके गांव जाने वाली सड़क पर तोरण द्वार बनवाने की घोषणा की गयी।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस के डारेक्टर जरनल ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने शहीदों के शहीद दिवस पर , उनके गांव में परिवारजनों संग उन्हें श्रद्धांजलि देने का निर्देश दिया है, जिसके क्रम में ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ अमेठी के डीआईजी के मार्गदर्शन में असिस्टेंट कमांडेंट अभिषेक यादव 20 जवानों के दल के साथ शहीद के गांव सहिबापुर पहुँचे। जवानों ने परिवार व गांव वालों के साथ शहीद जग प्रसाद को श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए असिस्टेंट कमांडेंट अभिषेक यादव ने कहा कि जग प्रसाद का जन्म सहिबापुर में 1अगस्त 1952 को हुआ था। 10 नवम्बर1974 को इन्होंने सीआरपीएफ के सिपाही पद पर कार्य शुरू किया।7 सितंबर1987 को पंजाब के तरनतारन में आतंकवादी हमले में शहीद हो गए। सीआरपीएफ अपने जवान को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़ी है । यही अहसास कराने हम सभी जवान आये हैं। पत्नी कलावती की मांग पर अगली पुण्यतिथि के पूर्व शहीद की प्रतिमा व तोरण द्वार बनवाने की घोषणा की गयी। शहीद जगप्रसाद को दो लड़कियां संजू और मंजू हैं । वर्तमान में उनकी बड़ी बेटी मंजू यादव सीआरपीएफ में ही लखनऊ में उपनिरीक्षक पद पर कार्यरत है जबकि बड़े दामाद नागेश यादव निरीक्षक हैं। श्रद्धांजलि देने वालों में उपनिरीक्षक एस के पाण्डेय सहित 20 जवान शामिल रहे। गांव के प्रधान ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार एसएन यादव के अलावा विक्रम यादव, राकेश यादव, प्रधानाध्यापक, अम्बिका प्रसाद यादव, इंदर प्रसाद गया लाल यादव आदि तमाम इलाके के लोगों ने हिस्सा लिया।

# सोशल मीडिया पर वायरल विडियो का डीएम ने लिया संज्ञान, पहुंची जांच टीम

**टीम ने गौशाला का किया निरीक्षण,व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने के दिए निर्देश**

समृद्धि न्यूज





**विशेश्वरगंज,बहराइच।** विशेश्वरगंज विकासखंड के ग्राम गिंधरिया की गौशाला का एक वीडियो से चर्चा में आ गई। गौशाला के पास जानवरों के अस्थि-कंकाल मिलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया।

फेसबुक और यूट्यूब पर वायरल इस वीडियो ने प्रशासन तक हलचल मचा दी।जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर पशु मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजेश उपाध्याय की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला की व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर ग्राम विकास अधिकारी महेश प्रताप सिंह ने मौके की जाँच की उन्होंने बताया कि दरअसल, गौशाला में एक गौवंश की मृत्यु हो गई थी, जिसे गड्ढे में दबाया गया था। जंगली जानवरों ने गड्ढा खोद दिया, जिससे अस्थि-कंकाल बाहर आ गया। बाद में अस्थियों को दोबारा मिट्टी से ढकवा दिया गया। अधिकारियों ने गौशाला प्रबंधन को सख्त निर्देश दिया है कि भविष्य में मृत पशुओं को सुरक्षित ढंग से दफनाया जाए।जांच के दौरान ग्राम प्रधान, पशु चिकित्सक कर्मी आनंद पांडेय, गोली पांडेय, चेतराम पुजारी, विजय कुमार, कोटेदार समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# आवारा कुत्ते का बच्चे पर हमला 12 साल के बच्चे की नाक काटी



समृद्धि न्यूज

**हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर**

**बहराइच।** गिलौला थाना क्षेत्र में एक आवारा कुत्ते ने 12 वर्षीय बच्चे पर हमला कर दिया। घटना रविवार दोपहर की है। मोहनलाल का पुत्र कृष वर्मा नित्य क्रिया के लिए घर से बाहर निकला था। इसी दौरान एक कुत्ते ने अचानक उस पर हमला कर दिया।

बच्चे की चीखें सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े। ग्रामीणों ने कुत्ते को भगाकर बच्चे को बचाया। हमले में कृष की नाक बुरी तरह जख्मी हो गई। परिजन तुरंत उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद बच्चे को बहराइच जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर आशीष वर्मा ने बच्चे का उपचार किया। चोटों की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने बच्चे को लखनऊ रेफर कर दिया।

### खंभे से टकराई बाइक, दो की मौत, खेत की पैमाइश कराकर लौट रहे थे दो बुजुर्ग



**बहराइच।** हरदी इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। रामगांव थाना क्षेत्र के आंबेडकर नगर गांव के दो बुजुर्ग खेत की पैमाइश कराकर घर लौट रहे थे। इस दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंभे से टकरा गई। हादसे में 60 वर्षीय तुलसीराम और 65 वर्षीय मधई घायल हो गए। दोनों रविवार को पंचदेवरी ग्राम में खेत की पैमाइश कराने गए थे। वापसी के दौरान खर्चाहा-बहराइच रोड पर उमरपुर घाट पुल के पास बाला सराय के निकट यह हादसा हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची हरदी पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान-गणित मेला

**पांच स्कूलों के 140 छात्रों ने दिखाई प्रतिभा, विजेताओं को मिले मेडल व सर्टिफिकेट**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संकुल स्तरीय विज्ञान-गणित मेले और सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के पांच विद्यालयों से 140 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

किसान पीजी कॉलेज के वर्तमान सचिव और पूर्व प्राचार्य मेजर एसपी सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संकुल प्रमुख प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया। विज्ञान प्रमुख जितेंद्र बाजपेई ने कार्यक्रम का वृत्त प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में विज्ञान प्रदर्श, गणित प्रदर्श, विज्ञान प्रयोग, गणित मापन, विज्ञान प्रश्नमंच, संस्कृत प्रश्नमंच, आशुभाषण, मूर्तिकला और पत्रवाचन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रखर सिंह, ज्योत्सना, नितेश, आदेश, सौम्यकांत, सत्यदेव, वैशाली, अनुष्का, अंशुमान और बृज गांधी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रांतीय पर्यवेक्षक सुरेश मणि ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में तार्किक शक्ति, विज्ञान के प्रति रुचि और संस्कृति के प्रति सम्मान को बढ़ावा देती हैं। विजेता छात्रों को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मातरम के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रबंधक कमलेश कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष राम नारायण पांडेय, ओम पाल सिंह, दीन दयाल पाठक समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लखनऊ-बहराइच राजमार्ग पर स्पीड राडार से जांच



समृद्धि न्यूज

**तेज रफ्तार 53 वाहनों का 1.06 लाख रुपए का कटा जुर्माना**

**बहराइच।** सड़क दुर्घटनाओं और मृत्यु दर में 50 प्रतिशत की कमी लाने के लिए बहराइच यातायात पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई की। लखनऊ-बहराइच राजमार्ग पर तेज गति से चलने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया।

पुलिस ने स्पीड रडार यंत्र से वाहनों की गति मापी। निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज चलते पाए गए 53 वाहनों का चालान किया गया। इन वाहनों पर कुल 1 लाख 6 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया।

यातायात पुलिस ने जनता से अपील की है कि वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा का पालन करें। पुलिस ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है।

**प्रतियोगिता** | बहराइच के युवा निशानेबाज भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने स्टेट चैंपियनशिप में लहराया परचम

# राज्यस्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में विधायक का शानदार प्रदर्शन

**सीनियर मास्टर श्रेणी में सिल्वर मेडल जीत कर रचा इतिहास**

समृद्धि न्यूज






**बहराइच।** जनपद के महसी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सुरेश्वर सिंह ने निशानेबाजी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जयपुर में आयोजित राज्यस्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल हासिल किया है।

श्री सिंह ने 50 मी राइफल पीआरओएनई में सीनियर मास्टर श्रेणी के अंतर्गत 600 में से 498 अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने सिल्वर मेडल प्राप्त करते हुए प्री नेशनल के लिए सफलतापूर्वक क्वालिफाई करते हुए इतिहास रचा है।50 मीटर राइफल( प्रोन) ग्रुप कैटेगरी में विधायक सुरेश्वर सिंह ने गगनदीप सिंह व मनमोहन सिंह (मोनू) के साथ चौथा स्थान हासिल किया। उनका यह प्रदर्शन निशानेबाजी के क्षेत्र में प्रदेश के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है।

इसी कैटेगरी में मनमोहन सिंह (मोनू ) ने 548 अंक व अरूणेन्द्र प्रताप सिंह ने 535 अंक अर्जित कर प्री नेशनल के लिए क्वालीफाई किया है। वहीं जनपद के युवा निशानेबाज

**डीईएएफ कैटेगरी में डबल गोल्ड मेडल जीत कर बनाया कीर्तिमान, विधायक पिता-पुत्र की जोड़ी ने प्री नेशनल शूटिंग के लिए क्वालीफाई कर बढ़ाया जनपद का गौरव, प्री नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए जिले के पांच खिलाड़ियों ने किया क्वालीफाई**

भूपेंद्र प्रताप सिंह ने डीईएएफ श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर राइफल व 50 मी .22 रायफल स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो गोल्ड मेडल हासिल करने का गौरव प्राप्त किया है। स्टेट चैंपियनशिप में दो मेडल हासिल करने वाले वे जिले के पहले निशानेबाज बने हैं। ट्रैप शॉटगन प्रतियोगिता में अखंड प्रताप सिंह ने 50 में से 27अंक अर्जित कर प्री नेशनल के लिए क्वालीफाई किया वहीं इनकी टीम ने12 बोर डबल ट्रैप प्रतियोगिता में गगनदीप सिंह व आमिर खुर्शीद के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया।

भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा 31अगस्त से 7 सितंबर तक आरएसएससी ओएसिस शूटिंग रेंज जयपुर राजस्थान में आयोजित 48 वीं स्टेट चैंपियनशिप में प्रदेश भर के तकरीबन 5000 श्रेष्ठ निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। विजयी प्रतिभागियों को ओलंपिक रजत पदक विजेता व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह राठौड़ ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि इस चैंपियनशिप में क्वालीफाई कर चुके निशानेबाज आगामी प्री नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।

विधायक की इस उपलब्धि पर महसी क्षेत्र सहित पूरे जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई है। समर्थकों और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विधायक सुरेश्वर सिंह ने इससे पूर्व भी विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों में अपनी सक्रिय भागीदारी से क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## सुनवाई से अलग होना

हाल के दिनों में देश की विभिन्न अदालतों में न्यायिक सुनवाई से अलग होने की घटनाओं में लगातार वृद्धि असहज करने वाली ही है। हालांकि, निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिये सुनवाई से अलग होना एक स्थापित सुरक्षा उपाय है, लेकिन जिस तरह इसका इस्तेमाल और संप्रेषण किया जाता है, उसने कई चिंताजनक प्रश्न तो खड़े किए ही जा सकते हैं।

देश के राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण यानी एनसीएलएटी के एक प्रकरण, जहां एक सदस्य ने खुलासा किया कि वह एक मामले से खुद को अलग कर रहा है क्योंकि एक उच्च न्यायिक व्यक्ति ने उसे एक पक्ष का पक्ष लेने के लिये संपर्क किया था, ने इस प्रक्रिया में विश्वास को ठेस पहुंचायी है। हाल ही में, शीर्ष अदालत के न्यायाधीश एमएम सुंदरेश ने बिना कोई कारण बताए दलित-अधिकार वकील सुरेंद्र गाडलिंग की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। इससे पहले भी, कर्नाटक उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी कामेश्वर राव ने संस्था से संबंधों का हवाला देते हुए एनएलएसआईयू ट्रांसजेंडर आरक्षण अपील से खुद को अलग कर लिया था। यहां तक कि मुख्य न्यायाधीशों- संजीव खन्ना ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति मामले में और बी.आर.गवई ने एक आंतरिक न्यायिक जांच मामले में खुद को अलग कर लिया था।

निस्संदेह, इस तरह की असंगतता पारदर्शिता के बारे में मिले-जुले संकेत देती है। जो जनमानस में इस बाबत नये विमर्श को जन्म देता है। इसमें दो राय नहीं कि इस संबंध में कानून में स्पष्टता की दरकार है। सुनवाई से अलग होने के लिये कोई संहिताबद्ध ढांचा नहीं है।यहां उल्लेखनीय है कि मई 2025 में, सर्वोच्च न्यायालय ने एक समान नियम बनाने की याचिका को यह कह कर खारिज कर दिया था कि सुनवाई से अलग होना व्यक्तिगत विवेक का मामला है। ऐसे मामलों में न्यायिक स्वतंत्रता ऐसी स्वायत्तता की मांग करती है, वहीं अस्पष्टता जनता के विश्वास को कमजोर करती है। निस्संदेह, जनसाधारण की न्यायिक व्यवस्था में आस्था मजबूत करने के लिये न्याय न केवल किया जाना चाहिए, बल्कि होते हुए भी दिखना चाहिए। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में, सुनवाई से अलग होने के मामले केवल न्यायिक मूल्यों के पुनर्कथन और न्यायिक आचरण के बैंगलौर सिद्धांतों जैसी नरम-कानून संहिताओं द्वारा निर्देशित होते हैं। वास्तव में वे कारणों का खुलासा करने का कोई बाध्यकारी दायित्व तय नहीं करते। इसका परिमाण ही असमान व्यवहार है। इस बाबत कुछ न्यायाधीश तो स्पष्टीकरण देते हैं, जबकि कई अन्य ऐसे मामलों में खामोशी धारण कर लेते हैं।

निःसंदेह, ऐसी परंपराओं से जन साधारण में अटकलों और न्यायिक प्रक्रिया में देरी को बढ़ावा ही मिलता है। इस दिशा में एक मध्य मार्ग भी संभव है। न्यायालय न्यूनतम प्रकटीकरण मानक अपना सकते हैं। आदेश पत्र पर एक पंक्ति की 'कारण श्रेणी' और एक केंद्रीय सुनवाई रजिस्टर की व्यवस्था की जा सकती है। इस प्रकार से कुछ हल्के-फुल्के सुधार न्यायिक स्वतंत्रता की रक्षा ही करेंगे। सही मायनों में खामोशी, खासकर संवेदनशील मामलों में, अब तटस्थ नहीं रही।

समृद्धि न्यूज़

# पितृपक्ष : पांच ग्रास और प्राणियों के निमित्त संदेश

**रमेश शर्मा**



पूरे संसार में अपने पूर्वजों के स्मरण करने और श्रृद्धांजलि अर्पित करने की परंपरा है। लेकिन भारत में अपने पूर्वजों के स्मरण की यह पितृपक्ष की अवधि व्यक्तित्व निर्माण, कुटुम्ब महत्ता और प्रकृति से समन्वय की अद्भुत अवधि है। वस्तुतः भारतीय और पश्चिमी चिंतन में एक आधारभूत अंतर है। पश्चिमी चिंतन केवल वाह्य जगत अर्थात भौतिक सृष्टि तक सीमित है जबकि भारतीय चिंतन लौकिक से अधिक अलौकिक सृष्टि तक व्यापक है। विकास के लिये जितना जोर वाह्य शक्ति और साधनों पर दिया जाता है उससे अधिक आंतरिक ऊर्जा के संचार पर दिया जाता है। इसे हम सनातन परंपरा के सभी सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक समागमों से समझ सकते हैं और यही विशेषता पूर्वजों के स्मरण के लिये पितृपक्ष के इन दिनों की है।

सूर्योदय से सूर्यास्त तक की पूरी दिनचर्या आंतरिक ऊर्जा जाग्रत करने और आरोग्य शक्ति अर्जित करने की अद्भुत प्रक्रिया है। जबकि इसके कर्मकांड कुटुम्ब समन्वय और प्रकृति से समन्वय बनाकर पर्यावरण संरक्षण के निमित्त हैं। पितृपक्ष की दिनचर्या पर चर्चा करने से पहले इन तीन बिन्दुओं को समझना आवश्यक है। पहली व्यक्ति के अवचेतन की शक्ति, दूसरी आंतरिक ऊर्जा और तीसरी कुटुम्बिक शक्ति एवं ऊर्जा। आंतरिक ऊर्जा और अवचेतन की शक्ति जाग्रत करने के लिये एकाग्रता चाहिए। ऐसी एकाग्रता जिसमें मन के साथ सभी ज्ञानेन्द्रियाँ और कर्मेन्द्रियों संयुक्त हों।

इसके लिये पितृपक्ष में ब्रह्म मुहूर्त में उठना, सूर्योदय से पूर्व नदी या सरोवर पर स्नान करके सूर्य को जल अर्पित करने का विधान बनाया गया। घर से नदी या सरोवर जाने में दिवंगत पूर्वजों का स्मरण रहता है। इससे चित्त में एकाग्रता आती है। स्नान करके लौटने में सबका स्मरण बना रहता है। इतनी देर किसी सकारात्मक विचार की एकाग्रता से आत्मशक्ति जाग्रत होती है। यही आत्मशक्ति व्यक्ति पराक्रम और पुरुषार्थ में गुणवत्ता प्रदान करती है। घर आकर पूजन हवन और पाँच ग्रास निकालना मनोवैज्ञानिक रूप से व्यक्ति, परिवार और प्रकृति से समन्वय का साधन है। इन पांच ग्रास में मछली, चींटी, कौआ, गाय और कुत्ता होते हैं। अर्थात जलचर, थलचर और नभचर तीनों प्रकार के जीवों के संरक्षण का संदेश है।

पितृपक्ष या पितरों की महत्ता का उल्लेख सभी पुराणों में है। श्रीमद्भागवत की रचना ही पूर्वजों की मुक्ति केलिये मानी जाती है। विस्तृत वर्णन गरुण पुराण में है। पितृपक्ष में दिवंगत कुटुम्बजनों का स्मरण करने को श्राद्ध कहा जाता है। श्रृद्धाकी केन्द्रीभूत चेतना को श्राद्ध कहा जाता है। सबसे पहले पूर्वजों के प्रतीक के रूप में जौं के आटे का एक छोटा पिण्ड बनाया जाता है। पिण्ड स्थापित करके पितृ गायत्री मंत्र के साथ 108 बार जल अर्पित किया जाता है। पूजन-अर्पण के बाद इस पिण्ड को पीपल के नीचे रखकर अर्पित किये गये जल को किसी बहते जल स्त्रोत में प्रवाहित कर दिया जाता है। फिर कमसे कम एक अभ्यागत अर्थात आमंत्रित अतिथि को भोजन कराने का विधान हैं। यह माना जाता है कि हमारे परिवार जन भले हमारे बीच से विदा हो गये हैं पर उनकी ऊर्जा अवश्य परिवार में रहती है।

**पांच ग्रास निकालने का महत्वः-** इसमें पूजन हवन विधि के बाद महत्वपूर्ण है पांच अलग-अलग प्राणियों के लिये ग्रास निकालना । इनमें गाय, कुत्ता, मछली, चींटी और कौआ हैं। पितरों के संदर्भ इन पांच प्राणियों का जो महत्व पुराणों में वर्णित है उससे अलग इनका समाज और व्यक्तित्व निर्माण से गहरा संबंध है। पितृपक्ष में ग्रास निकालने की परंपरा बनाकर इनका समाज से अटूट रिश्ता बनाने का प्रयास किया गया है। सबसे पहले गाय की महत्ता को देखिये। गाय का दूध हृदयरोग, मधुमेह, कैंसर उपचार में उपयोगी है। गाय का गोबर कृषि के लिये उपयोगी है। गौमूत्र से औषधि तैयार होती है। गाय की श्वांस से हानिकारक बैक्टीरिया नष्ट होते हैं। इसीलिये भारत के विभिन्न तीज त्योहारों में अलग-अलग माध्यम से गाय को जोड़ा गया और महत्व को स्थापित किया गया है। गाय व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिये तो उपयोगी है ही साथ ही परिवार और समाज की अर्थव्यवस्था में भी बहुत उपयोगी है। इसके साथ गाय के जीवन से व्यक्ति और समाज को सर्व उपयोगी होने और सेवाभाव में जीने का संदेश भी मिलता है। गाय सबसे सरल, सहज और सेवाभावी जीव है। तभी सरल सज्जन और सहनशीलता के लिये गाय का उदाहरण दिया जाता है।

दूसरा ग्रास कुत्ते के लिये निकाला जाता है। कुत्ता जैसा स्वामी भक्त जीव दूसरा नहीं होता। वह कभी भी पीठ नहीं दिखाता, यदि रणनीति के अंतर्गत वह पीछे हटता है तब भी भौंकता रहता है और अवसर मिलते ही पलटकर हमला करता है। अपने प्राण देकर भी स्वामी की रक्षा करता है। उसकी सूंघने की शक्ति अद्भुत होती है। वह नींद में भी जागरुक रहता है। इसीलिए दत्तात्रेय जी ने कुत्ते को एक आदर्श प्राणी बताया समाज से सदैव सीखने का आव्हान किया। भारतीय मनीषियों ने भी विभिन्न कथाओं के माध्यम से कुत्ते के महत्व को समझाया। धर्मराज युधिष्ठिर के साथ कुत्ते की स्वर्गारोहण यात्रा सुप्रसिद्ध है । यहां भी पितरों की सेवा को साक्षी बनाकर कुत्ते से परिवार और समाज को जोड़ा गया है।

पितृपक्ष एवं श्राद्ध में तीसरा ग्रास मछली के लिये निकाला जाता है तथा नदी तालाब में जाकर डाला जाता है। जल किसी भी प्राणी के जीवन का आधार होता है जल की कमी हो या जल अशुद्ध हो तो जीवन संकट में पड़ जाता है और जल का सबसे महत्वपूर्ण स्त्रोत नदी और सरोवर होते हैं। जहाँ मछलियाँ रहतीं हैं। नदी सरोवर या कुँए के जल को शुद्ध रखने का काम मछली करती है । नदी तालाबों में जल को प्रदूषित करने वाले कीटों को मछली अपना आहार बना लेती है । लगता है कि प्रकृति ने जल शुद्धिकरण केलिये ही मछली को बनाया है। अज्ञानता में मनुष्य मछली का कोई अहित न करे इसलिये पितृपक्ष के माध्यम से मछली के संरक्षण को महत्व दिया गया। अलग-अलग पुराण कथाओं में मछली के महत्व को समझाया गया है। मछली के रूप में नारायण के अवतार की कथा भी है। मछली के महत्व को समाज भूले नहीं इसलिये पितृ पूजन से भी मछली को जोड़ा गया। आज भी भारतीय वाड्मय के जानकार लोग मछलियों को दाना डालने जाते हैं।

चौथा ग्रास चींटी के लिये निकाला जाता है। पितृपक्ष में चींटी को भी समाज से जोड़ा गया । आधुनिक विज्ञान के शोध के अनुसार चींटी धरती के पुनर्चक्र को सक्रिय करने में सबसे महत्वपूर्ण होती है। धरती का यह पुर्नचक्र ही धरती के पोषक तत्वों को पुनर्जीवित करता है। इसी से प्राणियों के जीवन श्रृंखला को निरंतर रहती है। समाज चींटी का संरक्षण करे, इसके लिये विभिन्न कथाओं के माध्यम से समाज को जागरुक किया गया और पितृपूजन से भी जोड़ा। चींटी की सूंघने की शक्ति अद्भुत है । चींटियों में सामाजिक अनुशासन भी है। वे श्रृंखला बद्ध होकर चलतीं हैं। कभी कतार नहीं तोडतीं। कतार को अनुशासित करने केलिये एक टीम चलती है। भोजन खोजने वाली टीम अलग होती है और भोजन ढोकर लाने वाली भी टीम अलग होती है। चीटियों में सामाजिक एकत्व और संगठनात्मक अनुशासन अद्भुत होता है। चींटी से यह संदेश भी है कि भले हमारा अस्तित्व कितना ही लघुतम हो किन्तु मनोबल ऐसा होना चाहिए कि हाथी समान विशालकाय जीव भी भयभीत रहे और संकट आने पर हाथी को भी धराशाई किया जा सके।

पितृपक्ष में पांचवां ग्रास कौए के लिये निकाला जाता है। कौए की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसकी जीवन शैली सर्वाधिक आत्म अनुशासित है इसीलिए यह सबसे कम बीमार होता है, यह भोजन को देखकर उसमें अशुद्धता भांप लेता है और हानिकारक होने का आभास होते ही ग्रहण नहीं करता। यह भूख से तो मर जाता है पर बीमारी से कभी नहीं मरता। कौए को कभी थकान नहीं होती। कौआ उन विरले प्राणियों में से एक है जो नर और मादा दोनों एक ही आकार के होते हैं। कौये समूह बनाकर रहते हैं। यदि एक साथी कौए को कुछ हो जाये तो दूसरा कौआ साथी भोजन ग्रहण नहीं करता। इसकी समझ और देखने की सामर्थ्य भी बहुत तीखी होती है। पौराणिक महत्व के अतिरिक्त कौए को समाज से जोड़ने का संदेश यही है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति कुशाग्र हो, दूरदृष्ट हो, समाज संगठित हो।

भारतीय वाड्मय में समाज जीवन में अच्छे व्यवहार की सीख देने वाली अनेक कथाएं हैं पर समाज व्यवहारिक रूप से भी अपने प्रेरणादायकों से जुड़ा रहे। इसलिये पितृपक्ष में इन प्रतीकों के माध्यम से समाज को जाग्रत करने का कर्मकांड निर्धारित किया गया है।

### विचार

# अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाएं

पश्चिम बंगाल की विधानसभा में संविधान, लोकतंत्र, गरिमा, मर्यादा को तार-तार किया गया। क्षोभ और शर्मिंदगी के कोई और शब्द हैं, तो उनका उल्लेख भी किया जा सकता है। यह न तो संघीय ढांचा है और न ही अभिव्यक्ति की आजादी है। हम जानते हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समविचारक नहीं होंगी। जब वह लोकसभा सांसद थीं, तब ऐसा हुड़दंग मचाया था कि स्पीकर सोमनाथ चटर्जी पर बिल के टुकड़े-टुकड़े कर उछाल दिए थे। तब उन्होंने बंगाल में घुसपैठियों के मुद्दे पर अपना नकारात्मक आक्रोश, रोष व्यक्त किया था। आज भी वही मुद्दा है, लेकिन आज वह खुद मुख्यमंत्री हैं। आज राजनीति के कारण उनके सुर और रवैये बदल चुके हैं। आज ममता बनर्जी बांग्लादेशी घुसपैठियों की अवधारणा मानती ही नहीं। उन्होंने 'बांग्लाभाषी' और 'प्रवासी बंगाली' सरीखे नए शब्द गढ़ लिए हैं और केंद्र सरकार पर 'बंगालियों पर अत्याचार' के आरोप मढ़ रही हैं। ममता बनर्जी ऐसी पहली मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने विधानसभा में चीख-चीख कर नारे लगाए हैं-'मोदी चोर, वोट चोर, अमित शाह चोरज्भाजपा डकैतों, आतंकियों, अत्याचारियों की पार्टी है।' यह दुखद ही नहीं, बेशर्मी और नालायकी है, दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक मुख्यमंत्री ने सदन में ही देश के प्रधानमंत्री को 'चोर, डकैत, अत्याचारी' करार दिया है। अफसोस और विडंबना यह है कि ऐसे गालीबाज मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई संवैधानिक कार्रवाई नहीं की गई है और न ही हमें ऐसी कोई संभावना लगती है। क्या देश का प्रधानमंत्री ऐसा किरदार बना दिया गया है, जिसके खिलाफ तमाम मर्यादाओं और संवैधानिक आचरणों की हदें लांघी जा सकती हैं? क्या संविधान में ऐसे भी अनुच्छेद हैं, जिनके तहत प्रधानमंत्री को, कोई भी, किसी भी मौके पर, गालियां देकर अपमानित कर सकता है? यह निरंकुशता लोकतांत्रिक और संघीय भी नहीं है। 'वोट चोर' कुछ हद तक राजनीतिक और चुनावी मुद्दा हो सकता है, लेकिन ये शब्द भी आपत्तिजनक और अश्लील हैं। अब चुनाव आयोग 10 सितंबर को सभी क्षेत्रीय मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ देश भर में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण को लेकर विमर्श करेगा।

जाहिर है कि बिहार वाली प्रक्रिया बंगाल में भी हो सकती है, क्योंकि अप्रैल, 2026 के आसपास वहां विधानसभा चुनाव होने हैं। असम, तमिलनाडु, पांडिचेरी, केरल आदि राज्यों में भी 2026 में चुनाव हैं। कौन-कौन, मतदाता संशोधन की इस कवायद के मद्देनजर प्रधानमंत्री को 'चोर' कहेगा? क्या इस संवैधानिक प्रक्रिया पर प्रधानमंत्री और चुनाव आयोग को, ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस, 'चोर' करार देते हुए विरोध प्रकट करेगी? बंगाल में हिंसक प्रदर्शन भी किए जाएंगे? एक राज्य में अराजकता फैलाने की बौनी राजनीति खेली जाएगी? बेशक सदनों की गरिमा और उनके चरित्र को इतना खंडित न किया जाए कि पक्ष और विपक्ष के निर्वाचित सदस्य हाथापाई करें, मारपीट तक की नौबत आ जाए और सदस्यों को जमीन पर ही चित पटकनी दे दी जाए। बंगाल की विधानसभा में यह सब कुछ हुआ। भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष को अस्पताल तक ले जाना पड़ा। नेता प्रतिपक्ष सुवेन्दु अधिकारी को भी मार्शलों के जरिए सदन से बाहर कर दिया गया। दुर्भाग्य है कि अब सभी स्तरों के सदनों में ऐसा ही माहौल देखने को मिलता है। अब सांसदों/विधायकों के निलंबन भी स्पीकर के नीर-क्षीर विवेक के उदाहरण नहीं रहे। सभापति अपने राजनीतिक दल से प्रभावित रहते हैं, लिहाजा फैसले तटस्थ नहीं माने जा सकते। यकीनन ये दृश्य लोकतंत्र और संविधान के सबसे कलंकित अपमान हैं। यदि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सदन में बिंदुवार बंगालियों के अत्याचार की घटनाएं पेश करतीं, सदन संयत होकर कार्यवाही करता, तो वह एक राष्ट्रीय मुद्दा बन सकता था। 'मोदी चोर' कहकर तो ममता ने अपनी छीछालेदर कराई है। अब यह मुद्दा हंगामा मचाएगा कि ममता घुसपैठियों, बांग्लादेशियों, अवैध प्रवासियों के वोट बैंक की राजनीति करती हैं। देश में करीब 2.5 करोड़ घुसपैठिए हैं, यह आंकड़ा बहुत पुराना है, लिहाजा मोदी सरकार भी सवालिया रही है कि अभी तक घुसपैठियों को देशनिकाला देकर उनके मूल देश क्यों नहीं भेजा जा सका? यह गति अत्यंत धीमी क्यों है? बहरहाल कहा जा सकता है कि घुसपैठ के मुद्दे पर सभी राजनीतिक दल ईमानदार नहीं हैं। भारत ऐसा अकेला देश है, जहां घुसपैठियों का मनोबल बढ़ाने वाली पार्टियां भी हैं। आपस में गालियां देने के बजाय आत्ममंथन करें कि यदि देश की एकता, अखंडता को बचाना है, तो घुसपैठियों पर सर्वसम्मत फैसला लें।

### तर्पण

## पिता से सीखी सेवा और मिले संस्कार






स्व. मनोज कुमार गुप्ता

अनुज गुप्ता 'जॉनी', वरुण गुप्ता 'गोलू'

**छिबरामऊ, कन्नौज।** समय से पूर्व ईश्वर ने मेरे सिर से पिता का साया छीन लिया। मेरे पिता स्व. मनोज कुमार गुप्ता मेरे लिए देवपुरुष से कम नहीं थे। उन्हीं से मिले संस्कारों की वजह से मुझे यश प्राप्त हो रहा है। लोगों की सेवा करना और व्यापार करना भी मुझे पिताश्री से ही विरासत में मिला है। उनकी ईश्वर में अपार श्रद्धा थी। अतिथि उनके लिए देव के समान होता था, क्रोध से कभी उनका वास्ता नहीं पड़ा। मुझे नहीं याद उन्होंने मुझे कभी डांटा हो। गलती हो भी जाती थीं तो हमें प्यार से समझा देते थे, लेकिन फिर भी मैं उनसे डरता था और और कोशिश करता था कि गलतियां नहीं हों। वही मेरी पहली और अंतिम पाठशाला थे। विश्वास नहीं होता वे हमारे साथ नहीं हैं। घर में सदैव उनका आभास होता है। मैं सदैव आपके बताए रास्ते पर चलूँगा। आप जहां भी हों अपना आशीर्वाद मुझ पर और परिवार पर बनाए रखना।

आपको पितृपक्ष और श्रद्धा के महापर्व पर शत-शत नमन। ईश्वर आपको अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

**अनुज गुप्ता जॉनी**
**पूर्व अध्यक्ष श्री रामलीला कमेटी**
**वरुण गुप्ता गोलू**
**मे. मनोजकुमार गुप्ता, मां दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी, न्यू बालाजी ट्रेडर्स, नवीन मंडी छिबरामऊ, श्री बालाजी इंडस्ट्रीज जसुआमई**

### साहित्य



## आओ प्यारे तुम्हे बताएं

**आचार्य श्रवण कुमार मिश्र**


शिक्षक दीपक सा जलता है।
अंधकार को वह हरता है।
ज्ञान सिन्धु मन में भरता है।
सद्गुण कोटि लिए फिरता है।।
सहज नहीं कहलाते गुरुवर शिक्षा जगत महान है।
आओ प्यारे तुम्हे बताएं क्या मेरी पहचान है।।1।।

शिक्षक जिसकी है मधु वानी।
कथनी करनी भेद न जानी।
सत्य वचन जिन वेद बखानी।
ज्ञानिहु ते जिन्ह प्रिय विज्ञानी
नवाचार प्रतिदिन गढ़ते है हम ऐसे इंसान है।
आओ प्यारे तुम्हे बताएं क्या मेरी पहचान है।।2।।

अनुशासन की संज्ञा मेरी ।
धवल ज्ञान की गंगा मेरी।
विजयी विश्व तिरंगा मेरी।
भारत स्वर्ण विहंगा मेरी।।
सेवा के मार्ग पर चलना जीवन का अभियान है।
आओ प्यारे तुम्हे बताएं क्या मेरी पहचान है।।3।।

गुरु वशिष्ठ सच्चरित राम का।
मोह न दंभ न क्रोध काम का।
विप्र सुदामा मित्र श्याम का।
सत्य प्रेम पथ धर्म धाम का।।
करुणा का संदेश सुनाते हम प्रेमी वरदान है।
आओ प्यार तुम्हें बताएं क्या मेरी पहचान है।।4।।

ज्यों चंद्रगुप्त चाणक्य नीतिमय।
सुलभशिष्य सज्जन विनीतमय।
हो भारत भव्य अखंड प्रीतिमय।
स्व देश परम हित युद्ध रीतिमय।।
(श्रवण) शिष्य उत्थान करें यह शिक्षक का अभिमान है।
आओ प्यारे तुम्हें बताएं क्या मेरी पहचान है।।5।।





## राशिफल

**मेषः-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें।

**वृषभ :-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्कः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। पत्नी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्या :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन साथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

**तुलाः-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव।

**धनुः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**मकर :-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी।

**मीन :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो।

# तरक्की के शहर, अकेलेपन के घर

*डॉ. सत्यवान सौरभ*

महानगरों में लाखों लोग रहते हैं, परंतु अधिकांश अपने पड़ोसियों को भी नहीं पहचानते। एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत शहरी भारतीयों ने स्वीकार किया कि वे खुद को अकेला महसूस करते हैं। यह आँकड़ा दिखाता है कि आधुनिक शहरी जीवन ने भले ही हमें भौतिक सुविधाएँ दी हों, परंतु भावनात्मक और सामाजिक रूप से हमें कमजोर किया है। तकनीक ने भी इस अकेलेपन को बढ़ाया है। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया पर निर्भरता ने वास्तविक मानवीय बातचीत को सीमित कर दिया है।

मेट्रो या बस में सफर करते हुए अक्सर लोग एक-दूसरे से संवाद नहीं करते, बल्कि मोबाइल स्क्रीन में डूबे रहते हैं। शहरीकरण ने भारत के सामाजिक जीवन और मानवीय संबंधों को गहराई से प्रभावित किया है। यह केवल आर्थिक प्रगति का साधन नहीं बल्कि एक ऐसा सामाजिक परिवर्तन भी है जिसने हमारे पारंपरिक रिश्तों, विश्वास और आपसी सहयोग की प्रकृति को बदल दिया है। शहरी जीवन की रफ्तार, अवसरों की विविधता और सेवाओं तक आसान पहुँच ने निश्चित ही नागरिकों को नए विकल्प दिए हैं, परंतु इसके साथ ही यह प्रक्रिया मानवीय संवेदनाओं और सामुदायिक रिश्तों को भी चुनौती देती रही है।

शहरों के विस्तार ने लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे अवसरों के करीब लाया। पहले जहाँ ग्रामीण भारत में इन सुविधाओं तक पहुँच कठिन थी, वहीं शहरी क्षेत्रों ने इन्हें आसान बनाया। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे महानगरों में विश्वस्तरीय अस्पताल, विश्वविद्यालय और सांस्कृतिक केंद्र मौजूद हैं। यह स्थान केवल सेवाएँ ही उपलब्ध नहीं कराते, बल्कि ज्ञान और विचारों के आदान-प्रदान के मंच भी बनते हैं। इसी वजह से शहरी जीवन को आधुनिक भारत का इंजन कहा जाता है। यहाँ के निवासी विभिन्न भाषाई, धार्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आते हैं, जिससे विविधता का अनुभव होता है और सहिष्णुता की भावना विकसित होती है। साथ ही, शहरी जीवन में सांस्कृतिक समृद्धि और नागरिक चेतना भी प्रबल होती है।

कला दीर्घाएँ, पुस्तकालय, रंगमंच, साहित्यिक सभाएँ और जनआंदोलन जैसी गतिविधियाँ शहरों की पहचान रही हैं। चाहे वह कोलकाता की अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स हो या दिल्ली का इंडिया हैबिटेट सेंटरकृये स्थान सामूहिक संवाद और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। इसके अतिरिक्त, बेंगलुरु जैसे शहरों में आईटी उद्योग और स्टार्टअप संस्कृति ने पेशेवर सहयोग और नेटवर्किंग की नई संभावनाएँ खोली हैं। नागरिक स्वयं भी संगठित होकर अपने अधिकारों और सुविधाओं के लिए आवाज उठाते हैं। गुरुग्राम की आवासीय कल्याण समितियों द्वारा कचरा प्रबंधन और जलभराव के खिलाफ अभियान इसका उदाहरण हैं। लेकिन इन सब सकारात्मक पहलुओं के बीच शहरीकरण का एक दूसरा चेहरा भी है, जो कहीं अधिक गहन सामाजिक संकट की ओर इशारा करता है। सबसे बड़ी चुनौती है सामुदायिक बंधनों का क्षरण। गाँवों में जहाँ पड़ोसियों और रिश्तेदारों के बीच गहरे संबंध होते हैं, वहीं शहरों में रहने वाले लोग अक्सर अनजानेपन और दूरी का अनुभव करते हैं। गेटेड सोसाइटी और उच्च-आय वर्गीय कॉलोनियों ने सामाजिक जीवन को खंडित कर दिया है। लोग अपने छोटे-से घेरे में सिमट जाते हैं और अन्य के प्रति अविश्वास पनपने लगता है। यह प्रवृत्ति समाज में सामूहिक विश्वास और सहयोग की भावना को कमजोर करती है। शहरी जीवन का दूसरा बड़ा संकट है अकेलापन। भीड़भाड़ और व्यस्तता के बावजूद लोग व्यक्तिगत रूप से अलग-थलग पड़ जाते हैं। महानगरों में लाखों लोग रहते हैं, परंतु अधिकांश अपने पड़ोसियों को भी नहीं पहचानते।

एक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत शहरी भारतीयों ने स्वीकार किया कि वे खुद को अकेला महसूस करते हैं। यह आँकड़ा दिखाता है कि आधुनिक शहरी जीवन ने भले ही हमें भौतिक सुविधाएँ दी हों, परंतु भावनात्मक और सामाजिक रूप से हमें कमजोर किया है। तकनीक ने भी इस अकेलेपन को बढ़ाया है। स्मार्टफोन और सोशल मीडिया पर निर्भरता ने वास्तविक मानवीय बातचीत को सीमित कर दिया है। मेट्रो या बस में सफर करते हुए अक्सर लोग एक-दूसरे से संवाद नहीं करते, बल्कि मोबाइल स्क्रीन में डूबे रहते हैं। यह प्रवृत्ति समाजशास्त्री जॉर्ज सिमेल की उस धारणा को सही साबित करती है जिसमें उन्होंने आधुनिक शहरों को भीड़ में अकेलेपन का प्रतीक कहा था। साथ ही, शहरी जीवन की भीड़-भाड़ और संसाधनों की कमी ने तनाव और संघर्ष को भी जन्म दिया है। पानी, बिजली, यातायात और पार्किंग जैसे मुद्दों पर झगड़े आम हो गए हैं। दिल्ली जैसे शहरों में पार्किंग विवाद कई बार हिंसा तक पहुँच जाते हैं। वाहन प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाएँ भी नागरिक जीवन की असुरक्षा को बढ़ाती हैं। पैदल चलने वालों के लिए सुरक्षित स्थान कम होते जा रहे हैं, जिससे साझा सार्वजनिक जीवन घटता जा रहा है। यह कमी सामाजिक पूँजी पर सीधा आघात करती है, क्योंकि खुले और सुरक्षित सार्वजनिक स्थल ही लोगों के बीच संवाद और सहयोग को जन्म देते हैं। इस प्रकार, शहरीकरण ने भारत के सामाजिक पूँजी पर दोतरफा असर डाला है। एक ओर इसने शिक्षा, स्वास्थ्य, विविधता और सांस्कृतिक उन्नति के अवसर दिए, तो दूसरी ओर इसने रिश्तों को सतही, अस्थिर और अविश्वासी बना दिया। आर्थिक विकास की गति में हमने भावनात्मक और सामुदायिक जीवन को पीछे छोड़ दिया। आवश्यक है कि शहरी नियोजन केवल भौतिक ढाँचे तक सीमित न रहे, बल्कि उसमें मानवीय संबंधों की गरिमा और सामुदायिक जीवन की बहाली को भी स्थान मिले। हमें ऐसे सार्वजनिक स्थल चाहिए जहाँ लोग सहजता से मिल सकें और संवाद कर सकें। आवासीय कल्याण समितियों को केवल प्रशासनिक इकाई न मानकर सामाजिक मेलजोल और सामुदायिक उत्सवों का मंच बनाया जाए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# भाजपा में सबका साथ सबका विकास, अन्य दलो में परिवारवाद : अपर्णा

▸ पीडीए के नाम पर भ्रम फैलाकर परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे क्षेत्रीय दल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को 1 बजे ब्लाक मुख्यालय पर कुटीवीर बाबा सेवा संस्थान के तहत आयोजित पौध वितरण व सेवानिवृत्त अध्यापकों के सम्मान समारोह में राज्य महिला आयोग की प्रदेश उपाध्यक्ष अपर्णा यादव शामिल हुई।

इस अवसर पर श्रीमती यादव ने कहा कि 2021 में जब प्रधानमंत्री मोदी ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण अभियान चलाया था जिसके बाद से लगातार पौधे लगाये जा रहे है। प्रदेश सरकार भी लगातार पौधरोपण करा रहा है।

2025 में प्रदेश सरकार ने 36 करोड़ पौधरोपण कराया। अपर्णा ने कहा भाजपा सरकार में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला है। दिल्ली की सीएम महिला है और अन्य प्रदेशों में भी अब महिलाओं को मौका मिलेगा। भाजपा नेता संजय शुक्ल के आवास पर पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों के सवाल के जवाब देते हुए अपर्णा यादव ने



पीडीए के जवाब में कहा अगर भाजपा जाति धर्म देखती तो केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री यादव नहीं होते।

उन्होंने कहा विपक्षी पार्टियां परिवाद कर रही है। उन्हीं के घर के ही अध्यक्ष और सीएम बनते है। राज्य में महिलाओ पर अत्याचार कम हुए है। अब रात में महिलायें निकलने मे डरती नहीं है। यादव ने उपस्थित लोगो से संस्कृत भाषा को जरूर पढ़ने की बात कही। साथ ही कहा भारत के हर कोने मे संस्कृत के श्लोक एक ही रहते है। ब्लॉक सभागार में एक सैकड़ा सेवानिवृत्त अध्यापक, वरिष्ठजन, प्रभुद्धजनों को पौधा तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले असोहा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची और बच्चों को सरकार द्वारा दिये जा रहे पुष्टाहार आदि की जानकारी ली। इसके बाद अपर्णा यादव कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय पहुंची जहां बच्चों से पढ़ाई और रहन-सहन के विषय में जानकारी ली। यहां पर अपर्णा यादव ने 6 छात्राओं के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे केक काटकर जन्मदिन मनवाया। आयोजक संजय शुक्ला ने अपर्णा यादव को अंगवस्त्र भेंट कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान डीपीओ अजय कुमार, खण्ड विकास अधिकारी निशा सागर, पूर्व जिलाध्यक्ष गंगाप्रसाद, सरोज सिंह, मनोज निगम, रामभरोसे रावत, राजेन्द्र पाल, देवीप्रसाद शुक्ल, गुरुप्रसाद, रामनरेश लोधी, वाणीकांत द्विवेदी, रोहित अवस्थी, राजेन्द्र पाल, रविशंकर शुक्ल, आनन्द मोहन शुक्ल, राजकिशोर त्रिवेदी, रामू मिश्रा, गणेश शंकर, अंकित दुबे, संजू शुक्ल, मोहित शुक्ल, सुनील रावत, त्रिभुवन, भगवती यादव, फिरोज अहमद, रामू कश्यप सहित पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## परियर में विकराल हुई गंगा की बाढ़

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सदर तहसील के परियर क्षेत्र में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। उन्नाव कानपुर को जोड़ने वाला परियर-बिठूर सड़क पर पानी कई जगह एक से दो फिट तक भर गया है। अगर ऐसे ही बढ़ता रहा पानी तो जल्द ही उन्नाव कानपुर को जोड़ने वाला परियर-बिठूर मार्ग प्रभावित होगा। गंगा नदी ने विकराल रूप धारण कर लिया है। जिससे क्षेत्र के एक दर्जन गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट गया है। जिससे आवागमन का एक मात्र साधन नाव है। प्रभावित गांवों में मानाबांग्ला, ललतूपुरवा, महानंदा पुरवा, टपरा, अतरी, बहरौला, पनपथा, जुड़ापुरवा, बाबूबंगला और वंदनपुरवा शामिल हैं। लेखपाल संघ के अध्यक्ष दीपचंद्र ने बताया कि बाढ़ का पानी पहले से अधिक हो गया है। राहत और बचाव कार्यों के लिए कटरी क्षेत्र में सभी नावें तैनात हैं। स्थानीय लोग ऊंचे स्थानों और बाढ़ राहत शिविरों में शरण ले रहे है।

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में मृतक की पत्नी ने बोलेरो चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की लगाई गुहार

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** चार दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में मृत युवक की पत्नी शीला सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर दुर्घटना को अंजाम देने वाली बोलेरो के विरूद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है। मृतक की पत्नी ने बताया कि 5 सितंबर की रात 10:15 बजे हैदरगढ़ से गुजरिया क्यों जा रही बोलेरो द्वारा टक्कर मारी गई थी जिसमें उनके पद की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस को यह भी बताया है कि दुर्घटना को अंजाम देने वाली बोलेरो गाड़ी रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण वापस आई गाड़ी लिल्हौरा से नहर की तरफ होते हुए बम्हरौली गांव की ओर भाग गई।

यह भी बताया कि गांव के कुछ व्यक्तियो द्वारा रास्ते पर लगे सीसीटीवी की फुटेज देख गये, तब पता लगा की बोलेरो गाडी बम्भरौली गांव की है। कुछ व्यक्तियो ने ये भी देखा की गाडी की रफ्तार बहुत तेज थी।

### राजा कुंवर विजय पाल सिंह त्रिवेदी के निधन पर शोक सभा आयोजित

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** श्री सरस्वती जयंती इंटर कालेज त्रिवेदीगंज में विद्यालय के प्रबंधक राजा कुंवर विजय पाल सिंह त्रिवेदी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अंजनी कुमार दुबे की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में समस्त शिक्षक स्टाफ एवं समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा 2 मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर मजरे दादरा मे बीती रात्रि हुए सड़क हादसे मे एक 30 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गयी मृतक लखनऊ जनपद के फैज्जुल्लागंज का रहने वाला है। रविवार की देर रात्रि फैजुल्लागंज जनपद लखनऊ निवासी गोविंद पुत्र संभारी गौतम अपनी बाईक नम्बर यूपी 32 क्यू दी 2401 से अयोध्या से घर वापस लौट रहा था वापसी के दौरान सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर मजरे दादरा के निकट अज्ञात ट्रक की चपेट मे आने से मौक़े पर मौत हो गयी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नहर में गिरने से गई युवक की जान, मचा कोहराम

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र जैदपुर के रामपुर गांव में एक युवक की नहर में गिरने से दर्दनाक मौत हो जाने से परिवार मे मचा कोहराम मच गया।जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गांव में बीती रात को एक युवक नहर के पुल से नीचे गिरने से उसके मौत हो गई।वहीं सोमवार की सुबह करीब 7:00 बजे जब स्थानीय लोगों ने युवक को नहर में पड़े हुए देखा तो सभी में हड़कंप मच गया।युवक की पहचान रामपुर गांव निवासी बुलबुल चौहान पुत्र छत्रपति के रूप में की गई।जिसकी जानकारी परिजनों को दी गई। मौके पर परिजन पहुंचे और युवक को मृत अवस्था में देखकर उनके पांव से जमीन खिसक गयी।स्थानीय लोगों द्वारा सूचना पुलिस को दी गई।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के अनुसार, युवक नशे का आदी था। जो पुल पर लेटा हुआ था।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है।

### जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने तोड़ा दम



**इकदिल, इटावा, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में मायके से पत्नी के नही आने पर युवक ने कीटनाशक दबाई पीकर खुदकुशी करली। गांव नगला वर के रहने वाले कन्हैया लाल का 29 वर्षीय बेटा गोविंद रविवार को गांव लुहन्ना अड्डा अपने ससुराल पत्नी ममता को लेने गया था वहीं ससुराल में पत्नी से घर आने को लेकर कहासुनी हो गई जब पत्नी ने आने से इंकार कर दिया जिसके बाद युवक अपने घर लौटकर आया और उसने खेतों में डालने वाली कीटनाशक दबाई को पी लिया जानकारी होने पर परिजन लोग उसे जिला अस्पताल ले गए वहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देख उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया वहां इलाज के दौरान युवक ने देर शाम को दम तोड़ दिया। मृतक युवक के चाचा हरिकिशन ने बताया गोविंद तीन भाई और एक बहन में घर का छोटा बेटा उसकी शादी तीन साल पहले लुहन्ना अड्डा के पास से हुई थी उसका डेढ़ साल का एक बेटा भी है। वह मंजदूरी कर के अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। चाचा ने बताया कि सुबह अपनी पत्नी ममता को लेने ससुराल गया था पत्नी उसके साथ नही आई तभी उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। युवक की मौत के बाद दोंनो भाई सत्यभान, और रविन्द्र तथा मां शंकरवती के साथ पत्नी ममता देवी का डेढ वर्षीय बेटे समेत रोरोकर हाल बेहाल हैं।

### कार-आटो की भिड़ंत में दो परीक्षार्थी घायल

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कस्बा के मुख्य चौराहे पर लखना की तरफ जा रहे आटों में एक फोरव्हीलर ने टक्कर मार दी। हादसे में दो युवक जो कि पेपर देकर घर जा रहे थे घायल हो गये मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त आटो व फोरव्हीलर को थाने में खड़ा करवाया तथा दो घायल छात्रों को उपचार हेतु बकेवर स्थित पच्चास शैय्या अस्पताल पहुंचाया। कस्बा के मुख्य चौराहे पर बकेवर से लखना की तरफजा रहे आटो में औरैया रोड की तरफसे आ रही एक फोरव्हीलर कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से आटो विद्युत पोल से जा टकराया। उक्त दुर्घटना में आटो में बैठे लखना के पचपेड़ा मुहाल निवासी अभिषेक पुत्र प्रेमपाल व आकाश घायल हो गये। दुर्घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विपिन कुमार मालिक मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और दुर्घटना में घायल छात्रों को उपचार हेतु बकेवर स्थित पच्चास शैय्या अस्पताल भेजा गया जहां उन्हे डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया। जबकि दुर्घटना में क्षतिग्रस्त आटो व फोर व्हीलर को थाने में खड़ा करवाया।

## समाधान दिवस पर सदर तहसील में डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** तहसील सदर में तहसील समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने फरियादियों की फरियाद सुनी। इस दौरान उन्होंने आम जनता की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समाधान करना है और इसके लिए वे पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से निस्तारण किया जाएगा। जनसुनवाई में उपजिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी और क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव उपस्थित रहे। डीएम-एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें और आम जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

## गैर जनपद के भूमाफियाओं के आतंक से त्रस्त ग्रामीणों ने किया विरोध-प्रदर्शन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

▸ कलेक्ट्रेट पहुंच डीएम को शिकायती पत्र दे जांच की उठाई मांग

▸ रियल स्टेट कारोबारी दबंगों के साथ आकर मचाता है ताण्डव



बिछिया विकासखंड के अन्तर्गत ग्राम घूरखेत मे किसानों की जमीन पर भूमाफिया द्वारा कब्जा करने को लेकर विरोध में उतरे ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। जिलाधिकारी ने टीम गठित कर रियल स्टेट कम्पनी कारोबारियों के खिलाफ मामले की जांच कर कार्यवाही के लिए आदेश दिया।

सोमवार को घूरखेत के रहने वाले ग्रामीणों ने जमीनों पर जबरन कब्जा करने को लेकर भूमाफिया के खिलाफ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया। किसानों द्वारा दिये गये शिकायती पत्र के अनुसार रियल स्टेट कारोबारी इमरान अली पुत्र मुस्तफा हुसैन निवासी भदुरहीया गदियाना जिला लखीमपुर खीरी ने अपने दबंग हथियारबंद साथियो के साथ मौके पर अक्सर आकर खेतों पर कार्य कर रहे किसानों को भगा खेतों पर जबरदस्ती कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित किसानों के अनुसार कुछ भूमिधरी नंबरो व कुछ ज़मीने जो किसानों को पट्टे से प्राप्त हुई, उक्त भूमि पर किसानों का पुश्तैनी कब्जा है उनके पूर्वज खेती करते आ रहे हैं। इमरान और उसके मददगार शिवम शुक्ला पुत्र दीपक शुक्ला निवासी ग्राम चंद्रभानपुर, थाना हैदरगढ़, जिला बाराबंकी अपने साथ अतुल श्रीवास्तव, विनोद त्रिवेदी, सज्जन यादव एवं दर्जनो हथियारबंद लोगो को लेकर गांव में अक्सर चढ़ाई करते हैं विरोध करने पर किसानों को लात-घूसो से मारते हैं, फायरिंग कर दहशत का माहौल बना जान से मारने की धमकी देकर जातिसूचक गालियां देते हैं। गांववालो से आधारकार्ड एवं बैंक एकाउंट नंबर लेकर जबरदस्ती खाते में पैसा डाल दें रहे हैं और फिर गुंडई से बैनामा करा रहे है, पीड़ित किसानों के अनुसार उनके द्वारा बोई गई खेती को कब्जाने के लिए इमरान अपने साथियों के साथ खेतों में घुसकर फसल काटने की धमकी देता है। विरोध करने पर उसकी साथी हथियार दिखा मारपीट की धमकी दे रहे हैं। शिकायत करने वाले किसानों का आरोप है कि उक्त भूमाफिया का गिरोह खेतों में कार्य करते समय खेतों में जाकर कार्य करने से मना कर भगाने के लिए महिलाओं और बुजुर्गो से मारपीट पर आमादा हो जाता है। ग्रामीणों में रामानुज, गुड़िया, मनीष गौतम, अमित ने उपजिलाधिकारी को बताया कि कार्यवाही के लिए सम्बन्धित थाने, राजस्व अधिकारियों लेखपाल से शिकायत की लेकिन दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। उपजिलाधिकारी ने ग्रामीणों का शिकायती पत्र लेकर मामले की जांच पड़ताल कर कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया।

## विकसित उ.प्र. 2047 अभियान के अंतर्गत प्रबुद्धजनों का संवाद

### मेडिकल छात्रों से लेकर किसानों व उद्यमियों, महिला समूहों तक, हर वर्ग ने दिए विजन 2047 के सुझाव

▸ समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल और क्यूआर कोड से जुड़ने की प्रबुद्धजनों व अधिकारियों ने की अपील






**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पहल विकसित उत्तर प्रदेश @2047 के क्रम में जनपद में सोमवार को वरिष्ठ प्रबुद्धजनों का प्रवास एवं संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। जनपद की नोडल अधिकारी, अपर मुख्य सचिव आबकारी, गन्ना वीना कुमारी मीना,शासन स्तर से नामित प्रबुद्धजन वरिष्ठ से.नि. आईएएस मुकुल सिंघल, से.नि. आईएफएस डॉक्टर रश्मि कांत शुक्ल, से.नि. आईआरएसएस धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव व पूर्व निदेशक पशुपालन डॉक्टर एस. के. श्रीवास्तव आदि अधिकारी दिनभर विभिन्न वर्गो से संवाद किया। इस दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आये हुए प्रबुद्धजनों एवं नोडल अधिकारी महोदया का स्वागत किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की पिछले आठ वर्षों की विकास यात्रा को जनमानस के सामने प्रस्तुत करना और आगामी विजन-2047 के लिए जनसहभागिता आधारित रोडमैप तैयार करना रहा।

प्रबुद्धजनों व अधिकारियों ने बताया कि अभियान का मकसद केवल संवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि हर नागरिक को अपनी बात सीधे सरकार तक पहुंचाने का अवसर दिया जा रहा है। लोग अपने विचार व सुझाव समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल और उपलब्ध क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने अपील की कि अधिक से अधिक नागरिक इस पहल से जुड़कर प्रदेश के विजन 2047 को सामूहिक स्वरूप प्रदान करें। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश @2047 का सपना तभी साकार होगा जब इसमें हर वर्ग की भागीदारी होगी। जनपद स्तर पर प्राप्त सभी सुझाव शासन को भेजे जाएंगे ताकि भविष्य की नीतियों और योजनाओं में आमजन की सोच और अपेक्षाओं को स्थान मिल सकें। इस अवसर पर जिले के सम्बंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## व्यवसायिक परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण अभ्यर्थी का हुआ सम्मान

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

डीजीईटी नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय व्यवसायिक परीक्षा परिणाम मे अच्छे प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों को सम्मानित किया गया। सोमवार को पारिजात आईटीआई इसरौली मे एन सी वी टी द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों मे संस्थान स्तर पर उच्च अंकों से परीक्षा पास करने वाले छात्रों को कॉलेज प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम मे सफल छात्रों को संस्थान के प्रधानाचार्य अशोक कुमार वर्मा व कार्यकारी निदेशक फहीम सिद्दीकी माला पहनाकर सम्मानित किया व उज्जवल भविष्य की कामना की। मालूम हो कि संस्थान से इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय मे आशीष




कुमार शुक्ला प्रथम वरुण हयारन द्वितीय,आदित्य कुमार तृतीय स्थान पर रहे। फ़िटर व्यवसाय मे सत्यम शुक्ला प्रथम,अचल शुक्ला द्वितीय एवं आयुष जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर अनुदेशक आकृति परिहार, रवि शर्मा, मनमोहनराज, शिवनाथ आदि उपस्थित रहे।



### उम्मीद परियोजना के अंतर्गत हुई द्वितीय अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक

▸ हरी झंडी दिखाकर मोबाइल वैन को किया रवाना

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** परिवार नियोजन की सेवाओं की पहुँच तथा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के मार्ग दर्शन में मोबियस फाउंडेशन की वित्तीय सहायता से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा उम्मीद परियोजना जे तहत सभी विभागों की ब्लॉक स्तरीय समन्वय बैठक सीएचसी अधीक्षक डॉ सौरभ शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य, पंचायती राज, शिक्षा,एकीकृत बाल विकास सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में जुबैर अंसारी द्वारा प्रथम बीसीसी बैठक में लिए गए निर्णयों पर आख्या प्रस्तुत की गयी। बैठक में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जनपद और उत्तर प्रदेश के परिवार नियोजन और जनसँख्या सम्बन्धी आंकड़ों को दर्शाया गया और कैंपेन की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के उपरांत हरी झंडी दिखाकर मोबाइल वैन को रवाना किया गया। कार्यक्रम मे एचईओ संजय रावत, सहायक शोध अधिकारी सत्यामोहन,आई0सी0 डी0एस0 विभाग से श्रीमती अनुपम, मोबियस फाउंडेशन से प्रभात कुमार, पापुलेशन फाउंडेशन से जुबैर अंसारी एवं मनका सिंह आदि मौजूद रहे।

## जल जीवन मिशन के कॉन्ट्रैक्टर कम्पनी के कार्यालय में कामगारों ने जड़ा ताला, नहीं मिल रही थी मजदूरी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

जल जीवन मिशन के तहत क्षेत्र में निर्माणाधीन पानी की टंकियों के काम में लगे पेटी कान्ट्रेक्टरों ने भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को मेधा कंपनी के सुबेहा तिराहा स्थित आफिस में ताला लगा दिया।एसडीएम के समझाने के बाद पेटी कान्ट्रेक्टरों का गुस्सा शांत हो सका।

कस्बा हैदरगढ़ में जल जीवन मिशन का काम करा रही मेघा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी का कार्यालय है।यहां कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर लक्ष्मन रेड्डी,डिप्टी मैनेजर नीरज शर्मा एवं सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर मुरली मनोहर बैठते हैं।

सोमवार की दोपहर पेटी कान्ट्रेक्टर धीरेन्द्र सिंह,नितिन तिवारी, गुड्डू सिंह,आशीष वर्मा,राजीव सिंह व नदीम अंसारी आदि कंपनी के




आफिस पहुंचे और भुगतान मांगा।इन पेटी कान्ट्रेक्टरों ने बताया कि वह तहसील क्षेत्र की 59 ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत टंकियों का निर्माण करा रहे हैं।आरोप लगाया कि कंपनी ने चार महीने से भुगतान नहीं किया है।

रा मेटेरियल एवं मजदूरों आदि का बारह करोड़ रुपए से अधिक बकाया हो चुका है।कंपनी के अधिकारी चार महीने से भुगतान का आश्वासन दे रहे हैं।बताया कि सोमवार को पता चला कि कंपनी ने कार्य का तीन चौथाई भुगतान ले लिया है।लेकिन पेटी कान्ट्रेक्टरों को भुगतान रुके होने की बात कहकर गुमराह किया जा रहा है।पेटी कान्ट्रेक्टरों ने कंपनी के कर्मचारियों को बाहर कर आफिस में ताला डाल दिया।कहा कि ताला भुगतान होने के बाद ही खुलेगा। कंपनी के अधिकारियों ने मामले की शिकायत एसडीएम राजेश विश्वकर्मा से की।एसडीएम ने सभी नाराज पेटी कान्ट्रेक्टरों कै साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनकर शीघ्र भुगतान कराने का आश्वासन दिया।एसडीएम के आश्वासन पर पेटी कान्ट्रेक्टरों का गुस्सा कुछ शांत हुआ है।

### जल निकासी की सुविधा नहीं होने से कटैया गांव के निवासी परेशान

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बनीकोडर ब्लॉक की ग्राम पंचायत छंदवल के कटैया गाँव में जल निकासी की सुविधा नहीं होने से स्थानीय लोग परेशान हैं। यहां सड़क पर गंदगी का अंबार है। लोगों की शिकायतों के बावजूद नालियों का निर्माण नहीं कराया जा रहा है। जिसके कारण प्रतिदिन सैकड़ो लोग उक्त सड़क से जाने को मजबूर है। यह आबादी यहां गंदगी के बीच रहने को मजबूर है। गांव के ही राम औतर ,प्रदुम्भ , लालजी सहित अन्य लोगों ने बताया कि यहां जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से घरों का निकला गंदा पानी सड़कों पर बहता है। मजबूरी में लोग गंदे पानी से होकर आते जाते हैं। घरों से निकलने वाले लोगों के कपड़ों में कीचड़ लग रहा है और कई बार लोग कीचड़ में गिरकर चोटिल भी हो जा रहे हैं। ब्लॉक में कई बार शिकायत की गई । फिर भी अधिकारी ध्यान नही देते है।




### सांसें हो रही कम, आओ पेड़ लगाएं हम

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** नेचर कंजर्वेशन एंड ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी एवं अनिल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से 21 पेड लगाकर पौधारोपण किया। संस्था सचिव जल संरक्षक निर्मल सिंह की अगुवाई में यह कार्यक्रम सुल्तानपुर कला कुनेरा रोड इटावा में आयोजित किया गया जिसमें जल सैनिकों ने सहजन जामुन आंवला कदम गुड़हल अमरूद चंपा मीठा नीम आदि पेड़ लगाए। इस अवसर पर अनिल मेमोरियल ट्रस्ट की सचिव सोनिया सिंह ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए और शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त करने के लिए आज मां के नाम एक पेड़ अभियान चलाया है इनकी रक्षा भी हमें अपने पुत्र की तरह करनी होगी। इस अवसर पर वेद प्रकाश, जगत सिंह राजपूत, विशाल स्नातक अजय राजपूत, धर्मेंद्र कुमार शिवाकांत चौधरी तेज प्रताप शिवांश सिंह, प्रिंसी सिंह आदि ने भी पौधारोपण किया।

## विश्वविद्यालय परिसर में विकसित होगा हर्बल गार्डन

▸ कुलपति अजय सिंह ने एसोसिएशन से की खास अपील

**सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के कुलपति डॉ. अजय सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में हर्बल गार्डन विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना का ऐलान करते हुए यूपी यूएमएस एम्प्लॉइज़ एसोसिएशन से इस दिशा में विशेष पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एक सुन्दर, सुव्यवस्थित और वैज्ञानिक रूप से विकसित हर्बल गार्डन विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण आकर्षण स्थल बनेगा, साथ ही विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए भी उपयोगी साबित होगा।

यह बात कुलपति डॉ. अजय सिंह ने सोमवार को यूपीयूएमएस द्वारा आयोजित मेडिकल कॉलेज स्पोर्ट्स ग्राउंड में पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान कही। इस मौके पर अमलतास के पौधे रोपे गए और उनकी सुरक्षा हेतु ट्राई गार्ड भी लगवाए गए। कुलपति ने स्वयं अपने हाथों से पौधारोपण कर इस प्रयास की गरिमा बढ़ाई। डॉ. अजय सिंह ने कहा कि हर्बल गार्डन को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विकसित किया जाएगा और इसका भव्य उद्घाटन जनवरी में किया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह गार्डन न केवल विश्वविद्यालय के सौंदर्य में वृद्धि करेगा, बल्कि आयुर्विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा को भी नई दिशा देगा। एसोसिएशन अध्यक्ष शरद यादव ने बताया कि उनका संगठन सदैव से कर्मचारियों के हित के साथ-साथ समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाता आ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल्द ही यूनियन सक्रिय रूप से हर्बल गार्डन के विकास कार्य में जुट जाएगी। कार्यक्रम में महामंत्री राजीव कुमार, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, जहीरुद्दीन, राजेश यादव, राजेन्द्र अनुरागी, स्वदेश दीक्षित, राजेश कुमार, संजय सिन्हा, विमला जी, गौरव श्रीवास्तव समेत तमाम कार्मिक उपस्थित रहे।



### व्यापार सभा की मासिक बैठक सम्पन्न

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता विक्की के निर्देशन में इस व्यापार गोष्ठी के संयोजक जितेन्द्र सोनी ने कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मालती देवी यादव जिलासचिव समाजवादी पार्टी व विशिष्ट अतिथि प्रवीण कुशवाहा जिला सचिव समाजवादी पार्टी सन्तोष राठौर जिला सचिव समाजवादी पार्टी रहे। अध्यक्षता शिवचरण सिंह ने की। बैठक में व्यापारी भाइयों ने संगठन के जिलाध्यक्ष राजीव चंदेल को अपने सुझाव दिए। संचालन व्यापार सभा के मंत्री हरीश जौहरी ने किया। जिलाउपाध्यक्ष जैनुल आब्दीन, सुरेश चंद वर्मा, शहर अध्यक्ष शाह खालिद, शहर उपाध्यक्ष शिवम वर्मा, शहर सचिव आसिफवारसी, रिज़वान कुरैशी, अजय कुमार, रंजीत सोनी, हरिओम सिंह, अजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, सन्तोष वर्मा, जयपाल सिंह शीलू, पुष्पेंद सिंह, आशीष वर्मा, मुस्तकीम राईन, विनोद बाबू, जितेन्द्र जौहरी पप्पू, रणजीत वर्मा, अनीश चौधरी, अनार सिंह, गौरव गुप्ता उपस्थित रहे।

# सात कनिष्ठ सहायकों को मिला नियुक्ति पत्र

**सभी नवचयनितों को फूलमाला पहनाकर किया गया सम्मानित**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 1112 कनिष्ठ सहायक एवं 22 एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक कैलाश राजपूत एवं जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री द्वारा स्वास्थ्य विभाग के 07 नवचयनित कनिष्ठ सहायकों को औपचारिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। विधायक कैलाश राजपूत ने नव नियुक्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी को पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए। जिलाधिकारी ने नवचयनित कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नियुक्तियाँ विभाग की कार्यक्षमता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगी। स्वास्थ्य विभाग के नवचयनित कनिष्ठ सहायक कु. स्नेहलता, कु. दुर्गेश नंदनी, कु. नेहा कटियार, कु. मेघा दीक्षित, वारिश मिश्रा, किशन कुमार, प्रशांत पटेल को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। सभी नवचयनितों को कार्यक्रम के दौरान पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके सीडीओ राम कृपाल चौधरी, सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण रहे।


नवचयनित को नियुक्ति पत्र देते विधायक कैलाश राजपूत व मौजूद डीएम

# ग्रैंड पैरेंट्स और बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



**श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में धूमधाम से मना ग्रैंड पैरेंट्स डे**

नगर के संत निरंकारी भवन के समीप श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स डे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने दादा-दादी, नाना-नानी के लिए विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व लेक्चरर अरुण कुमार द्विवेदी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की। बच्चों ने मंच पर गीत, नृत्य और नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर ग्रैंड पैरेंट्स भावुक हो उठे। इसके अलावा, गुब्बारा फोड़ना, म्यूजिकल चेयर और गेंद को टोकरी में डालने जैसे खेलों में दादा-दादी, नाना-नानी ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिससे उनमें अद्भुत ऊर्जा देखने को मिली। मुख्य अतिथि अरुण कुमार द्विवेदी ने कहा कि बच्चों और ग्रैंड पैरेंट्स का रिश्ता अनमोल है। वे न केवल प्यार देते हैं, बल्कि बच्चों को जीवन की सही दिशा भी दिखाते हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्रैंड पैरेंट्स को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। ग्रैंड पैरेंट्स ने स्कूल की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा। यह आयोजन बच्चों और उनके ग्रैंड पैरेंट्स के बीच के प्रेम और सम्मान को और गहरा करने वाला साबित हुआ है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य श्रीमती बरखा अवस्थी, उपप्रधानाचार्य श्रीमती प्रतिमा शुक्ला, प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार द्विवेदी, कॉर्डिनेटर शुभम कमल सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## बंद मकान में घुसे अज्ञात चोर,कीमती जेवर किए पार

**सौरिख।** बेहटा गांव में बंद पड़े मकान में जंगले से घुस कर अज्ञात चोरों ने बक्से में रखे जेवर पार कर दिए। महिला ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के बेहटा गांव में सीमा पत्नी बृजेश दिल्ली से सोमवार को घर लौटी तो देखा घर का पूरा सामान अस्त व्यस्त पड़ा है। और कमरे के अंदर रखे बक्से में चांदी की पायल,चैन,करधनी और सोने के झुमके एवं कपड़े वा गृहस्थी का सामान अज्ञात चोर चुरा ले गए है। महिला वा ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार ने बताया हल्का इंचार्ज सुरेश सिंह मामले की जांच पड़ताल कर रहे जिन्होंने बताया मकान कई दिनों से बंद पड़ा था।पति बृजेश गुजरात में नौकरी कर रहा है वही सीमा दो दिन पहले ही दिल्ली में रह रहे रिश्तेदार के यहां गई हुई थी। और घर में कोई नहीं था।

# सतगुरु के मार्गदर्शन से होते परमात्मा के दर्शन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



संत निरंकारी भवन में सत्संग

पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में परमपूज्य महात्मा मनीष कुमार शाक्य ने साध संगत को संबोधित करते हुए कहा कि सतगुरु ही परमात्मा के दर्शन कराने का माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि परमात्मा साक्षात नहीं मिलते, उनके दर्शन के लिए सतगुरु की शरण आवश्यक है। सतगुरु न केवल परमात्मा से मिलन कराते हैं, बल्कि अच्छे-बुरे की पहचान भी सिखाते हैं।

महात्मा शाक्य ने कहा कि प्राचीन काल में लोग परमात्मा को पाने के लिए जंगलों में भटकते और कठिन तपस्याएँ करते थे, फिर भी सफलता नहीं मिलती थी। लेकिन आज संत निरंकारी मिशन के माध्यम से परमात्मा की पहचान और दर्शन संभव हैं। परमात्मा सदा हमारे साथ हैं, बस उन्हें पहचानने की जरूरत है। वे अजर, अमर और अविनाशी हैं, जो समय-समय पर भक्तों की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं। सुख-दुख में भक्ति करने वाला भक्त परमात्मा को प्रिय होता है। सतगुरु की कृपा से ही भक्ति और सेवा के माध्यम से



आत्म-साक्षात्कार संभव है। महात्मा हरिश्चंद्र के संचालन में हुए इस सत्संग में अन्य महात्माओं ने भजनों और प्रवचनों से साध संगत को आनंदित किया।

## सोमवीर पाल ने शूटिंग चैंपियनशिप में जीते दो कांस्य पदक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जिले के प्रतिभावान निशानेबाज सोमवीर सिंह पाल ने जयपुर जगतपुरा शूटिंग रेंज में आयोजित 48वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर और 50 मीटर पैरा एयर राइफल स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।



इस अवसर पर ओलंपियन और केंद्रीय मंत्री कर्नल राजवर्धन सिंह राठौर ने शूटरों का हौसला बढ़ाया। हसेरन विकासखंड के बहादुरपुर लाख गांव के निवासी सोमवीर, बैंक ऑफ इंडिया की छिबरामऊ शाखा में सहायक शाखा प्रबंधक हैं। उनकी इस उपलब्धि ने सभी को प्रभावित किया है। सोमवीर ने इससे पहले जौनपुर में 24वीं प्री यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में रजत और मथुरा में 28वीं प्री यूपी शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा, गोला फेंक और चक्का फेंक में भी उन्होंने कई पुरस्कार हासिल किए हैं। उनके पिता, पूर्व सैनिक शिवशंकर पाल, उनकी प्रेरणा का स्रोत रहे हैं। अभिमन्यु स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी, फर्रुखाबाद के निदेशक और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज अनिल पाल ने सोमवीर को बधाई दी और उनकी सफलता को युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी बताया। सोमवीर अब साल के अंत में होने वाली प्री नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे, जहां उनसे और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

# ब्राह्मण समाज की एकता के लिए आपसी मतभेद भुलाएं

**मुकेश द्विवेदी ने ब्राह्मणों पर दर्ज फर्जी मुकदमों को वापस लेने की मांग की**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम पंचायत अकबरपुर में आयोजित समस्त ब्राह्मण संगठनों की बैठक में ब्राह्मण समाज से आपसी मतभेद भुलाकर एक मंच पर आने की अपील की गई।

पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और प्रमुख समाजसेवी महेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि सभी ब्राह्मण संगठन एकजुट होकर समाज की भलाई के लिए कार्य करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि चाहे हम किसी भी संगठन से हों, हम सब एक हैं और हमें एक-दूसरे की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने 24 घंटे समाज की सेवा के लिए तत्पर रहने का संकल्प जताया और कहा कि किसी भी ब्राह्मण की समस्या का समाधान सामूहिक प्रयास से किया जाएगा।

अनुपम बाजपेई ने ब्राह्मणों पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता जताते हुए सरकार से इस पर अंकुश लगाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह स्थिति जारी रही तो ब्राह्मण समाज हाशिए पर चला जाएगा। मुकेश द्विवेदी ने ब्राह्मणों पर दर्ज फर्जी मुकदमों को वापस लेने की मांग की। डॉ. रजनीश दुबे ने एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि संगठित होने से ही समाज मजबूत होगा, वरना इसे कमजोर करने की साजिशें कामयाब हो जाएंगी। बैठक में मुकेश पांडेय, पुनीत दुबे सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

# झमाझम बारिश से सड़कें और गलियां हुईं जलमग्न



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आज दोपहर बाद आसमान में अचानक काली घटाएं छा गई और दिन में भी अंधेरे का एहसास होने लगा। इसके साथ ही मूसलाधार बारिश में मुख्य मार्ग समेत नगर की अधिकांश गलियों में घुटनों तक पानी भर गया। बरसात के बाद हुए जलभराव से जनजीवन जहां का तहां थम गया। बरसात बंद होने के बाद गलियों में भरा पानी निकलने में एक घंटे का समय लग गया।

सोमवार को कुदरत ने अपने कई रंग दिखाए। कभी तेज धूप के साथ उमस ने लोगों के पसीना निकाल दिया। उसके बाद आसमान को बादलों ने घेर लिया और हवाओं ने गर्मी से राहत दिलाई। अचानक आसमान में काली घटाएं छानी शुरू हो गई और देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई। अचानक शुरू हुई मूसलाधार बरसात ने दुकानों के बाहर सजा सामान भी समेटने तक का मौका नही दिया। नवीन मंडी सहित सरकारी कार्यालयों में भी बारिश का पानी भर गया। तेज बरसात के चलते लोगों के पांव जहां के तहां थम गए। नगर के मुख्य मार्ग समेत पीपल वाली गली, डाकघर तिराहा, तिरंगा तिराहा, सब्जी मंडी, बजरिया गली, मोहल्ला बिरतिया, इंद्रानगर, गमा देवी मंदिर रोड, ताजपुर रोड समेत नगर की अधिकांश गलियां जलमग्न हो गई। इसके अलावा विकास खंड परिसर, बिजलीघर, डायट, तहसील परिसर व नवीन मंडी पूरी तरह से तालाब में तब्दील हो गए। यहां तक कि घरों में भी भरा पानी निकालने में लोगों को घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी। बारिश रुकने के बाद भी नगर की व्यवस्थाएं पूरी तरह से सुचारु होने में लोगों को कई घंटे इंतजार करना पड़ा।

# गौशाला का निरीक्षण कर अधिकारियों ने परखी व्यवस्थाएं



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

तालग्राम ब्लॉक क्षेत्र के रामगंज स्थित पालिका की अस्थाई गौशाला का उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सारिका ने निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में गोवंश हेतु भूसा, दाना, चारा, पानी आदि की व्यवस्थाओं की गहन जांच की गई। इसके साथ ही गौशाला से संबंधित अभिलेखों व रजिस्टरों का भी निरीक्षण किया गया, जो पूर्ण और व्यवस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित गोवंश की संख्या, उनके स्वास्थ्य की स्थिति एवं देखरेख के स्तर को संतोषजनक पाया गया। इस दौरान पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव कुमार, डॉ. विकराल, डॉ. प्रदीप तथा संबंधित पालिका कर्मचारी भी उपस्थित रहे। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह की निगरानी एवं देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# निलम्बित व निरस्त उचित दर दुकानों की स्थिति पर की समीक्षा

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खाद्य एवं रसद विभाग की हुई बैठक**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य एवं रसद विभाग की बैठक में उचित दर दुकानों की स्थिति, निलम्बन व निरस्तीकरण की समीक्षा की।

अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 6 उचित दर दुकानें निलम्बित हैं, जबकि 11 दुकानों को निरस्त किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने अगस्त 2025 में पूर्ति निरीक्षकों द्वारा किए गए निरीक्षण कार्य में शिथिलता बरतने पर नाराजगी जताई। उन्होंने पूर्ति निरीक्षक छिबरामऊ, तिर्वा व कन्नौज को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल कार्यालय में बैठने से कार्य नहीं चलेगा, सभी पूर्ति निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से भ्रमण करें और निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश कि वित्तीय वर्ष 2024- 25 की अवशेष 58 उचित दर दुकानों के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराकर उन्हें क्रियाशील किया जाए। इसके साथ ही, वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित 150 दुकानों के लक्ष्य के सापेक्ष 75 दुकानों हेतु भूमि चिन्हांकन का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष 75 दुकानों के लिए भी शीघ्र भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर जिला पूर्ति अधिकारी, खाद्य एवं विपणन अधिकारी, जिला बांट-माप अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण रहे।

## खबरें एक नजर में

### खेत में पानी लगाते समय किसान की हार्ट अटैक से मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के हसनपुर सनी गांव में सोमवार को खेत में पानी लगाते समय 50 वर्षीय किसान हरिशंकर की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हरिशंकर अपने खेत में पानी लगा रहे थे, तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर सिकंदरपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना ने गांव में शोक की लहर दौड़ा दी। हरिशंकर के परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य थी और उनकी अचानक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैवलर की टक्कर से टेंपो सवार शिक्षिकायें घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तेराजाकट के पास सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में ऑटो और फोर्स ट्रैवलर की टक्कर में चार शिक्षकाओं सहित टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मुस्कान पुत्री जितेंद्र राजपूत किदवई नगर, पल्लवी पुत्री रामबाबू रामगंज, कशिश पुत्री संजीव गुप्ता सुभाष नगर और संजू पत्नी अमित मोहल्ला अफसरी गुरसहायगंज के अलावा टेंपो चालक शामिल हैं। ये सभी युवतियां बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज तेराजाकट में शिक्षक हैं और स्कूल से घर लौटते समय यह हादसा हुआ। ऑटो चालक की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार ट्रैवलर ने ऑटो को सामने से टक्कर मारी थी।

### वाहन की टक्कर से बाइक से जा रही महिला की मौत

**कालपी (जालौन)।** पुत्र के साथ बाईक पर बैठकर मायके जा रही महिला की उसरगांव के पास हाईवे पर हादसे का शिकार हो गई। आनन फानन उसे अस्पताल दाखिल कराया गया लेकिन डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। सोमवार सुबह लगभग 9 बजे उरई के कोंच स्टैण्ड निवासी ऋतुराज अपनी मां विजय लक्ष्मी को बाईक पर बैठाकर अपने मामा के घर कदौरा के लिए निकला था लेकिन जैसे ही वह उसरगांव के पास आया था। इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाईक में टक्कर मार दी थी जिससे बाईक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गयी थी जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिसे पुत्र की सूचना पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया था। जहां डाक्टर शेख शहरयार ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया था। वही दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### मिट्टी के अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**कालपी (जालौन)।** सोमवार सुबह पुलिस ने मिट्टी के अवैध खनन में लगी ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ा है जिसे सीज कर रिपोर्ट एसडीएम को दी है। कोतवाली पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह सूचना मिली थी कि क्षेत्र के ग्राम शेखपुर मे जेसीबी मशीन से मिटटी का अवैध खनन हो रहा है। सूचना को संज्ञान में लेकर पुलिस ने छापेमारी की तो द्वारिकापुरी के पास पुलिस को खनन होते हुए मिला था लेकिन पुलिस पास तक पहुंचती तब तक मिट्टी खनन में लगी जेसीबी और कई ट्रेक्टर ट्राली भाग निकले हालांकि एक ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी भरा हुआ मिला था जिसे कब्जे में लेकर पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया है। कोतवाल के अनुसार एक मिट्टी से ट्रेक्टर ट्राली पुलिस को मिली है जिसे कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया है और मामले की रिपोर्ट एसडीएम के माध्यम से आला अफसरो को भेजी है।

# तेरह कनिष्ठ लिपिकों को वितरित किये नियुक्ति पत्र

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार में सोमवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 1,112 कनिष्ठ सहायक एवं 22 एक्स-रे टेक्नीशियन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया ही सुशासन की पहचान है और इससे युवाओं को योग्यतानुसार अवसर मिल रहे हैं। इसी क्रम में जनपद जालौन के विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में मुख्यमंत्री का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, विधायक माधौगढ़ मूलचन्द्र निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि डॉ. मयंक त्रिपाठी तथा जलशक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविन्द सिंह चौहान मौजूद रहे। कार्यक्रम में जनपद के नव चयनित 13 कनिष्ठ सहायकों को अतिथियों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नव चयनित अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र देव शर्मा, भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्षा उर्विजा दीक्षित आदि अधिकारी सहित जनप्रतिधि मौजूद रहे।

## कार-ट्रक ड्राईविंग प्रशिक्षण हेतु 27 तक जमा करें आवेदन

**उरई,जालौन।** नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उरई नूपुर कश्यप ने बताया कि व्यवसाय कार-ट्रक ड्राईविंग के सत्र अक्टूबर 2025 से दिसम्बर 2025 तक प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्रों की बिक्री 8 सितंबर से प्रारम्भ हो चुकी है।

अभ्यर्थी संस्थान से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र प्राप्त करने तथा जमा करने की अन्तिम तिथि 27 सितंबर है।

व्यवसाय कार-ट्रक ड्राईविंग की शैक्षिक योग्यता जूनियर हाईस्कूल (कक्षा 8 पास) है। कार-ट्रक ड्राईविंग व्यवसाय में हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी।

# मौरम गिट्टी ट्रक, डम्फर एसो. ने डीएम को सौंपा 7 सूत्रीय ज्ञापन

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को मौरम गिट्टी ट्रक, डम्फर एसोसियेशन पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा जिसमें शामिल मांगों पर गंभीरता पूर्वक ध्यान देकर उनका समाधान किया जाये ताकि वह अपना व्यापार सुविधाजनक तरीके से पूर्व की तरह कर सके। मौरम गिट्टी ट्रक, डम्फर एसोसियेशन अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, राहुल पिरौरा, सतीश, दिलीप, गजराज सिंह, सलमान खान, सुशील कुमार, अस्तयाक खान, धर्मेन्द्र शर्मा, अरुण सेंगर, सतीश यादव, सुनील विश्वकर्मा, कल्याण यादव,विनोद यादव, महेंद्र प्रताप सिंह, दीपू तिवारी, हसीब खान, शैलेंद्र आदि ने जिलाधिकारी को संबोधित दिये गये ज्ञापन में मांग की मौरम, गिट्टी की अंडरलोडिंग की व्यवस्था खदान व क्रेसर से ही यानी लोडिंग प्वाइंट से सुनिश्चित की जाये। यदि कोई ट्रक, डम्फर ओवरलोड पाया जयो तो संबंधित पट्टाधारण पर कार्यवाही अमल में लायी जाये। ट्रक, डम्फर ऑपरेटरों पर जो फर्जी मुकदमे दर्ज किये गये उन्हें खत्म कराया जाये साथ ही भविष्य में मुकदमा दर्ज न किये जाये। ओवरलोडिंग की वजह से प्रताड़ित कई ट्रक, डम्फर ऑपरेटर आत्महत्या कर चुके है तो कई कर्ज के मकड़जाल में फंसकर आत्महत्या करने की कतार में खड़े हैं।

# एसडीएम ने घाटों की सफाई के साथ की नाव की व्यवस्था

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

प्रशासन ने पितृ तर्पण करने वालों की सुविधा और सुरक्षा की कवायद शुरू कर दी है। सोमवार को एसडीएम ने घाटों की सफाई के साथ वहां नाव और गोताखोरों की भी व्यवस्था की है। आश्विन मास का पहला पखवारा पितृ पक्ष कहलाता है जिसमें सनातनी परंपरा के अनुसार लोग नदी के जल में अपने पितरों का जल तर्पण करते हैं और यह सिलसिला लगातार 15 दिनों तक चलता है। इस दौरान लोग दान पुण्य के साथ श्राद्ध करने की भी परम्परा है जिसमें लोग अपने परिवार और ब्राह्मणों को भोजन भी कराते है। ऐसा प्रतिवर्ष होता है और इस वर्ष इसकी शुरूआत रविवार से हुई है। लेकिन इस समय यमुना नदी उफान पर जिसके चलते घाट भी डूबे हुए हैं ऐसे में नदी में जल दर्पण करना खतरे से खाली नही है जिसका एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने संज्ञान ले लिया है। सोमवार सुबह ही नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी अवनीश शुक्ला के साथ पीला घाट व किलाघाट जाकर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ घाटों पर नाव के साथ गोताखोर की भी व्यवस्था की है जिससे किसी प्रकार की अनहोनी न हो।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आयीं 47 शिकायतें 14 मौके पर हुई निस्तारित

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में आज तहसील सभागार कोंच में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 47 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज करायी इस दौरान 14 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी राजेश पांडेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने सबसे पहले पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। तत्पश्चात फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है।

उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर प्राथमिकता से समाधान करें। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 14 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, शेष शिकायतों को निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को सौंपा गया। इस मौके पर एसडीएम कोंच ज्योति सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, सीओ कोंच परमेश्वर प्रसाद के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## खतौनी कक्ष के कंप्यूटर ऑपरेटर को हटाया गया


संपूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें सुनते डीएम व एसपी।

**कोंच।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के पास अधिक पैसा वसूलने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर ओर कड़ी फटकार लगाई और खतौनी कक्ष में कम्प्यूटर ऑपरेटर जयकरण को कंप्यूटर ऑपरेटर के पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। आपको बता दे कि किसानों की खतौनी निकलते की सरकारी फीस 15 रुपए होने के बाबजूद 20 रुपए प्रति खतौनी वसूली जा रही थी।





# प्रभारी मंत्री ने बाढ़ प्रभावित ग्राम दिलीप की मड़ैया में पहुंचकर बांटा भोजन

**फर्रुखाबाद समृद्धि न्यूज़।**

मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उ0प्र0 शासन व प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह द्वारा बाढ़ प्रभावित ग्राम दिलीप की मड़ैया स्टीमर से पहुँचकर निरीक्षण किया व ग्रामवासियों को पके हुये भोजन का वितरण किया। प्रभारी मंत्री द्वारा ग्राम में रह रहे ग्रामवासियों को सुरक्षित स्थान पर जाने हेतु आग्रह किया गया। प्रभारी मंत्री द्वारा जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी को समस्त ग्रामवासियों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने एवं उनके भोजन पानी इत्यादि की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। प्रभारी मंत्री द्वारा उपजिलाधिकारी सदर को ग्रामवासियों को राशन की द्वितीय किस्त बंटवाने हेतु निर्देशित किया। ग्रामवासियों की मांग पर प्रभारी मंत्री द्वारा उपजिलाधिकारी को प्रातः 07 बजे से सांय 07 बजे तक नांव की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्रामवासियों की माँग पर बाढ़ का पानी खत्म होने के पश्चात अधिशासी अभियंता सिंचाई को बंधा बनवाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत मोनिका यादव, विधायक भोजपुर नागेंद्र सिंह राठौड़, विधायक कायमगंज सुरभि, जिलाध्यक्ष भाजपा फतेहचंद्र वर्मा, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


स्टीमर से बाढ़ प्रभावित गांव में जाते प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधि


पीड़ितों को रोजमर्रा की चीजें वितरित करते प्रभारी मंत्री

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 11 शिकायतों में 7 का हुआ निस्तारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर तहसील में हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 11 में से 7 शिकायतों का मौके पर निस्तरण किया गया। शेष फरियादियों को आश्वासन की घुट्टी पिलाकर चलता कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार तहसील अमृतपुर में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 11 शिकायतें आयीं। जिसमें से 7 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कई अधिकारी नदारद रहे। कुछ ग्रामीणों का कहना था कि सरकार का उद्देश्य सम्पूर्ण समाधान दिवस के माध्यम से लोगों को त्वरित न्याय दिलाना है, लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति से यह उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। यह स्थिति शासन के निर्देशों की अवहेलना को दर्शाती है। बताते चलें कि तहसील में पानी भर होने के कारण फरियादियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



शिकायतें सुनते अधिकारीगण

# अराजकतत्वों ने तोड़ीं पानी पीने की टोंटियां


टूटी पड़ीं पानी की टोंटियां

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीते दो दिन रहे अवकाश के दौरान अराजकतत्वों ने विद्यालय में पानी पीने के लिए लगी टोंटियां तोड़ दीं। जब सोमवार को प्रधानाध्यापक विद्यालय पहुंचे, तो उन्होंने टूटी टोंटियां देख थाने में तहरीर दी।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय में शनिवार और रविवार की छुट्टी थी। इस दौरान किसी अराजकतत्व ने विद्यालय में पानी पीने के लिए लगीं टोंटियां तोड़ दीं। सोमवार को विद्यालय खुलने पर जब प्रधानाध्यापक संजीव रंजन विद्यालय पहुंचे, तो उन्हें सभी टोंटियां टूटी मिलीं। प्रधानाध्यापक ने भविष्य में किसी अनहोनी घटना की आशंका के मद्देनजर सहायक अध्यापक प्रशांत कटियार, सहायक अध्यापक प्रज्ञा नंदिता के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने प्रधानाध्यापक को जांच कर कार्यवाही करने की बात कही। प्रधानाध्यापक का कहना है कि टोंटियां टूटी होने से टंकी पूरी तरह से खाली थी। बच्चों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो, इसलिए नई टोंटियों को लगवाकर पानी की टंकी को पुनः भरा गया। तब कहीं जाकर बच्चे पानी पी सके।

## खेत में किशोरी से की छेड़छाड़, मां ने थाने में दी तहरीर



थाना कमालगंज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खेत में शौच करने गयी किशोरी से युवक ने छेड़छाड़ कर दी। किशोरी ने मदद के लिए शोर मचाया, तो युवक ने उसका मुंह दबा दिया। इसके बाद उसने किशोरी के साथ मारपीट कर भद्दी-भद्दी गालियां दीं। जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह १७ वर्षीय किशोरी खेत में शौच करने गयी थी। इस दौरान महरुपुर राबी का एक युवक वहां पहुंचा। उसने किशोरी को अकेला देखकर पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। किशोरी के शोर शराबा करने पर युवक ने उसे जान से मारने की धमकी दी तथा मारपीट की। बाद में युवक मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिस पर मां ने थाने पहुंचकर युवक के खिलाफ तहरीर दी। थाना प्रभारी संदीप कुमार के अनुसार पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# चोरों ने बक्से का ताला तोड़कर उड़ाये जेवरात

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

चोरों ने बक्से का ताला तोड़कर जेवरात पार कर दिये। सुबह सोकर उठे परिजनों ने जब सामान बिखरा देखा, तो उन्हें चोरी होने की जानकारी हुई। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव गढ़िया बबुरारा निवासी जयदेवी पत्नी स्व0 अजयवीर के गांव में ही दो मकान हैं। दूसरे मकान में उनके मवेशी बंधते हैं। रविवार रात जयदेवी अपने पुत्र देवेश और दिव्यांशू के साथ खाना खाकर पास ही दूसरे घर में सोने चली गईं और उनके दोनों पुत्र छत पर बने कमरे में सोने चले गए। रात किसी समय अज्ञात चोर छत से जयदेवी के घर में घुसकर कमरे के अंदर टाड़ पर रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे एक जोड़ी कुंडल, तीन जोड़ी टॉप्स, एक जंजीर, एक अंगूठी, एक जोड़ी पायल चोर चोरी कर ले गए। सोमवार सुबह लगभग सात बजे देवेश छत से नीचे उतरकर कमरे में गया, तो उसके होश उड़ गए। कमरे में जमीन पर बक्सा खुला पड़ा था। समान इधर उधर बिखरा पड़ा देख देवेश को चोरी होने की जानकारी हुई। घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं थाना पुलिस के मुताबिक चोरी के मामले की किसी भी तरह की थाने में तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।


घटना की जानकारी देते परिजन

# धान की सिंचाई कर रहे किसान को सर्प ने डसा, मौत


मृतक का फाइल फोटो


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

धान की सिंचाई कर रहे किसान को सांप ने डस लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद के नगला दलजीत सिंह निवासी धीरेन्द्र कुमार (53) बीती रात करीब 9 बजे अपने धान के खेत में पानी लगा रहा था। इसी दौरान उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। जानकारी होने पर परिजन तुरंत नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। धीरेंद्र कुमार अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। वह खेती से परिवार का भरण-पोषण करते थे।

उनके परिवार में पत्नी सुहागवती, 20 वर्षीय पुत्र आकाश उर्फ विशाल और 17 वर्षीय पुत्री राखी है। मृतक के पुत्र आकाश ने पुलिस को घटना की सूचना दी। नीम करोरी चौकी के प्रभारी उप निरीक्षक सूर्य प्रकाश उपाध्याय मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एकतरफा प्यार में महिला को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया


**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

युवक ने एकतरफा प्यार में शादीशुदा महिला को पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। महिला की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। तब तक आरोपी फरार हो गए। लोगों ने आग बुझाई। करीब 70 प्रतिशत झुलसी महिला खुद उठी और स्कूटी चलाकर अस्पताल पहुंची। हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज के ग्राम झिझुकी निवासी निशा की शादी वर्ष 2013 में मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव जिलापुर निवासी अमित चौहान के साथ शादी हुई थी। अमित चौहान दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है, जबकि निशा फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के नेकपुर में किराए के मकान में 11 और 8 साल के दो बेटों के साथ रहती थी। निशा के पिता बलराम सिंह शिक्षा मित्र हैं। उन्होंने बताया 6 सितंबर को मेरी बेटी निशा फर्रुखाबाद दवाई लेने के लिए स्कूटी से गई थी। कुंदन गनेशपुर स्कूल के पीछे नगला जैतपुर के रहने वाले दीपक और उसके साथ आए 5 लोगों ने मेरी बेटी को घेर लिया और उसके ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गये। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर आ गये थे। मेरी बेटी स्कूटी चलाकर जैसे तैसे अस्पताल पहुंची। जहां डाक्टर ने उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे रायर सेंटर सैफई के लिए रेफर कर दिया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। मृतका निशा की बहन नीतू ने बताया दीपक एक दो महीने से मेरी बहन को परेशान कर रहा था। उस दिन सुबह भी दीदी ने बताया था कि दीपक उसे टॉर्चर कर रहा है। कह रहा है कि तुम मुझसे बात करो। जबकि दीदी बात नहीं करती थी। उसने एक दो बार हमको इस बारे में बताया था। मां को इसकी कोई जानकारी नहीं थी। उसने पापा को घटना के संबंध में बताया था। अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया. मुख्य आरोपी दीपक समेत उसके 5 अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 4 टीमें लगाई गई हैं। मौके पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रही हैं। आरोपियों को जल्द पकड़ा जाएगा।



घटना की जानकारी देते पिता-पुत्री



मृतक का फाइल फोटो


मृतका के घर पर मौजूद लोग

## समाज सुधारक न्याय संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** समाज सुधारक न्याय संगठन के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर पहुँचकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से बिल के नाम पर की जा रही खुली लूट बंद हो, बाढ़ से कटे मुख्य मार्गो को सही कराया जाये और पुलिया बनवाई जाए, काला धन वापस लाकर गरीबों के नाम किया जाए, देश में नेताओं की सम्पत्तियों की जाँच की जावे, एमपी और एमएलए की पेंशन बन्द की जाये, धनसिंह पुत्र रामलाल ग्राम लुधैया कायमगंज की जमीन जो कि ग्राम लुधैया मे स्थित है इस पर ग्राम लुथैया के ही भूमाफिया गुण्डा व दबंग रघुवीर सिंह, प्रदीप, धर्मेद्र उर्फ कट्टू नेता उर्फ रंजीत अवैध कब्जा किये हुये हैं, जिनका कब्जा तत्काल हटवाया जाये, बाढ़ प्रभवित क्षेत्रों में हानि का मुआवजा तत्काल दिलाया जाये, जिन गाँव में राहत सामग्री नही बांटी गई है बन्दरबांट किया गया, तत्काल राहत समिग्री बांटी जाए, भोजपुर, अतग्गापुर तहसील कायमगंज कम्पिल मार्ग से रायपुर धर्मपुर मार्ग बाधित हो चुका है जिसमें नाव उपलब्ध करायी जावे, किसान सहकारी चीनी मिल कायमगंज की पिराई क्षमता में वृद्धि करायी जावे। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजाराम, राम जीत, सतेन्द्र, विशनपाल, श्रीपाल, अखिलेश शाक्य, महेन्द्र मोहन सहित तमाम संगठन के लोग मौजूद रहे।

# फेरी करने वाले युवकों ने महिला को अचेत कर लूटी नकदी व जेवरात

- बर्तन साफ करने का पाउडर बेचने के बहाने घर में घुसे थे युवक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

फेरी वालों ने महिला को अचेत कर घर से हजारों की नकदी व जेवर लूट लिये। पति ने घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार कायमगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दत्तूनगला निवासी अनिकेत प्राइवेट स्कूल में पढ़ाता है। वह सोमवार को स्कूल पढ़ाने चला गया था। घर पर उसकी पत्नी अनुराधा अकेली थी। इसी दौरान साइकिल से दो फेरी वाले आये और बर्तन साफ करने का पाउडर बेचने के बहाने अनुराधा के घर में घुस गये। बातचीत करने के दौरान उपरोक्त फेरी करने वाले युवकों ने अनुराधा के ऊपर स्प्रे कर दिया। जिससे अनुराधा बेहोश हो गयी। इसी दौरान फेरी वाले युवक 50 हजार की नकदी व जेवर लेकर फरार हो गये। जब महिला अनुराधा को होश आया, तो सेफ का लॉक टूटा व सामान बिखरा देखा, तो उसके होश उड़ गये।

उसने देखा कि अलमारी से नकदी के अलावा दो अंगूठियां, एक जोड़ी टॉप्स और गले से मंगलसूत्र गायब था। उसने तुरंत अपने पति को फोन कर घटना की जानकारी दी। अनिकेत ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पीड़ित दंपति ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र दिया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।


घटना की जानकारी देती पीड़ित महिला

# बारिश में जमींदोज हुआ कच्चा मकान, सामान दबा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

वारिश के चलते कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। जिसमें गृहस्थी का सामान दब गया, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार वारिश के चलते सोमवार को मोहल्ला घसिया चिलौली में गोपाल का कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। गोपाल ने बताया कि वह अपने भाई अखिलेश के साथ उपरोक्त मकान में रहते हैं। उन्होंने बताया कि मलबे में गृहस्थी का सामान दब गया, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। उन्होंने बताया कि मकान का एक हिस्सा गिरा है, जबकि दूसरे हिस्से में वह रहते हैं। घटना की सूचना लेखपाल को दी गयी। जिस पर लेखपाल तामेश्वर प्रसाद राणा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि घटना की जांच कर ली गई है और रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। बताते चलें कि क्षेत्र में करीब एक माह से बाढ़ का कहर जारी है। वहीं बरसात भी रुक-रुककर हो रही है। जिसके चलते कई कच्चा व जर्जर मकान जमींदोज हो चुके हैं।


गिरा कच्चा मकान

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं शिकायतें, सात का मौके पर निस्तारण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 78 शिकायतों मे से 7 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को सम्बन्धित अधिकरियों को सौंपकर जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए।

सोमवार को तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी अतुल कुमार की अध्यक्षता में किया गया। उप जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकरियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लम्बित न रखी जायें। शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस विभाग सम्बन्धित शिकायतो को क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी ने सुना एवं सम्बन्धित थानाध्यक्षों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर, नायब तहसीलदार अनवर हुसैन, खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह, चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुराग मित्रा, कम्पिल थानाध्यक्ष कपिल कुमार, शमशाबाद थानाध्यक्ष, मेरापुर थानाध्यक्ष, नवाबगंज थानाध्यक्ष मौजूद रहे।


सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते एसडीएम व सीओ आदि

# बाढ़ के तेज बहाव में बह गया ग्रामीणों द्वारा बनाया गया जुगाड़ू पुल

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। करीब एक महीने से लोग गंगा के उफान से जूझ रहे हैं। अब उस पर से पैदल आवाजाही का सहारा बना जुगाड़ू पुल भी तेज बहाव में टूट गया। ग्रामीणों की हालत यह हो गई कि न नाव समय पर पहुंची और न सुरक्षित रास्ता मिल सका। बाजार से लौटे लोग घंटों धूप में खड़े रहे। वहीं कई लोग मजबूरी में टूटी सड़क से गुजरने को विवश हो गए। रुक-रुककर हो रही लगातार बारिश ने ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा दीं।

सोमवार दोपहर ग्रामीणों द्वारा बल्ली और गाटर डालकर बनाया गया अस्थायी पुल तेज धारा में बह गया। इसके बाद कम्पिल-बदायूं मार्ग पूरी तरह ठप हो गया। आसपास के 15 से अधिक गांवों के हजारों लोग इसी रास्ते से कस्बे और बाजार तक आते जाते हैं। इनमें गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग और बीमार लोग भी शामिल हैं। पुल टूटने से रामेश्वरनाथ मंदिर के पास बड़ी संख्या में लोग नाव का इंतजार करते रहे, लेकिन दो घंटे तक कोई नाव नहीं पहुंची। भूखे.प्यासे खड़े ग्रामीणों में से कुछ ने जान जोखिम में डालकर टूटी सड़क पार करने की कोशिश की। प्रशासन का दावा है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में 29 नावें चलाई जा रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। नावें या तो देर से पहुंच रही हैं या फिर जरूरतमंद गांवों तक पहुंच ही नहीं पा रहीं। गांव के रामकिशोर ने कहा हम सुबह से नाव का इंतजार कर रहे थे। महिलाएं और बच्चे साथ थे, लेकिन कोई नाव नहीं आई। मजबूरी में टूटी सड़क से ही गुजरना पड़ा। हर कदम पर डर था कि कहीं बह न जाएं। श्वहीं संतोष देवी बोलीं मेरे पति बीमार हैं। दवा लेने कस्बे गई थी। लौटते वक्त पुल टूट चुका था। घंटों इंतजार करने के बाद भी नाव नहीं मिली। आखिरकार जान जोखिम में डालकर लौटना पड़ा। साथ ही दिन भर रुक-रुककर हुई बरसात ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। जिससे सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को हुई। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बाढ़ के मौसम में यही समस्या सामने आती है। अस्थायी इंतजाम से बात नहीं बनेगी। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पक्का पुल और स्थायी सड़क का निर्माण कराया जाएए ताकि उन्हें हर बार बाढ़ के समय जान जोखिम में डालकर सफर न करना पड़े। देर शाम एसडीएम के आदेश पर स्टीमर की व्यवस्था की गई। जिसके बाद लोगों का आवागमन देर रात तक चलता रहा। इस बाबत नायब तहसीलदार हर्षित ने बताया कि ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के लिए नाव उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं तहसीलदार विक्रम सिंह चाहर ने दावा किया कि क्षेत्र में पर्याप्त नावें चल रही हैं और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त नावों की व्यवस्था भी की जाएगी।


नाव से आवागमन करते ग्रामीण

# प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों को वितरित की ट्रैक्टर चॉबी, व्हीलचेयर व 82 खेल सामग्री किट

- बेबर से फर्रुखाबाद रोड लगी टूटने, जांच कराकर रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश
- पंचायती राज विभाग की रैंकिंग खराब, कर्मचारियों पर कार्यवाही के निर्देश
- आवन्तीबाई की प्रतिमा के लिए जगह चयन करने के निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग/प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। मंत्री ने 05 दिव्यांगों को व्हीलचेयर वितरित की गई तथा कृषि विभाग के 02 लाभार्थियों को ट्रैक्टर की चाभी प्रदान की। प्रन्तीय रक्षक दल के 82 लाभार्थियों को खेल सामग्री किट वितरित की गई।

प्रभारी मंत्री ने सभागार में चिकित्सा विभाग में 09 नव चयनित कनिष्ठ लिपिक, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 06 नव चयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण किये गये तथा 7 छात्रों को टैबलेट वितरण, उद्यान विभाग के 04 लाभार्थियों को चेक वितरण, प्रधानमंत्री आवसीय योजना ग्रामीण 01 लाभार्थी को चाबी वितरण, एन0आर0एल0एम0 योजना में 01 करोड़ 72 लाख की सी.सी.एल. चेक का वितरण, कृषि विभाग के 05 लाभार्थियों को नैनो यूरिया एवं नैनो डी.ए.पी. किट वितरण, उद्योग विभाग की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के 04 लाभार्थियों को चेक वितरण, प्रोबेशन विभाग की मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण, समाज कल्याण विभाग की वृद्धावस्था पेंशन के 03 लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र वितरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री शादी अनुदान के 05 लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र वितरण किया गया।

इसके साथ ही प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की एवं पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या की समीक्षा की गई। विधायक कायमगंज ने अचरा फीडर के 40 ग्रामों की विद्युत आपूर्ति बाधित होने की शिकायत की। प्रभारी मंत्री ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को युद्धस्तर पर कार्य कर आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि पी0डब्लूडी जनपद की टूटी सड़कों के स्टीमेट तैयार कराकर मौसम सही होते ही सड़कों का निर्माण कार्य शुरू करायें। एन.एच.ए.आई. द्वारा बनाई की गयी बेबर से फर्रुखाबाद रोड जो कि टूटने लगी है उसकी गुणवत्ता की जांच कराकर रिपोर्ट कर शासन को भेजें, मुख्य चिकित्साधिकारी को जनपद की चिकित्सा सुविधाए सही कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री डेशबोर्ड पर पंचायती राज विभाग की रैंकिंग खराब होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की एवं पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित कि अकर्मण्य कर्मचारियों पर कार्यवाही करें, पर्यटन विभाग की रैंक 54 आने पर मंत्री द्वारा रोष व्यक्त किया गया एवं क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि पर्यटन विभाग के समस्त कार्यों का स्वयं निरीक्षण करें, गुणवत्ता एवं समय से सभी कार्य पूर्ण कराये। फैमिली आईडी व उद्योग विभाग की मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना में रैंक खराब होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं साप्ताहिक समीक्षा करने के लिए निर्देशित किया। प्रभारी मंत्री ने आगामी सेवा पखवाड़ा के तहत लगाये जाने वाले कैम्पों की सूचना सभी को समय से उपलब्ध कराने को निर्देशित किया। अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा स्थापना के लिए एनओसी प्रमाण पत्र की कार्यवाही पूर्ण करने, अवन्तीबाई की प्रतिमा के लिए जगह चयन करने के लिए निर्देशित किया।

जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि आलू किसानों को जरूरत के हिसाब से उर्वरक उपलब्ध करायें। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर, विधायक कायमगंज डॉ. सुरभि, विधान परिषद सदस्य प्रांशु दत्त द्विवेदी, जिलाधिकारी अशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।



लाभार्थी को ट्रैक्टर की चॉबी वितरित करते प्रभारी मंत्री

# अमेठी जदीद में साक्षरता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में ग्राम अमेठी जदीद में विश्व साक्षरता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भारती मिश्रा के संयोजन में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शिक्षिका शशिबाला अग्निहोत्री की देखरेख में चित्रकला प्रतियोगिता तथा रश्मि यादव ने साक्षरता विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की सदस्यों सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। प्र0अ0 मनोज मिश्रा ने कहा आज जाग्रति का समय है। भारती मिश्रा ने कहा आज राष्ट्र हित में हमें संकल्पित होना ही पड़ेगा कि एक भी व्यक्ति असाक्षर न रहे। शशांक ने सभी को साक्षरता की शपथ दिलाई। सभी ने मिलकर नारे लगाए इससे बड़ी न कोई कमाई, सब छोड़ो और करो पढ़ाई, कोई निरक्षर रहने न पाए, साक्षरता कार्यक्रम संकल्प उठाए। इस अवसर पर मीरा देवी, रामश्री, गुड्डी देवी, जैम्मुनिशा, सवीहा खानम, नीता सक्सेना, संगीता शाक्य, अंशिका, आकांक्षा, शेरसिंह, ज्योत्सना, रचना, गीता, कंचन, मंजू देवी, अफशां, रुकसाना, पिंकी, वसीमा, सहाना बेगम, इमराना नसरीन आदि मौजूद रही।



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व शिक्षिकायें

## 12 से 14 सितम्बर तक होगा काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष कार्यक्रम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम दिवस 12 सितम्बर को चित्रकला प्रतियोगिता प्रातः 10 बजे से विभिन्न स्कूलों में आयोजित होगी। द्वितीय दिवस 13 सितम्बर को प्रातः 11 बजे कवि सम्मलेन एनएकेपी डिग्री कॉलेज में आयोजित होगा। क्रांतिवीरों की प्रदर्शनी का उद्घाटन शाम 5 बजे, नाट्य मंचन एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज सम्मान सायं 6 बजे गढ़ी कोहना स्थित एक पैलेस में होगा। 14 सितम्बर को संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह प्रातः 10 बजे होगा। इन कार्यक्रमों की जानकारी संयोजक अनुराग अग्रवाल ने दी है। पत्रकार वार्ता में संस्था सचिव सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक और आजाद नाटक का भी मंचन होगा। कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता, निर्माता निर्देशक एवं भारतेन्दु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष राज्यमंत्री डॉ0 रति शंकर त्रिपाठी रहेंगे। संस्था कोषाध्यक्ष आकांक्षा सक्सेना ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से आम जन मानस को काकोरी के क्रांतिकारियों के विषय में जानकारी पहुचना है। आयोजन प्रमुख डॉ0 संदीप चतुर्वेदी ने बताया कि स्वतंत्रता आंदोलन में काकोरी ट्रेन एक्शन एक महत्वपूर्ण घटना है, जिससे कि हम सभी को आजादी प्राप्त हुई।



जानकारी देते सुरेन्द्र पाण्डेय मौजूद अन्य

# शिक्षकों ने उठायी वेतनमान की मांग

- समस्याओं को लेकर बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान की अध्यक्षता में शिक्षक भवन में मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई पात्र शिक्षकों के चयन वेतन मान सितम्बर माह के वेतन मान के साथ लगाया जाये।

प्रोन्नति वेतन मान देने की प्रक्रिया तत्काल शुरु की जाये। उर्दू बीटीसी 2006 बैच के 23 शिक्षकों की अवरुद्ध अस्थायी वेतन वृद्धि तत्काल बहाल की जाये। शिक्षकों की एक ही दिन की अनुपस्थित आकास्मिक अवकाश में समायोजित कर एक दिन के वेतन की कटौती न की जाये। एमडीएम कन्वर्जन कास्ट फलों की धनराशि तथा रसोइयों का मानदेय भुगतान कराया जाये। महिला शिक्षकों की सीसीएल मैटरनिटी लीब चिकित्सीय अवकाश तत्काल स्वीकृत किया जाये। जनपद में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं के सेवाकाल से लेकर अध्यतन अर्जित अवकाश ईएल मानव संपदा पोर्टल अंकित कराया जाये। प्रधानाध्यापक इंचार्ज प्रधानाध्यापक को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त रखा जाये। जिससे विद्यालय संचालन में असुविधा न हो। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान, जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ला, राजेश यादव, केपी यादव, श्याम सिंह यादव, गजेंद्र सिंह, शकील खान, मुन्ना लाल यादव, उपेंद्र गंगवार, निर्देश गंगवार, इसरार अहमद, अनुपम मिश्रा, सत्यभामा राठौर, अवधेश सिंह, देवेन्द्र यादव, सतेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

## खबरें एक नजर में

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले में 38 अभ्यार्थियों को मिला रोजगार



साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह की देखरेख में रोजगार मेला सम्पन्न हुआ। मेले में चार कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 175 रिक्तियों के सापेक्ष 38 अभ्यार्थी उपस्थित हुए। सभी का साक्षात्कार लेकर 30 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। 19 अभ्यार्थियों का अप्रेन्टिसशिप के लिए चयन हुआ व रिवेंट प्रिसिजन इंजीनियरिंग लि0 के 12, स्मार्ट मदरसन के लिए 7 एवं अन्य जॉब के लिए 11 ट्रेनी का चयन हुआ। मेले की व्यवस्था नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने देखी। इस मौके पर कार्यदेशक बृजेश कुमार, अप्रेन्टिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### भाजपा की संगठनात्मक बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री विधान परिषद सदस्य अनूप कुमार गुप्ता 9 सितम्बर को पार्टी कार्यालय आवास विकास में संगठनात्मक कार्यशाला को सम्बोधित करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी ने दी है।

### एथलेटिक्स जूनियन प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 60वीं राज्य स्तरीय जूनियर एवं अंडर-23, एथलीट प्रतियोगिता का आयोजन 14 सितंबर से 16 सितंबर तक मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज में किया जाना है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जनपद की एथलेटिक टीम का चयन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फ्तेहगढ़ में जिला एथलेटिक संघ के सचिव योगेश शुक्ला की देखरेख में किया गया। राज्य स्तरीय जूनियन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। 5 हजार व 1500 मीटर के शिल्पी भारद्वाज, 600 मीटर के लिए राहुल यादव, लम्बी कूद में शिवांगी, ट्रायथलॉन में प्रियांशु, 100 मीटर हर्डल में मिलन सिंह, 100 व 200 मीटर में मांडवी एवं 400 मीटर हर्डल में सुहानी राठौर, 10 हजार मीटर वाक रेस के लिए लवी राठौर एवं अनमोल बाथम, मोनिका राठौर का चयन हुआ। 100 व 200 मीटर के लिए प्रगति वर्मा, 800 व 1500 मीटर के लिए आरजू का चयन किया गया। बाढ़ ग्रस्त इलाके से कई खिलाड़ी आने थे, जो ट्रायल में नहीं आ सके। वह अपनी ऑन लाइन एंट्री कर सकते है। एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव योगेश शुक्ला व प्रतियोगिता प्रभारी संजीव कटियार से भी भाग लेने वाले खिलाड़ी सम्पर्क कर सकते है।

# ब्रह्माकुमारी केंद्र पर मनाया गया विश्व साक्षरता दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद सेवाकेंद्र में विश्व साक्षरता दिवस पर बीके शोभा बहन ने बताया कि दुनिया भर में चिकित्सकों, निर्माताओं, समुदायों तथा व्यक्तियों द्वारा विश्व साक्षरता दिवस तो मनाया जाता है और शिक्षा के प्रति प्रेरित भी किया जाता है, ताकि कोई भी निर्णय न्याय पूर्ण शांतिपूर्ण कर सकें।

उन्होंने कहा विश्व साक्षरता दिवस का उद्देश्य विश्व में शिक्षा के महत्व को दर्शाता है हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षाओं पर चर्चा करनी चाहिए, ताकि हर एक अपने संस्था एवं समुदाय को साक्षरता का उपहार दें। आध्यात्मिक भौतिक पुस्तकों को अगली बदली कर ध्यान पूर्वक पाठ पढ़कर दूसरों को भी प्रेरित करें, अपने दिमाग को सशक्त बनाएं, अपना जीवन बदले, ताकि दुनिया भर के लोगों में साक्षरता पैदा करे। करुणा-दया और शांति का पाठ पढ़े, तब हम साक्षर माने जाएंगे। साक्षरता केवल पढ़ना लिखना ही नहीं बल्कि पढ़ लिखकर उसको अपने जीवन रूपी शैली में अमल करना, भाषण देना, गरीब बस्तियों में जाकर शिक्षा का अलख जगाना, यह प्रयास तो दुनिया भर में किया जा रहा है, परंतु जीवन जीने की कला ना कोई सीख रहा है और ना ही सिखाए जा रहे हैं। बुरी संगत का असर छोड़ अच्छे बुरे की पहचान करें, हर घर स्वर्ग जैसा मंदिर बन जाए, वही सही मायने में साक्षर है, हम संकल्प करें कि छोटी-छोटी बातों से पहले अपने से शुरुआत करने की कोशिश करें, ज्ञान के प्रकाश से कोई भी वंचित न रहे। गंगासिंह ने कहा कि शिक्षा रोजगार या पैसे के लिए नहीं, शिक्षा खुद के विकास के लिए जरूरी है।

पूनम बहन ने कहा कि साक्षरता दिवस शिक्षा की जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें सही शिक्षा के संस्कार देना भी जरूरी है शिक्षा को रुपए कमाने का जरिया न मानकर सही और योग्य नैतिक शिक्षा के संस्कारों वाले समाज का निर्माण करने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। उज्जवल भविष्य के प्रति संकल्पित होकर एक अच्छे देश के निर्माण में अपनी सहमति प्रदान करें। सभी बहनों ने माताओं, भाइयों को अपने हाथों से लिखने पढ़ने का अभ्यास कराया, ताकि सभी बूढ़े अनपढ़ भी साक्षर बन सकें।



साक्षरता दिवस कार्यक्रम में मौजूद अनुयायी

# रामलीला कमेटी ने मैदान उपलब्ध कराने के लिए मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रामलीला कमेटी फतेहगढ़ के अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र जनपद प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह को सौंपा गया। पत्र सौंपकर फतेहगढ़ नगर में श्री रामलीला हेतु मैदान उपलब्ध करवाने की मांग की गई। अध्यक्ष रवीश द्विवेदी ने बताया कि फतेहगढ़ में डेढ़ सौ वर्ष से भी पुरानी रामलीला कमेटी के पास अपना कोई मैदान नहीं है।

रामलीला हमारी लोक संस्कृति का महत्वपूर्ण उत्सव है। जिसमें बच्चों और युवाओं को श्रीराम के चरित्र से परिचित होने का अवसर मिलता है और स्थानीय कलाकारों, हस्तशिल्प और छोटे व्यापारियों को भी लाभ होता है, अतः अपना मैदान होना अत्यावश्यक है। मंत्री ने शीघ्र ही कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पंकज अग्रवाल, चमन टण्डन, मुन्ना लाल वार्ष्णेय, रविन्द्र गुप्ता, कैप्टन डीएस राठौर, वीरेन्द्र सिंह राठौर, शरद चन्देल आदि भी उपस्थित रहे।



प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपते रवीश द्विवेदी

# एलवाई डिग्री कॉलेज में अब मिलेगा एनसीसी का प्रशिक्षण: डॉ. विनय सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज के एलवाई डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अब एनसीसी का भी का प्रशिक्षण मिलेगा। एनसीसी कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया वर्तमान शैक्षिक सत्र (2025-26) से प्रारंभ हो चुकी है। प्राचार्य डॉ.विनय कुमार सिंह ने बताया कि 12यूपी बीएन एनसीसी फतेहगढ़ के द्वारा महाविद्यालय में एनसीसी का एक प्लाटून 3/12 कॉपी आवंटित किया गया है। इसके तहत महाविद्यालय में वर्तमान सत्र 2025-26 से एनसीसी कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्राचार्य ने कहा कि इस पहल से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होगा। जो छात्र-छात्राएं देश सेवा में जाना चाहते हैं वह पढ़ाई के साथ-साथ एनसीसी का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर विपिन सिंह को एनसीसी का केयर टेकर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर नरेंद्र मिश्रा, अभिषेक सिंह, डॉ. आरती दुबे, डॉ. मनीषा सक्सेना, रितिक गुप्ता, डॉ. बृजेश वर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया।



डॉ. विनय कुमार सिंह

# स्टेशन पर रेलवे पुलिस ने महिला का सकुशल कराया गया प्रसव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म ड्यूटी में तैनात हेड कांस्टेबल धीरेंद्र सिंह द्वारा पोस्ट कमांडर को सूचना दी गई कि प्लेटफार्म नंबर 4 पर एक महिला यात्री को प्रसव पीड़ा हो रही है, उसे तुरंत मदद की आवश्यकता है। सूचना पर उप निरीक्षक रूबी साथ स्टाफमौके पर पहुंची तथा गर्भवती महिला का नाम काजल पत्नी टुनटुन निवासी ग्राम नवाडीह थाना लखीसराय जिला लखीसराय अटेंड किया गया। महिला के परिवार जनों द्वारा हॉस्पिटल मदद हेतु पूछने पर इनकार किया गया। बाद महिला के साथ उपस्थित उसके परिवार की महिलाओं की मदद से उक्त महिला का प्रसव कराया गया। महिला द्वारा एक पुत्र को जन्म दिया गया। मां तथा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। महिला काजल अपने परिजनों के साथ गाड़ी संख्या 15083 से लखीसराय से फर्रुखाबाद तक टिकट लेकर यात्रा कर रही थी। आसपास मौजूद यात्रियों तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा रेलवे सुरक्षा बल की तत्परता तथा सहयोग की काफी सराहना की गई।



प्रसूता महिला को बच्चा सौंपती उपनिरीक्षक रुबी

### टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के विरोध में प्रा.शि.संघ कल करेगा धरना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर 10 सितम्बर को होने वाले धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन की जानकारी दी है। प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर धरने का आयोजन होगा। सर्वोच्चतम न्यायालय के आदेश 1 सितम्बर 2025 के अनुसार सभी शिक्षक कक्षा 1 से कक्षा 8 तक को टीईटी उत्तीर्ण करने का आदेश दिया गया है। इस संबंध में शिक्षक अधिकार अधिनियम 2009 में संसोधन कर अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी होने की अनिवार्यता से मुक्त रखने के संदर्भ में 10 सितम्बर को 3 बजे प्रधानमंत्री व मानव संसाधन विकास मंत्री, मुख्यमंत्री, बेसिक शिक्षा मंत्री सम्बोधित ज्ञापन सौंपा जायेगा। जिसमें बड़ी संख्या में बेसिक शिक्षाधिकारी के प्रांगण में एकत्र होकर कलेक्ट्रेट तक मार्च करते हुए ज्ञापन सौंपेंगे।

# कब्जा करने के मामले में दो उपनिरीक्षक कानून-गो सहित नौ पर याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दबंगों ने अवैध तरीके से भूमि पर कब्जा कर लेने के मामले में स्थानी पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित ने उप निरीक्षक, कानून गो सहित नौ लोगों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की है।

कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम गोसरपुर निवासी नरेंद्र सिंह पूर्व सैनिक पुत्र यदुनाथ सिंह ने दायर की याचिका में दर्शाया कि उसने अपनी पत्नी सरोज कुमारी के नाम से गोसरपुर में भूमि खरीदी थी। जिस पर गांव के दबंगों ने कब्जा कर लिया। इस संदर्भ में मैंने 17 मार्च 2025 को तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था। तहसील कर्मियों की जांच के आधार पर 5 अप्रैल को दबंग कुशल सिंह पुत्र भूधर सिंह, जगजीत सिंह, रंजीत सिंह, नरजीत सिंह पुत्रगण कुशल सिंह व पूरन आदि का कब्जा हटवा दिया गया था। 9 अप्रैल की शाम के समय अज्ञात ट्रैक्टर से मेरी जमीन पर पुनः दबंगों ने लाइसेंसी राइफल व पिस्टल तथा बंदूक की नोक पर ऐलानियां जान माल की धमकी देते हुए कब्जा कर लिया। विरोध करने पर झगड़ा फसाद पर अमादा हो गये। इस संदर्भ में रिपोर्ट दर्ज कराकर दबंगों के लाइसेंस निरस्त करने के लिए 11 अप्रैल को जिलााधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर उप निरीक्षक सुरेश चाहर ने दबंगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मनगढ़ंत आख्या लगा दी। जब मैंने कहा कि यह सरासर गलत है तो तहसील कर्मी व दरोगा गाली-गलौज करने लगे और जान माल की धमकी दी। इस संदर्भ में डीएम व एसपी से भी शिकायत की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। न्यायालय ने पुलिस से आख्या मांगी है।

# संयुक्त चेकिंग अभियान में आठ ओवरलोड वाहन सीज



पकड़े गये डंपर की जानकारी देते अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी सतेन्द्र कुमार द्वारा बघार तथा मोहम्मदाबाद क्षेत्र में खनन सामग्री का परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में 6 ट्रकों को सीज कर दिया गया तथा परिवहन विभाग द्वारा रुपये 2.07 लाख जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त दो अन्य ओवरलोड वाहनों को मोहम्मदाबाद में पकड़कर सीज किया गया तथा उन पर 48 हजार का जुर्माना लगाया गया। कार्यवाही में परिवहन विभाग द्वारा रू0 2.55 लाख जुर्माना वसूल किया गया है।

# वामा सारथी द्वारा कैरियर काउंसलिंग शिविर का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ऐवीएस फाउंडेशन की डायरेक्टर आकांक्षा सक्सेना ने पुलिस लाइन फतेहगढ़ स्थित सभागार में छात्रों को कार्रिएर से सम्बंधित कोर्स के विषय में जानकारी दी। आज के समय में सही करियर का चुनाव करना युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। इसी को ध्यान में रखते करियर काउंसलिंग शिविर का आयोजन किया गया।

इस के माध्यम से छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ.साथ छात्रों को अपनी रुचिए योग्यता और कौशल को समझना भी बेहद ज़रूरी है। उन्होंने मेडिकल, इंजीनियरिंग, आर्ट्स, कॉमर्स, मैनेजमेंट, डिफेंस, स्किल-डेवलपमेंट और सरकारी नौकरियों से लेकर आधुनिक क्षेत्रों जैसे डिजिटल मार्केटिंग, डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक की जानकारी साझा की। इस शिविर में 100 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने सवाल पूछे। इस अवसर पर अविचल पाण्डेय, छोटेलाल, संगीता यादव उपस्थित रहे।



जानकारी देती आकांक्षा सक्सेना

# डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**



- सभी तहसीलों में आयोजित किया गया संपूर्ण समाधान दिवस
- 138 प्रार्थना पत्रों में से 14 का किया गया निस्तारण

शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील लालगंज में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। तहसील लालगंज में जिलाधिकारी के समक्ष मौके पर 138 प्रार्थना पत्रों में से 14 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित की संबंधित अधिकारी गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी ढंग से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने कहा कि शिकायतों का फीडबैक शासन स्तर से शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर लिया जा रहा है अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो भी फरियादी तहसील दिवस में एक बार शिकायत लेकर आ रहा है। निस्तारण संतुष्टिपूर्ण न होने पर यदि दोबारा वही फरियादी वही शिकायत लेकर आता है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से वार्ता कर शिकायत का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि हर घर जल योजना अंतर्गत जो भी शिकायत आ रही हैं संबंधित अधिकारी उन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उप जिलाधिकारी लालगंज को निर्देशित करते हुए कहा कि पिछले तहसील दिवस की जो भी शिकायतें निस्तारण हो गई हैं उनमें से कुछ शिकायत को टीम बनाकर जांच कराए। जांच में अगर शिकायत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न हुई हो तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें।

इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलों में तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी वि 0/रा0 अजय कुमार सिंह के समक्ष 53 प्रार्थना पत्रों में से 01 का निस्तारण, तहसील चुनार में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता के समक्ष 56 प्रार्थना पत्र में से 02 का निस्तारण, तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी भू राजस्व देवेंद्र प्रताप सिंह के समक्ष 95 प्रार्थना पत्रों में से 17 का निस्तारण किया गया शेष प्रार्थना पत्र को सम्मिलित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिया गया। तहसील लालगंज में उप जिलाधिकारी महेंद्र सिंह एवं सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे ने फरियादियों की सुनी समस्या



**चुनार (मिर्जापुर)।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता ने सुनी फरियादियों की समस्या। जगदीशपुर उर्फटम्मलगंज निवासी राजेश चौहान ने प्रार्थना पत्र देकर मांग किया कि प्रतिदिन स्कूल जाने व आने के समय घंटो रेलवे क्रासिंग बन्द रहता है जिससे बच्चों को स्कूल जाने आने में काफी बिलम्ब हो जाता है। क्रासिंग बन्द होने की स्थिति मे लोग रेलवे पुल से निकल कर अपने गंतव्य को आते जाते थे उसे भी लगभग 6 महिने से बंद कर दिया गया है। अतिशीघ्र आने जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। दयालपुर गांव के प्रधान बीरेन्द्र सिंह ने प्रार्थना पत्र दिया कि आराजी संख्या 19 कागजात माल में तालाब दर्ज है जिस पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है, जिसे अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग किया। खम्हवा जमती निवासिनी सुमन देवी ने कहा कि मेरे द्वारा आराजी नं0 597 के नापी कराएं जाने के संबंध में पूर्व के समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया गया था जिस पर लेखपाल कानूनगो मौके पर तो गए लेकिन नापी नही किए प्रार्थिनी से बिना नापी के ही हस्ताक्षर बनाने का दबाव बना रहे थे। रैपुरिया गांव निवासी रणजीत सिंह ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गांव सभा की आराजी नं0 268 जो नई परती व बंजर भूमि के रूप में दर्ज है। उक्त नंबर में गांव के ही चन्द्रपाल सिंह द्वारा बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। कुल 56 प्रार्थना पत्र आया जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया शेष प्रार्थना पत्र संबंधित को जांचोपरान्त गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के लिए दिया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, तहसीलदार इवेन्द्र कुमार सिंह, सीओ मंजरी राव, नायब तहसीलदार कल्पना, खण्ड विकास अधिकारी सिद्धार्थ मिश्रा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सम्मान समारोह आयोजित

- ब्रह्मकुमारी संस्था द्वारा एक माह से नशामुक्ति पर चलाया जा रहा है अभियान
- वाराणसी के कलाकारों व स्थानीय बच्चों ने नशा मुक्ति पर प्रस्तुत किया गीत व नाटक

**चुनार (मिर्जापुर)।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लोअर लाइन चुनार शाखा द्वारा आयोजित मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान के संबंध में रविवार को आध्यात्मिक स्नेह मिलन एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि छत्रपति सतेंद्र कुमार सिंह ब्लॉक प्रमुख सीखड़, विशिष्ट अतिथि दिनेश चौबे अध्यक्ष प्रधान संघ सीखड़, डॉ रीती सिंह रहे। अतिथियों का स्वागत शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी बीनू दीदी, संचालन प्रियंका बहन धन्यवाद ज्ञापित शाखा सह प्रभारी ब्रह्माकुमारी तारा दीदी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का सम्मान बैच अलंकरण व अंगवस्त्रम से किया गया। कार्यक्रम में वाराणसी से आए नन्हे बाल कलाकारों रामकृष्ण, राधाकृष्ण, राधेकृष्ण द्वारा दरूअवा मत पिया भैया, घरवा तू भेजा रुपैया और चुनार के स्थानीय कलाकारों द्वारा नशा मुक्ति पर संगीतमय लघु नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को तंबाकू, गुटखा, शराब से होने वाले बीमारी के बारे में अच्छा संदेश दिया। कार्यक्रम में आए अतिथियों को संस्था द्वारा एक एक पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम में नैनी प्रयागराज से आए वैभव भाई व सच्ची बहन का उल्लेखनीय योगदान रहा। इस अवसर पर चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य, हेड कांस्टेबल रविंद्र प्रताप सिंह, सुमित सिंह, विनय राय, विमलेश सिंह, कृति सागर, ब्रह्माकुमारी चनतारा, सुनीता, दीपिका, पड़री शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी गूंजा, नरायनपुर शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी विद्या, चेतना सुलेखा, ब्रह्मकुमार पंकज दुबे, जगदीश, सतनारायण सहित बड़ी संख्या में सीखड़ ब्लॉक के ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### डे-नाईट कबड्डी प्रतियोगिता में 14 टीमों ने किया प्रतिभाग

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के महुगढ़ समउती गांव में रविवार को डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कबड्डी मैच के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिलीप पटेल ने कबड्डी टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारम्भ किया। कबड्डी मैच में कुल चौदह टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें डेरवा मिर्ज़ापुर, समउती डी, मिर्ज़ापुर के छानबे, मध्य प्रदेश के मऊगंज, लालगंज,से जीरो, व घोरावल गड़बड़ा डी व राजगढ आदि टीमों के मध्य ट्राई डालकर जोरदार कबड्डी का प्रदर्शन किया गया। फाइनल मैच में प्रयागराज व डेरवा के बीच खेला गया कबड्डी मैच में प्रयागराज की टीम ने डेरवा हो हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। प्रयागराज व मऊगंज के बीच कबड्डी मैच में प्रयागराज की टीम प्रथम, डेरवा द्वितीय, मऊगंज तृतीय स्थान प्राप्त किया पुरुस्कार के तौर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5100, द्वितीय टीम को 3100 और तृतीय स्थान कि टीम को 2100 रूपये का नगद पुरस्कार दिया गया है। कबड्डी मैच के रेफरी के रूप में बबलू अंसारी व पिंटू मौर्य रहे। कार्यक्रम के आयोजक हाफिज अंसारी, कमेंट्री बुद्धि पाल व जयकुमार ने किया। इस मौके पर मोबिन खान, मिठाई लाल, फूलचंद, इंडियन मानवाधिकार के जिलाध्यक्ष विजेंद्र पाण्डेय मौजूद रहे।

### गिरफ्तार वारंटी को पुलिस ने न्यायालय में किया हाजिर

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव से पुलिस ने सोमवार की सुबह न्यायालय से वारंट जारी होने पर एक वारंटी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया है। एसआई श्याम लाल मय हमराह के साथ मुखबिर की सूचना पर न्यायालय से वारंट जारी होने पर वारंटी महुगढ़ गांव निवासी वेद प्रकाश तिवारी को उसके घर से गिरफ्तार कर वारंटी को न्यायालय में हाजिर कर दिया है। वारंटी किसी मामले में काफ़ी दिनों से न्यायालय में हाजिर नही हो रहा था। जिस पर न्यायालय ने वारंट जारी कर पुलिस को निर्देश दिया था की वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष हाजिर किया जाय। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायालय से वारंट जारी होने पर एक वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर वारंटी को न्यायालय में हाजिर कर दिया गया है।

### ग्राम पंचायत भवन में शराब पार्टी व डांस का वीडियो वायरल

**राजगढ़ (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** विकासखंड पटेहरा कला गांव के ग्राम पंचायत के हिनौता गांव का एक वीडियो सामने आया है जिसमें फिल्मी गानों पर हाथों में शराब की बोतल दिए ग्राम प्रधान शिक्षा मित्र जमकर ठुमके लगाते नजर आ रहे हैं। इस दौरान जश्न में ग्राम प्रधान पूर्व प्रधान और शिक्षामित्र शामिल है। मामला मड़िहान तहसील क्षेत्र के विकासखंड पटेहरा कला के हिनौता गांव स्थित पंचायत भवन का है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत भवन गांव के विकास और आम बैठकों के लिए बना है लेकिन ग्राम प्रधान और उनकी टीम के लिए मौज मस्ती अड्डा बना हुआ है। यह केवल सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाता है बल्कि पंचायत व्यवस्था की गरिमा को ठेस पहुंच रहा है। गांव में विकास कार्य दिखाई नहीं देते हैं और ग्रामीण ब्लॉकों का चक्कर लगाने को मजबूर हो गए हैं। लेकिन इस कृत्य से गांव में भारी रोष व्याप्त है। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी राजीव शर्मा से बात हुई तो उन्होंने कहा कि इसके खिलाफनियमानुसार वीडियो की जांच कर कर दोषियों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी। वीडियो में साफदेखा जा सकता है कि पंचायत भवन के अंदर कुर्सियों पर बैठकर शराब पी जा रही है। उसके बाद गाने पर ठुमके लगाए जा रहे हैं। जो की शर्मनाक है। जब ग्राम प्रधान और शिक्षा मित्र ऐसे कृत्य कर रहे हैं तो आम जनता पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा।

## ततैया के हमले से किशोर की मौत

**गेहूं पिसवाने गए वसीम पर ततैया के झुंड ने किया हमला बच्चे ने चीखते-चीखते तोड़ा दम**



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** कोल्हुई थाना क्षेत्र के सेमरहवा उर्फ जमुहनियां गांव में शनिवार को दर्दनाक घटना हुई। गांव के तौलन का 13 वर्षीय बेटा वसीम गेहूं पिसवाने बेलवां चौराहे गया था। लौटते वक्त कुछ स्कूली बच्चे उसके साथ हो लिए। रास्ते में किसी बच्चे ने हड्डों के छत्ते पर ईंट मार दी। छत्ता टूटते ही हड्डे भड़क गए और बच्चों पर हमला कर दिया। बाकी बच्चे भाग निकले लेकिन वसीम हड्डों के झुंड में फंस गया। हड्डों के झुंड ने वसीम को घेरकर डंक मारने शुरू कर दिए। वह दर्द से चीखता-चिल्लाता रहा लेकिन कोई भी उसकी मदद के लिए आगे नहीं बढ़ा। कुछ देर बाद वह अचेत होकर जमीन पर गिर गया, तब जाकर हड्डों ने उसे छोड़ा। इसी बीच किसी ने घटना की सूचना वसीम के घरवालों को दी।

**अस्पताल ले जाते-ले जाते बुझ गई सांसें:-** परिजन मौके पर पहुंचे तो वसीम बेसुध पड़ा था। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लक्ष्मीपुर ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां शनिवार रात इलाज के दौरान वसीम ने दम तोड़ दिया। 13 साल के मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। गांव के लोग भी स्तब्ध हैं कि हड्डों के डंक से एक बच्चे की जान चली गई। पूरे इलाके में मातम का माहौल है।

## सेमरा कला में संचालित सोसाइटी पुनः बबुरा कला में संचालित करने की मांग

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

हलिया विकास खंड के ग्राम बबुरा खोदाईपुर, रघुनाथ सिंह, बबुरा कला और आस पास के किसानों एवं क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों की मांग जिलाधिकारी मिर्ज़ापुर पवन कुमार गंगवार और सहकारिता विभाग मिर्ज़ापुर उत्तर प्रदेश से यह है कि न्याय पंचायत बबुरा कला के नाम से सहकारिता विभाग द्वारा किसानों के हितार्थ सोसाइटी संचालित की जा रही है। वह सोसाइटी बबुरा कला में संचालित कराई जाय जो कि वर्तमान में ग्राम सेमरा कला में संचालित है इस मांग में भारतीय किसान समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप दूबे, ग्राम प्रधान मड़वा धनावल रमेश सिंह, ग्राम प्रधान फरजाना वेगम, चन्द्रगढ मुडेल के ग्राम प्रधान सियाराम मिश्र न्याय पंचायत बबुरा कला, ग्राम प्रधान उपासना सिंह ग्राम बबुरा रघुनाथ सिंह के साथ क्षेत्रीय किसानों की मांग है। पूर्व में किसी कारणवश अधिकारियों के निर्देश पर अभी तक यह सोसाइटी सेमरा कला में संचालित होती चली आ रहीं हैं। भारतीय किसान समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष से वार्तालाप करने पर उन्होंने बताया कि किसानों को सेमरा कला में संचालित सोसाइटी से समय पर खाद बीज इत्यादि ले आने में कठिनाइयो का सामना करना पड़ता है तथा अत्यधिक भीड़ हो जाने के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सोसाइटी सचिव से वार्तालाप करने पर उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ही सोसाइटी सेमरा कला में संचालित होती चली आ रही है। एक स्थान पर सोसाइटी संचालित होने से अत्यधिक भीड़ हो जाती है तथा उच्चाधिकारियों के निर्देश और क्रियान्वयन से सभी किसानों को खाद और बीज उपलब्ध कराया जाता है। स्टाक को हमेशा मेनटेन रखा जाता है तथा स्टाक में कमी होने पर त्वरित उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर खाद मगा ली जाती है। सरकार के द्वारा निर्धारित रेट और तय मानक पर ही खाद एवं बीज किसानों को दिया जाता है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच कोटा चयन के लिए महिला समूहों ने भरा आवेदन, ग्रामीणों की उमड़ी भारी भीड़

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड के दारानगर गांव में कड़ी सुरक्षा के बीच कोटा चयन के लिए महिला समूह द्वारा आवेदन भरे गए जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग कराई गई साथ ही समूह के अध्यक्षों से यह कहा गया कि यह कोटा किसी एक का नहीं होगा बल्कि पूरे समूह का होगा यदि इसमें किसी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो उक्त समूह का कोटा निरस्त कर दिया जाएगा। साथ ही यह भी कहा गया कि मंगलवार दोपहर तक जिन समूहों ने अपने आवेदन भरे हैं। उनके सभी कागजात एवं रजिस्टर ब्लॉक कार्यालय पर जमा करें जिससे कोटा चयन करने में सुविधा हो और जल्द से जल्द कोटा चयन हो जाए।

दोपहर में एडियो पंचायत कृष्ण उपाध्याय और एडियो आईएसबी जैनेंद्र राव की अध्यक्षता एवं थाना अध्यक्ष मड़िहान बालमुकुंद मिश्रा की देखरेख में कार्रवाई शुरू हुई जिसमें पुरुषों को इस प्रक्रिया से पूरी तरह दूर रखा गया। दारानगर गांव में कुल 16 महिला स्वयं सहायता समूह है जिसमें से चार समूह दुर्गा, राधा, गुलाब एवं कृष्ण महिला स्वयं सहायता समूह ने इस प्रक्रिया में भाग लिया और अपने-अपने लेनदेन के रजिस्टर और आधार कार्ड चुनाव अधिकारी को देकर आवेदन पत्र को भरा।

कुछ महिलाएं अपना आधार कार्ड नहीं लाई थी जिस पर चुनाव अधिकारी ने कहा कि सभी लोग जो कागजात नहीं जमा कर पा रही हैं। वह सोमवार दोपहर तक ब्लॉक कार्यालय पर जमा कर दें जिससे सभी कागजात मिर्जापुर राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अधिकारी के यहां भेजा जा सके जिसका रिकॉर्ड अच्छा होगा उस समूह को कोटा संचालन के लिए दिया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की कोई धांधली नहीं होगी। इसको कोई भी व्यक्ति देख सकता है। साथ ही यह भी कहा गया की कोटा संचालन के लिए हाई स्कूल पास होना जरूरी है। इसलिए समूह के लोग हाई स्कूल पास का प्रमाण पत्र भी जमा करें।

इसके पहले 20 अगस्त को बीओ पीआरडी अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई थी जिसमें ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया था इसलिए इसकी पुनरावृत्ति पुनः न हो इसके लिए ग्राम प्रधान ने पहले से ही प्रशासन को सूचित कर दिया था। बिना किसी बाधा के बैठक पूर्ण हो इसलिए मड़िहान थाना अध्यक्ष अपने स्टाफ एवं पीएसी बल के साथ उपस्थित रहे जिसके कारण किसी भी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न नहीं हुई।

इस मौके पर एडियो ए जी संतोष कुशवाहा एडियो समाज कल्याण राकेश यादव ग्राम पंचायत अधिकारी नसीरुद्दीन ग्राम प्रधान सोनू कुमार के अलावा अन्य ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

## महंगाई, बेरोजगारी से आमजन परेशान : गणेश शंकर

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



फरेन्दा विधानसभा क्षेत्र के समय माता लेहड़ा मंदिर पर समाजवादी पार्टी के पीडीए संगठन की बैठक आयोजित की गई बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य गणेश शंकर पांडेय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक विनोद मणि ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधान परिषद सदस्य गणेश शंकर पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई ,भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है जिसे रोकने वाला कोई नहीं है आम जन परेशान और बेहाल हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा के नीतियों को समझ गई है और आने वाले चुनाव में अब समाजवादी पार्टी को अपना समर्थन देकर पीडीए की सरकार का गठन करायेगी । बैठक को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व विधायक विनोद मणि ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश में थाने व तहसीलों को बेचा जा रहा है आम गरीबों एवं असहाऐ की सुनवाई बिना पैसा लिए नहीं किया जा रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि वर्तमान सरकार में खाद की कील्लत है किसान रात्रि से ही लाइन लगाकर कई कई दिनों बाद खाद महंगी दाम पर प्राप्त कर रहा है। उन्होंने फरेन्दा तहसील को सूखाग्रस्त घोषित करने का मांग किया। बैठक को सपा नेता अमित चौबे विजय बहादुर चौधरी सरजू यादव ने भी संबोधित किया। बैठक में कैलाश यादव, अरविंद यादव, पप्पू यादव ,जितेंद्र यादव, संतराम यादव, दिलीप तिवारी, उमेश उपाध्याय, बाबर अहमद अंसारी, राजू खान सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वायरल फीवर के साथ नया संक्रमण शुरू

- मरीजों के मुंह में छाले, खाना-पीना मुश्किल, डॉक्टरों ने दी नमक पानी से गरारे करने की सलाह

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिले में वायरल फीवर के साथ हर्पीज़ सिम्प्लेक्स वायरस का प्रकोप बढ़ गया है। जिला अस्पताल की ओपीडी में सोमवार को 887 मरीजों का इलाज किया गया। इनमें सबसे ज्यादा वायरल फीवर के मरीज थे।

नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिरुद्ध के अनुसार, यह माउथ हर्पीज सिम्प्लेक्स की समस्या है। यह एचएसवी वायरस से होता है। यह उन लोगों को होता है जो पहले से किसी संक्रमण की चपेट में हैं। मरीजों के मुंह के अंदर छाले हो रहे हैं। ये छाले गले, जीभ और आहार नली के आसपास दिख रहे हैं। छालों का दर्द इतना तेज है कि मरीज मुंह खोलने में भी परेशानी महसूस कर रहे हैं। शनिवार को ऐसे 16 मरीज अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने मरीजों को नमक पानी या फिटकिरी वाले पानी से गरारा करने की सलाह दी है। गंभीर मरीजों को लिक्विड बेटाडीन से गरारा करने को कहा गया है। अगर शुरुआत में ही ध्यान दिया जाए तो यह समस्या 1-2 दिन में ठीक हो जाती है। लेकिन लापरवाही से छाले फूटकर घाव बन जाते हैं। ऐसे मरीजों को एंटीबायोटिक के साथ लिक्विड बेटाडीन से गरारा करने पर 3-4 दिन में आराम मिलता है।

## पूर्व सभासद के निधन पर शोक

**समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।**

**महाराजगंज।** नगर पंचायत आनंदनगर के वार्ड नंबर 9 की पूर्व सभासद उषा चौरसिया का गंभीर बीमारी के कारण निधन हो गया है उनके निधन की सूचना मिलते ही उपनगर आनंद नगर में शोक की लहर दौड़ गई। जनप्रतिनिधियों सहित तमाम समाजसेवी एवं गणमान्य लोगों ने उषा चौरसिया के आवास पर पहुंच कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त किया।

पूर्व सभासद अशोक चौरसिया की पत्नी एवं सभासद ऋषि चौरसिया की मां रही पूर्व सभासद उषा चौरसिया का निधन गंभीर बीमारी के कारण आज रविवार के सुबह उनके आवास पर हो गया है उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे उपनगर में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व सभासद उषा चौरसिया वर्ष दो हजार से 2005 तक नगर पंचायत आनंद नगर की वार्ड नंबर 9 की सभासद रही। इसके पूर्व उनके पति अशोक चौरसिया वर्ष 1990 से वर्ष 2000 तक नगर पंचायत आनंदनगर के वार्ड नंबर 8 के सभासद पद का नेतृत्व किया। वर्तमान में उनके पुत्र ऋषि चौरसिया नगर पंचायत आनंदनगर के वार्ड नंबर 14 से सभासद है।

उक्त परिवार की लोकप्रियता काफी अधिक है एक परिवार से तीन-तीन लोग लगातार नगर पंचायत आनंद नगर के विभिन्न वार्डों से सभासद का चुनाव जीतते आ रहे हैं जो अपने आप में काफी लोकप्रियता को दर्शाता है। पूर्व सभासद उषा चौरसिया के निधन की समाचार मिलते ही नगर पंचायत आनंद नगर में शोकाकुल है। मृत्यु की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उनके आवास पर पहुंच कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त किया।

पूर्व सभासद ऊषा देवी का दाह संस्कार करमैनी घाट पर उनके पति पूर्व सभासद अशोक चौरसिया द्वारा कर्मकांड विधि से किया गया इस दौरान पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रकाश सिंह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश जायसवाल पूर्व अध्यक्ष विनोद गुप्ता पूर्व मंत्री श्याम नारायण तिवारी के पी आर ओ स्टेनली खान, परमात्मा अग्रहरि,वरिष्ठ पत्रकार सुधैश मोहन श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव त्रिपाठी,पूर्व प्रधानाचार्य मेजर सूबेदार यादव पूर्व सभासद देवी शरण दूबे, रवि श्रीवास्तव सपा के वरिष्ठ नेता बेचन निषाद, डा. रामनारायण चौरसिया, अमित चौबे, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, जर्नलिस्ट प्रेस क्लब तहसील इकाई फरेंदा के अध्यक्ष अमृत पांडेय, सभासद मनोज जायसवाल मोनू पांडेय अजय किशोर श्रीवास्तव , असगर अली, नंदू पासवान सहित जबड़ी संख्या में लोग शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और दो मिनट मौन रहकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया कि इस दुःख की घड़ी में परिजन को हो रही असहनीय पीडा सहने की शक्ति दे।

## भाजपा ने महराजगंज में व्यापारिक प्रकोष्ठ को किया मजबूत

- राकेश जिला संयोजक व मणिकांत सह संयोजक नियुक्त

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** भाजपा ने महराजगंज जिले में संगठन को मजबूत बनाने के लिए व्यापारिक प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियां की हैं। जिला अध्यक्ष अशोक पांडेय उर्फ संजय पांडेय ने राकेश कुमार गुप्ता को जिला संयोजक और मणिकांत द्विवेदी को सह संयोजक नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष पांडेय ने कहा कि व्यापारी समाज भाजपा का मजबूत स्तंभ है। व्यापारिक प्रकोष्ठ की भूमिका सरकारी योजनाओं का लाभ व्यापारियों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण है। साथ ही यह व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करने और उन्हें संगठन से जोड़ने का काम करेगा। नवनियुक्त संयोजक राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि वे पार्टी के भरोसे पर खरे उतरेंगे। उनका मुख्य लक्ष्य व्यापारियों की समस्याओं को सरकार और संगठन तक पहुंचाना है। साथ ही व्यापारियों को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से जोड़ना है। नई नियुक्तियों पर जिला प्रभारी रामजियावन मौर्य, पिछड़ा आयोग सदस्य जनार्दन गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष परदेशी रविदास, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल और पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह समेत कई नेताओं ने बधाई दी है।

### समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि 10 सितंबर

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में समर्थ पोर्टल पर स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि 10 सितंबर 2025 है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. माधवी शुक्ला ने बताया कि मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मिर्जापुर के निर्देशानुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र - छात्राएं 10 सितंबर 2025 तक समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें।

## आठ युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों की बहाली का सिलसिला जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 1,112 कनिष्ठ सहायक और 22 एक्सरे टेक्नीशियन को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिले के 8 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस दौरान मुख्यमंत्री का कार्यक्रम लाइव प्रसारित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी और जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

जिले से चयनित होने वाले अभ्यर्थियों में सच्चिदानंद पांडेय, संतोष कुमार मौर्या, आंशिक मोदनवाल, माधव प्रसाद गुप्ता, मिथिलेश यादव, विनय कुमार, गरिमा सिंह और उपेंद्र गौण शामिल हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य चिकित्साधिकारी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने नवनियुक्त कर्मचारियों से निष्ठापूर्वक काम करने का आग्रह किया। फरेंदा विधायक ने कहा कि नौकरी प्राप्ति एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और आग्रह किया।

फरेंदा विधायक ने कहा कि नौकरी प्राप्ति एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और विभाग की छवि को बेहतर बनाने में योगदान करें। जिलाधिकारी ने सभी को बधाई देते हुए स्वास्थ्य विभाग में बेहतर काम करने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ राकेश कुमार द्विवेदी, डीपीएम नीरज सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा कड़ी, बैंकों में सीसीटीवी व अलार्म की हुई जांच

**समृद्धि न्यूज, महाराजगंज।**

त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक और वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने बैंकों और एटीएम में सुरक्षा का जायजा लिया। सीसीटीवी कैमरे और अलार्म सिस्टम की जांच की गई। फायर सेफ्टी उपकरणों की कार्यक्षमता भी परखी गई। सुरक्षा गार्डों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

वाहनों की चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। पुलिस ने लोगों को साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूक किया। उन्हें बैंक से जुड़ी जानकारी किसी से साझा न करने की सलाह दी गई।

**संदिग्ध वाहनों की चेकिंग**



महराजगंज में आने वाले त्योहारों को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बैंक और वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने बैंकों और एटीएम में सुरक्षा का जायजा लिया। सीसीटीवी कैमरे और अलार्म सिस्टम की जांच की गई। फायर सेफ्टी उपकरणों की कार्यक्षमता भी परखी गई। सुरक्षा गार्डों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। वाहनों की चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। पुलिस ने लोगों को साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूक किया। उन्हें बैंक से जुड़ी जानकारी किसी से साझा न करने की सलाह दी गई। वाहन चालकों को सुरक्षा नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने को कहा गया। नशे की हालत में वाहन न चलाने की चेतावनी भी दी गई।